# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शुक्रवार, 17 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 10, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## शेयर बाजार रहा स्थिर

भू-राजनीतिक तनाव के बीच शेयरों में मुनाफा वसूली का जोर रहने से स्थानीय शेयर बाजार अपनी तेजी को बरकरार नहीं रख पाया और स्थिर स्तर पर बंद हुआ। } 10

## आज पंजाब को 5470 करोड़ की सौगात देंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई को पंजाब के दौरे पर 5,470 करोड़ रुपये की रेल और सड़क अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। } 12



## चढ़ावा चोरी मामला : एसआईटी आज सौंप सकती है जांच रिपोर्ट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले की जांच कर रहा विशेष जांच दल (एसआईटी) अगले 24 घंटों के भीतर अंतिम रिपोर्ट सौंप सकता है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर मंदिर के प्रशासन और चढ़ावे की गणना प्रणाली में व्यापक बदलाव किए जा सकते हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश सरकार ने 13 जून को तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। जांच पूरी करने के लिए दल को शुरुआत में 15 दिन का समय दिया गया था हालांकि बाद में एक जुलाई को इसका कार्यकाल 15 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था।

मामले से परिचित एक सूत्र ने बताया हमें उम्मीद है कि रिपोर्ट जल्द मिल जाएगी। यह शाम तक या अधिकतम अगले 24 घंटों में सरकार को सौंप दी जाएगी। सूत्र ने संकेत दिया कि एसआईटी के कार्यकाल में एक और विस्तार होने की संभावना नहीं है। अंतिम रिपोर्ट को महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि उसकी सिफारिशों पर मंदिर ट्रस्ट विस्तार से विचार करेगा। माना जा रहा है कि इन्हीं के आधार पर मंदिर के प्रबंधन तथा दान की गणना और प्रबंधन प्रणाली में बड़े सुधार किए जा सकते हैं। ट्रस्ट की अगली बैठक 22 जुलाई को अयोध्या में प्रस्तावित है। ट्रस्ट के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पूरे देश में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

एजेंसी

पुरी। ओडिशा के पुरी में नौ दिनों तक चलने वाली वार्षिक रथ यात्रा की शुरुआत लगातार बारिश और लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में पहंडी की रस्म के साथ हुई। पहंडी की रस्म में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और उनकी बहन देवी सुभद्रा के विग्रहों को 12वीं सदी के पुरी मंदिर से रथों तक ले जाया जाता है। घंटियों, शंख और झांझ की ध्वनि के बीच, चक्रराज सुदर्शन को सबसे पहले मुख्य मंदिर से बाहर लाया गया और देवी सुभद्रा के दर्पदलन रथ पर विराजमान किया गया।

पंडित सूर्यनारायण रथशर्मा ने बताया कि श्री सुदर्शन भगवान विष्णु का अस्त्र है, जिनकी पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ के रूप में की जाती है। उन्होंने बताया कि भगवान जगन्नाथ



के बड़े भाई भगवान बलभद्र के विग्रह को भी उनके तालध्वज रथ पर स्थापित किया गया। सेवादारों द्वारा शून्य पहंडी (रथ तक ले जाते समय देवी सुभद्रा के विग्रह का मुख आकाश की ओर होता है) शैली में भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र की बहन देवी सुभद्रा के विग्रह को उनके रथ तक ले लाया गया। अंत में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ के विग्रह को मंदिर से बाहर लाया गया, तो बड़ा डंडा (रथमार्ग) पर भक्तों की भावनाएं उमड़ पड़ीं। उन्होंने अपने हाथ उठाकर और जय जगन्नाथ का जयघोष कर महाप्रभु के रथ पर विराजमान होने का जश्न मनाया। ओडिसी नर्तकों, लोक कलाकारों और सांस्कृतिक दलों ने कालिया ठाकुर के सामने प्रस्तुति दी। पहंडी अनुष्ठान में तीनों देव विग्रहों को एक औपचारिक जुलूस के साथ उनके संबंधित रथों ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## आज देश को मिलेगी पहली हाइड्रोजन ट्रेन

चंडीगढ़। भारत में हाइड्रोजन से चलने वाली पहली ट्रेन बहु-आयामी सुरक्षा प्रणाली से लैस है, जो हाइड्रोजन रिसाव, गर्मी, आग की लपटों और धुएं का पता लगाने में सक्षम हैं। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर हाइड्रोजन ट्रेन को रवाना करेंगे। ट्रेन जींद और सोनीपत रेलवे स्टेशन के बीच चलेगी। पारंपरिक इलेक्ट्रिक ट्रेन के मुकाबले यह ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से चलती है, जो ट्रेन को आगे बढ़ाने के लिए हाइड्रोजन को बिजली में बदलती है। इस प्रक्रिया में अवशेष के तौर पर सिर्फ जल-वाष्प निकलती है, जिसके दौरान कार्बन का उत्सर्जन बिल्कुल नहीं होता है। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एक तरह से, यह ट्रेन अपनी ऊर्जा खुद पैदा करती है, ठीक वैसे ही जैसे पहले भाप और डीजल इंजन करते थे। हालांकि, कोयले या डीजल जैसे पारंपरिक ईंधन को जलाने के बजाय, यह ट्रेन हवा से ऑक्सीजन लेकर बिजली बनाती है।

## कैंटर ने जीप को रौंदा, तीन की मौत

बरेली। जिले में बृहस्पतिवार को ऑक्सीजन सिलेंडर से भरे एक कैंटर और एक जीप की आमने-सामने की टक्कर में पंजाब के रहने वाले तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि नवाबगंज थाना क्षेत्र में बरेली-पीलीभीत राजमार्ग पर निर्माणाधीन वन-वे रास्ते पर ऑक्सीजन सिलेंडर से भरे कैंटर और सामने से आ रही एक जीप की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जीप के परखच्चे उड़ गए। हादसे में पंजाब के फतेहगढ़ निवासी हरजीत सिंह (60) और भूपेंद्र कौर (62) तथा लुधियाना निवासी संतोष सिंह (65) की मौके पर ही मौत हो गई।

# रोबोटिक्स, एआई, डीप टेक का केन्द्र बनेगा यूपी

## यू हब बनेगा अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप और उद्योग के समन्वय का उत्कृष्टता केंद्र, लखनऊ और नोएडा में होंगे दो केंद्र

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों का राष्ट्रीय नेतृत्वकर्ता बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि नोएडा में विकसित होने वाली 'प्रगति' परियोजना प्रदेश को विश्वस्तरीय रोबोटिक्स एवं एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग का आधार प्रदान करेगी, जबकि लखनऊ और नोएडा में स्थापित किए जा रहे यू हब अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप, उद्योग, निवेशकों और शिक्षण संस्थानों को एक मंच पर जोड़ते हुए डीप टेक नवाचार के प्रमुख केंद्र बनेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को नई तकनीकों का केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि अनुसंधान, नवाचार और उच्च प्रौद्योगिकी आधारित विनिर्माण



का वैश्विक केंद्र बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स आने वाली औद्योगिक क्रांति के प्रमुख आधार हैं। इसलिए एक ओर विश्वस्तरीय विनिर्माण अवसंरचना विकसित की जाए तो दूसरी ओर अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाला मजबूत डीप टेक इकोसिस्टम तैयार किया जाए। उद्योग, शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों, स्टार्टअप, निवेशकों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जहां नई तकनीकें तेजी से प्रयोगशाला से उद्योग तक पहुंच सकें और उत्तर प्रदेश वैश्विक प्रौद्योगिकी निवेश का प्रमुख केंद्र बनकर उभरे। बैठक में बताया गया कि इसी उद्देश्य से नोएडा में लगभग 75 एकड़ क्षेत्रफल में 'प्रगति' अर्थात 'पार्क फॉर रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जीपीयू क्लस्टर्स एंड एडवांस्ड टेक्निकल इनोवेशन' विकसित किया जाएगा। यह भारत का पहला एकीकृत रोबोटिक्स एवं एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर होगा, जहां रोबोटिक्स परीक्षण एवं प्रमाणन केंद्र, रैपिड प्रोटोटाइपिंग एवं विनिर्माण सुविधा, एआई कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर, मोशन कैप्चर लैब, फिजिकल एआई डेटा सेंटर, स्टार्टअप इनक्यूबेशन तथा को वर्किंग स्पेस जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही वैश्विक विनिर्माण कंपनियों, कंपोनेंट निमार्ताओं, अनुसंधान एवं विकास केंद्रों तथा विशेषीकृत सेवा प्रदाताओं का समग्र औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र भी विकसित किया जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी, जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, रक्षा औद्योगिक गलियारा तथा मजबूत औद्योगिक एवं शैक्षणिक आधार के कारण नोएडा इस परियोजना के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थान है। परियोजना का उद्देश्य प्रदेश को रोबोटिक्स एवं उच्च प्रौद्योगिकी आधारित विनिर्माण का राष्ट्रीय केंद्र बनाना, आयात पर निर्भरता कम करना, एक लाख से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करना तथा अगले पांच वर्षों में लगभग दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का सकल मूल्य संवर्धन सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित यू हब को केवल स्टार्टअप के लिए कार्यस्थल नहीं, बल्कि अनुसंधान, नवाचार, उद्योग, निवेश, शिक्षण संस्थानों और प्रतिभाओं को जोड़ने वाले विश्वस्तरीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसा सशक्त मंच तैयार किया जाए, जहां शोध प्रयोगशालाओं में विकसित तकनीकों का व्यावसायीकरण हो, नवाचार को निवेश मिले ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आतंकी वित्तपोषण के चलते यूपी समेत चार राज्यों में ईडी के छापे

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आतंकवाद के वित्तपोषण और अवैध घुसपैठ नेटवर्क से जुड़े धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश सहित चार राज्य के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि संघीय एजेंसी के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और पश्चिम बंगाल के करीब 13 ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ईडी का यह धनशोधन मामला 2024 में उत्तर प्रदेश आतंकवाद रोधी दस्ते (यूपी-एटीएस) की उस प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें एक ऐसे संगठित गिरोह का जिक्र है जो कथित तौर पर रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में घुसपैठ कराने, उनके लिए जाली भारतीय पहचान दस्तावेज बनवाने और देश के अलग-अलग हिस्सों में उन्हें बसाने में मदद करने में संलिप्त था। उन्होंने बताया कि एटीएस की जांच में एक जटिल वित्तीय नेटवर्क ...शेष पृष्ठ 10 पर

## धामी ने हरेला पर्व पर दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

### विरासत और तीर्थ सुविधाओं का संतुलित विकास सरकार की प्राथमिकता

प्रमुख संवाददाता

अल्मोड़ा (उत्तराखंड)। हरेला पर्व के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को अल्मोड़ा जिले के प्राचीन शिव धाम वृद्ध जागेश्वर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विशेष रुद्राभिषेक एवं पूजा-अर्चना की।

उन्होंने प्रदेश में सुख-शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और जनकल्याण की कामना करते हुए देवाधिदेव महादेव से उत्तराखंड के निरंतर विकास का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में मौजूद कन्याओं को प्रसाद वितरित कर उनका सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री ने हरेला पर्व की शुभकामनाएं देते हुए



कहा कि उत्तराखंड की पहचान उसकी प्राकृतिक संपदा और आध्यात्मिक परंपरा से है। हरेला पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जो हमें पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से पौधरोपण को जनआंदोलन बनाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित उत्तराखंड के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देवदार के घने जंगलों के बीच ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जौहर विश्वविद्यालय से गुजरने वाली सड़क आम रास्ता घोषित

रामपुर। उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग ने रामपुर में समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय परिसर से गुजरने वाली मुख्य सड़क को सार्वजनिक सड़क घोषित कर दिया है और विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर साइन बोर्ड लगा दिया है कि यह सड़क आम जनता के आवागमन के लिए खुली है।

यह तीन किलोमीटर लंबी, चार लेन वाली सीमेंट-कंक्रीट सड़क है, जिसका निर्माण अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी सरकार के कार्यकाल में 2016-17 में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने लगभग 17.16 करोड़ रुपये की लागत से कराया था। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि सड़क विश्वविद्यालय के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ईरान में अमेरिका के हमले और तेज

### होर्मुज में नाकेबंदी का उल्लंघन करने वाले जहाजों को बनाया निशाना

एजेंसी

दुबई। अमेरिका ने बृहस्पतिवार तड़के ईरान पर हमले तेज करते हुए उत्तरी क्षेत्र को ज्यादा निशाना बनाया। वहीं ईरान ने पलटवार करते हुए तड़के पश्चिम एशिया में अमेरिका के सहयोगी देशों को निशाना बनाकर मिसाइल व ड्रोन हमले किए और चेतावनी दी कि उसके हमले तेज हो सकते हैं।

अमेरिकी बलों ने ईरान पर लगाई गई नौसैनिक नाकेबंदी के उल्लंघन की कोशिश करने के लिए एक जहाज पर गोलीबारी भी की। अमेरिका और ईरान के बीच कई दिन से जारी हमलों और जवाबी हमलों तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर दी गई धमकियों ने युद्ध को खत्म करने के लिए हुए अंतरिम समझौते को लगभग खत्म



कर दिया है। इससे पूरे क्षेत्र में फिर से व्यापक युद्ध छिड़ने का खतरा बढ़ गया है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी हमलों में अब तक 35 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इस बार के संघर्ष में पहली बार ईरान की राजधानी तेहरान के आसपास के इलाकों में भी हमले हुए। इससे पता चलता है कि अमेरिका अब पहले से अधिक स्थानों को निशाना बना रहा है। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू किया था, जिसके बाद तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग... शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- समृद्धि, कपि, ऊर्जा व समरस वन होगा स्थापित (पृष्ठ-02)
- 10,283 युवाओं को मिला रोजगार (पृष्ठ-02)
- सोने का भाव स्थिर, चांदी में 1,500 की गिरावट (पृष्ठ-10)
- जुलाई में पेट्रोल-डीजल की बिक्री में उछाल (पृष्ठ-10)
- कॉल प्रबंधन नियमों में बदलाव की तैयारी (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** बीआरओ का कार्य राष्ट्रीय सुरक्षा व विकास के लिए महत्वपूर्ण : राजनाथ

# मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर देश की ताकत का आधार

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भले ही युद्ध के बदलते स्वरूप से निपटने के लिए सशस्त्र बलों में आधुनिक हथियार और अन्य उपकरण शामिल किए जा रहे हैं, लेकिन भविष्य में भी बंदरगाह, सड़क और सुरंग जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे अपरिहार्य भूमिका निभाते रहेंगे।

सिंह ने यहां सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के रणनीतिक अवसंरचना सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भले ही युद्धकला की बदलती प्रकृति से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए रक्षा बलों में अत्याधुनिक हथियार और उपकरण




शामिल किए जा रहे हैं, फिर भी बंदरगाह, हवाई अड्डे, सड़कें और सुरंगें भविष्य में अपरिहार्य भूमिका निभाती रहेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यद्यपि युद्ध का परिणाम बहुत हद तक सैन्य शक्ति, सटीक क्षमताओं और आधुनिक प्रौद्योगिकियों द्वारा निर्धारित होता है, फिर भी बुनियादी ढांचा सैन्य अभियानों को सक्षम बनाने के लिए अत्यधिक महत्व रखता है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा आयोजित रणनीतिक अवसंरचना सम्मेलन में अपने संबोधन में उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यद्यपि युद्ध का नतीजा मुख्य रूप से सैन्य ताकत, सटीक हमले की क्षमता और आधुनिक तकनीकों से तय होता है, लेकिन सैन्य अभियानों को संभव बनाने के लिए बुनियादी ढांचा बहुत जरूरी है।

सिंह ने कहा कभी-कभी युद्ध का पहला मोर्चा सीमा पर नहीं, बल्कि उस सड़क पर होता है, जो हमारे सैनिकों को अग्रिम मोर्चे तक ले जाती है। इसलिए, जो व्यक्ति वह सड़क बनाता है, वह भी राष्ट्रीय सुरक्षा का उतना ही महत्वपूर्ण रक्षक होता है, जितना कि सीमा पर तैनात सैनिक। उन्होंने मजबूत बुनियादी ढांचा बनाने के लिए खास तकनीकों को ...शेष पृष्ठ 10 पर

## लातूर कोचिंग के मालिक ने नीट पेपर के लिए दिये थे पांच लाख

एजेंसी

नयी दिल्ली। लातूर में कोचिंग संस्थान चलाने वाले शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) में रसायन विषय के प्रश्नों को प्राप्त करने के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने वाली टीम में शामिल पीवी कुलकर्णी को पांच लाख रुपये का भुगतान किया था। नीट प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच कर रही सीबीआई ने यह दावा किया।

- सीबीआई ने दी जांच रिपोर्ट में जानकारी

एजेंसी पहले ही इस मामले में मोटेगांवकर को गिरफ्तार कर चुकी है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को आरोप लगाया कि मोटेगांवकर का बेटा कुलकर्णी की कोचिंग में पढ़ाई करता था, जहां नीट के प्रश्न लीक किये जाते थे। सीबीआई ने मोटेगांवकर की जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि उसने मामले के सह-आरोपियों के साथ मिलकर परीक्षा से पहले नीट-स्नातक के रसायनशास्त्र के लीक हुए सवाल हासिल किए और इसके लिए पांच लाख रुपये का भुगतान किया। एजेंसी ने बताया कि मोटेगांवकर ने कुलकर्णी की रसायनशास्त्र की कक्षा में बताए गए सवालों के आधार पर हाथ से लिखे नोट्स तैयार किए थे।

# समृद्धि, कपि, ऊर्जा और समरस वन स्थापित करेगा वन विभाग

## गुरु पूर्णिमा से पहले प्रदेश में स्थापित किए जायेंगे कई विशिष्ट वन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पौधरोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत वन विभाग कई विशिष्ट वन स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में आषाढ़ मास यानी गुरुपूर्णिमा (29 जुलाई) से पहले कई विशिष्ट वन स्थापित करेगा। 18 जुलाई से 27 जुलाई के मध्य पूरे प्रदेश में कई विशिष्ट वन स्थापित किए जाएंगे। 18 जुलाई को समृद्धि वन, 21 जुलाई को कपि वन, 23 जुलाई को ऊर्जा वन और 27 जुलाई को समरस वन स्थापित कर एक पेड़ मां के नाम लगाए जाएंगे।

18 जुलाई को समृद्धि वन स्थापित किया जाएगा। प्रत्येक विकास खंड में इसकी स्थापना होगी। समृद्धि वन लगाने का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि वानिकी- कार्बन क्रेडिट का अतिरिक्त लाभ दिलाना है। साथ ही अतिरिक्त आय के दृष्टिगत किसानों को समुचित प्रोत्साहन देना है। प्रत्येक जनपद में कृषि भूमि पर न्यूनतम एक स्थल इसके लिए चिह्नित किया गया है। इस वन की स्थापना में कृषि विभाग की भी सक्रिय सहभागिता रहेगी। यह वन न्यूनतम एक हेक्टेयर में बसाया जाएगा। प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों, पालिकाओं व पंचायतों के अंतर्गत 21 जुलाई को महत्वपूर्ण स्थल पर कपि वन स्थापित होगा। इस वन का उद्देश्य विभिन्न शहरों में मानव-वानर द्वंद्व के न्यूनीकरण के दृष्टिगत शहर की आबादी के बाहर फलदार प्रजातियों का रोपण करना है। कपि वन भी न्यूनतम एक हेक्टेयर में स्थापित होगा। इसमें बड़हल, आम, जामुन, अमरूद, बेल, गुलर, कटहल, बेर, शहतूत, पीपल, अंजीर प्रजाति के पौधे लगेंगे। 23 जुलाई को प्रत्येक विकास खंड में ऊर्जा वन की स्थापना होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार वनों के निकटवर्ती ग्रामीणों द्वारा औसतन प्रतिवर्ष 226 किलो जलौनी लकड़ी का उपयोग किया जाता है। इस वन के तहत वैश्विक ऊर्जा संकट के दृष्टिगत जलौनी लकड़ी की अनवरत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तीव्र गति से बढ़ने वाली प्रजाति का रोपण होगा। इसके तहत सिरस, बबूल, सुबबूल, गुटेल, पापुलर व कदंब आदि पौधों का रोपण होगा। वन विभाग इसे स्थापित करने में ग्राम्य विकास व पंचायती राज विभाग का भी सहयोग लेगा। 27 जुलाई को समस्त वन प्रभागों की देखरेख में समरस वन की स्थापना होगी। विविधता में एकता के भाव के साथ इस वन को स्थापित किया जाएगा। इसका उद्देश्य सामाजिक न्याय, समानता तथा संवैधानिक अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट कर एक स्थल पर पौधरोपण कार्यक्रम किया जाएगा। जनपद/तहसील मुख्यालय व विकास खंड में पौधरोपण व संगोष्ठी भी होगी।

इसमें समाज कल्याण विभाग की भी सक्रिय सहभागिता रहेगी। अदिति शर्मा मुख्य वन संरक्षक (प्रचार/प्रसार) ने बताया कि वन विभाग विशिष्ट वन स्थापित कर रहा है। इसके तहत आषाढ़ में चार विशिष्ट वन स्थापित होंगे। इसके लिए ग्राम्य विकास, समाज कल्याण, पंचायती राज आदि विभागों का भी सहयोग लिया जाएगा। इन वनों की स्थापना का उद्देश्य आमजन से जुड़ना है। आमजन द्वारा आमजन के सहयोग से इसे स्थापित किया जाएगा। वन विभाग इन विशिष्ट वनों की स्थापना के लिए सारी तैयारी कर चुका है।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर 10,283 युवाओं को मिला रोजगार

- 3 दिवसीय रोजगार मेला में 830 कंपनियों ने की शिरकत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को हुनरमंद और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में विश्व युवा कौशल दिवस (15 जुलाई) के अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम), डीडीयू जीकेवाई और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के संयुक्त तत्वावधान में 13 से 15 जुलाई तक तीन दिवसीय राज्यव्यापी रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया।

इस महाअभियान में प्रदेश के सभी 75 जिलों के युवाओं को शामिल किया गया। देश-विदेश की कुल 830 प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सेदारी की, जिसके माध्यम से कुल 10,283 योग्य अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों के लिए अंतिम चयन किया गया। इस उपलब्धि पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदली है। आज प्रदेश का युवा हुनर से रोजगार और स्वरोजगार पा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्किल इंडिया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन के तहत सबको हुनर, सबको काम के संकल्प को नई गति दी गई है।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में 20 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देकर 12.50 लाख को रोजगार दिलाया गया है। टाटा समूह के साथ 7000 करोड़ का सीएसआर एमओयू, 225 आईटीआई का अपग्रेडेशन, एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन, इलेक्ट्रिक व्हीकल जैसे फ्यूचरिस्टिक कोर्स और ब्लू डॉट सॉफ्टवेयर जैसी पहल से युवाओं को सीधे कंपनियों से जोड़ा जा रहा है। अभियान के पहले दिन प्रदेश के 9 जिलों - सम्भल, गोंडा, सुल्तानपुर, मऊ, फरुखाबाद, औरैया, उन्नाव, चंदौली और देवरिया में रोजगार मेले आयोजित हुए। इसमें 107 प्रमुख कंपनियों ने हिस्सा लिया और कुल 1,071 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। पहले दिन देवरिया में जबरदस्त उत्साह देखा गया, जहां रिकॉर्ड 303 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। दूसरे दिन 63 जिलों में एक साथ मेले आयोजित हुए। इस एक दिन में 689 बड़ी कंपनियों ने शिरकत की और रिकॉर्ड 8,912 अभ्यर्थियों को नौकरी मिली। इस चरण में प्रयागराज पूरे प्रदेश में शीर्ष पर रहा, जहां अकेले 22 कंपनियों ने 1,185 युवाओं का चयन किया। इसके साथ ही वाराणसी में 674 और गोरखपुर में 317 युवाओं को रोजगार मिला। विश्व युवा कौशल दिवस पर 15 जुलाई को अमेठी, पीलीभीत और इटावा समेत 3 जिलों में रोजगार मेला आयोजित हुआ। अंतिम दिन 34 कंपनियों की भागीदारी से कुल 300 युवाओं का चयन हुआ, जिसमें पीलीभीत के 138 युवा शामिल रहे। मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन पुलकित खरे ने कहा कि सबको हुनर, सबको कामद्ध के संकल्प के तहत 3 दिवसीय मेले में 10,283 युवाओं का चयन बड़ी उपलब्धि है। यूपी का युवा आज तकनीकी रूप से दक्ष और आत्मनिर्भर है। हमारा लक्ष्य हर कुशल हाथ को सही मंच और सीधा रोजगार देना है।

# भाजपा की जीत का आधार उसका सशक्त बूथ संगठन : डॉ. नीरज सिंह

## भाजपा महानगर ने विधानसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर ने आगामी विधानसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को हलवासिया कोर्ट, हजरतगंज में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य वक्ता एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह, अध्यक्षता भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की।

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि भाजपा की जीत का आधार उसका सशक्त बूथ संगठन है। बूथ स्तर तक सक्रिय, प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक ताकत हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन को और अधिक गतिशील एवं प्रभावी बनाने का अभियान है।

प्रत्येक मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री एवं बूथ पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से निर्वहन करें, ताकि सम्मेलन में अधिकतम कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि लखनऊ महानगर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ सम्मेलन की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंडल संगठन की रीढ़ है और सभी कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास से सम्मेलन संगठन की शक्ति का भव्य प्रदर्शन बनेगा। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, कार्यकताओं की जिम्मेदारियां, जनसंपर्क, व्यवस्थाओं एवं संगठनात्मक समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

साथ ही सभी मंडल अध्यक्षों एवं महामंत्रियों को सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, सुधीर हलवासिया, महानगर महामंत्री घनश्याम अग्रवाल, सत्येंद्र सिंह, विनायक पांडे, टिंकू सोनकर, सीता नेगी सहित लखनऊ महानगर के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री उपस्थित रहे।

# भूजल सप्ताह का शुभारंभ, जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने में जुटी सरकार

- 10 अतिदोहित शहरों में चलेंगे विशेष अभियान, भूजल स्तर सुधारने की नई पहल
- 'कैच द रेन' से जुड़ा यूपी का जल संरक्षण अभियान, हर बूंद बचाने का लिया संकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जल संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने के उद्देश्य से योगी सरकार ने भूजल सप्ताह-2026 का शुभारंभ किया है। 16 से 22 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान का उद्घाटन जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने गोमतीनगर स्थित लोहिया पार्क एम्फीथिएटर में किया। इस वर्ष अभियान की थीम ह्लजल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्पह्व रखी गई है।

जल शक्ति मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पेयजल, सिंचाई और उद्योगों की बड़ी जरूरतें भूजल पर निर्भर हैं, इसलिए भूजल का वैज्ञानिक प्रबंधन समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। उन्होंने बताया कि सरकार वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसी योजनाओं के माध्यम से जल संसाधनों के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार के कैच द रेन-2026 अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि जल संरक्षण को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानकर जनआंदोलन बनाना होगा। लोगों से वर्षा जल की हर बूंद बचाने, अनावश्यक भूजल दोहन रोकने, प्रतिदिन पानी बचाने और एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया गया। अभियान के तहत प्रदेश के 10 अतिदोहित शहरों में विशेष कार्यशालाएं और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि भूजल स्तर में सुधार लाया जा सके।

कार्यक्रम में ऑनलाइन भूजल क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को स्कूल ऑफ जलवीर सम्मान भी प्रदान किया गया। भूजल सप्ताह के दौरान विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी संस्थानों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से चित्रकला, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक, जल संवाद और वर्षा जल संचयन से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। 22 जुलाई को लखनऊ के भागीदारी भवन में समापन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प दोहराया जाएगा। सरकार का मानना है कि जनसहभागिता और वैज्ञानिक उपायों के माध्यम से ही भविष्य की जल चुनौतियों का प्रभावी समाधान संभव है।

# ओबीसी छात्रों के लिए वरदान बनी छात्रावास योजना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) छात्रावास योजना आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा का मजबूत सहारा बनकर उभरी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 2013 छात्र-छात्राओं ने इन छात्रावासों में रहकर अपनी शिक्षा पूरी की, जिससे उन्हें आवास और पढ़ाई से जुड़ी आर्थिक चुनौतियों से राहत मिली। प्रदेश में वर्तमान में ओबीसी वर्ग के लिए कुल 102 छात्रावास संचालित हैं। इनमें 59 छात्रावास छात्रों और 43 छात्रावास छात्राओं के लिए हैं। इन छात्रावासों में लगभग 5400 विद्यार्थियों के रहने की क्षमता उपलब्ध है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को सुरक्षित और बेहतर आवासीय सुविधा प्रदान कर उन्हें उच्च शिक्षा से जोड़ना है। राजकीय शिक्षण संस्थानों के परिसरों में बनाए गए इन छात्रावासों से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अनुकूल, सुरक्षित और अनुशासित वातावरण मिलता है। सरकार ने केवल नए छात्रावासों के निर्माण पर ही नहीं, बल्कि पुराने भवनों के रखरखाव और सुविधाओं के उन्नयन पर भी विशेष ध्यान दिया है। इसी उद्देश्य से वर्ष 2023-24 में छात्रावास अनुरक्षण योजना शुरू की गई। इसके तहत पुराने छात्रावासों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य कराया जा रहा है। कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुरक्षण के लिए चयनित 10 छात्रावासों में से 8 का मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष में कार्य जारी है। वहीं वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित छात्रावासों का सर्वे कर 8 अन्य छात्रावासों को प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत के लिए चिन्हित किया गया है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के निदेशक उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि यह योजना निर्धन छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का मजबूत आधार बन रही है। सुरक्षित आवासीय सुविधा मिलने से हजारों छात्र-छात्राएं अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और प्रदेश की विकास यात्रा में भागीदार बन रहे हैं।

# भाजपा सरकार की नीतियां किसान विरोधी : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में किसान की हालत बद-से-बदतर होती जा रही है। भाजपा की डबल इंजन सरकार की नीतियां किसान विरोधी है। किसान की आय दुगनी करने का वादा अब केवल पुराने अखबारों की रद्दी में ही कहीं ढूंढ़े मिल सकता है। किसान को अपनी फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। बढ़ती महंगाई से किसान हर तरह से हताश है। खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान करे भी क्या, उसे न तो समय से खाद, बीज, कीटनाशक मिल रहे है और नहीं सरकार कोई मदद दे रही है। भाजपा राज में अन्नदाता को आखिर अपनी जान ही देनी पड़ रही है। आगरा के फतेहाबाद में कर्ज से परेशान किसान पद्म सिंह ने आत्महत्या कर ली। मुख्यमंत्री ने वादे तो बहुत किए लेकिन किसानों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट के बहाने भाजपा सरकार का यह कहना कि खाद आयात में दिक्कत हुई है, झूठ की पराकाष्ठा है। बुवाई के सीजन से पहले खाद का स्टॉक जमा करने की जिम्मेदारी सरकार की है। समाजवादी सरकार में खाद-बीज व्यवस्था पहले की जाती थी लेकिन भाजपा सरकार समय से कुछ नहीं करती है। भाजपा सरकार की प्रशासनिक अकुशलता और अदूरदर्शिता किसानों पर भारी पड़ रही है। कीटनाशक और बीजों में मिलावट हो रही है। भाजपा सरकार को किसानों की नहीं बिचौलियों और बड़ी कंपनियों के मालिकों के हितों की चिंता रहती है। किसानों के फसलों का सही दाम नहीं मिल रहा है। सत्ता के संरक्षण में बिचौलिए मुनाफा कमा रहे हैं और किसान बदहाली के आंसू रो रहा है। एमएसपी की अनिवार्यता न होने का फायदा बड़ी कम्पनियों के एजेंट उठा लेते है। वे औने पौने दाम देकर फसल खरीद लेते हैं। किसान ठगा जा रहा है। भाजपा सरकार में किसान बेबस है। भाजपा आम जनता और किसानों का भरोसा खो चुकी है। सच तो यह है कि अब भाजपाइयों पर कोई रत्तीभर भी विश्वास नहीं करता है। जिन भाजपाईयों ने प्रभु श्रीराम को भी धोखा दे दिया, उनके आभूषण और दान-चंदा सब लूट लिया उनसे क्या उम्मीद करे। भाजपा के रवैये से किसान आक्रोशित है। 2027 में जनता किसान विरोधी भाजपा सरकार को हमेशा के लिए हटा देगी तभी किसानों के घर खुशहाली आयेगी।

# एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीद से अनाज की खरीद में बना कीर्तिमान

- किसान हितैषी नीतियों से यूपी में खेती बनी अधिक लाभकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने की दिशा में योगी सरकार की सरकारी खरीद नीति ने पिछले नौ वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर पारदर्शी खरीद व्यवस्था, समयबद्ध भुगतान और डिजिटल प्रक्रिया के कारण प्रदेश के किसानों का सरकारी खरीद प्रणाली पर भरोसा मजबूत हुआ है। धान खरीद के क्षेत्र में राज्य ने नया रिकॉर्ड स्थापित करते हुए वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक 80,39,539 किसानों से धान की खरीद की और उनके बैंक खातों में 1.03 लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया है।

योगी सरकार ने धान खरीद प्रक्रिया को पहले की तुलना में अधिक सरल, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाया है। प्रदेशभर में खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई, किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा शुरू की गई, डिजिटल सत्यापन की व्यवस्था लागू की गई और भुगतान सीधे बैंक खातों में भेजने की प्रणाली को मजबूत किया गया। इससे किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ समय पर मिल रहा है। सरकार ने धान और गेहूं तक ही खरीद व्यवस्था को सीमित नहीं रखा, बल्कि पोषक अनाजों को भी प्राथमिकता दी। वर्ष 2022-23 से पहली बार बाजरा की सरकारी खरीद शुरू की गई। वर्ष 2025-26 तक 1,48,718 किसानों से 7,13,759.88 मीट्रिक टन बाजरा खरीदकर 1,854 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2023-24 से पहली बार ज्वार की सरकारी खरीद प्रारंभ हुई, जिसके तहत पिछले तीन वर्षों में 26,972 किसानों को 363.35 करोड़ रुपए का भुगतान मिला।

# राजेन्द्र पाल गौतम ने मन के जीते जीत है मन के हारे हार का दिया मंत्र

## मीडिया, सोशल मीडिया सहित विगत विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों की बैठक सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम ने गुरुवार को अपने दौरे के दूसरे दिन प्रदेश मुख्यालय में होने वाली बैठकों के तहत प्रदेश मुख्यालय के कर्मचारियों के साथ बैठक कर मनोबल बढ़ाया और पूरी ताकत के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद मीडिया विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके वर्तमान परिवेश में जो सामाजिक और राजनीतिक घटनाक्रम हैं उसको लेकर पार्टी के पक्ष को मीडिया में मजबूती के साथ रखने, तथ्यों सहित भाजपा के झूठ को उजागर करने सहित सभी जनहित के मुद्दों को बेबाकी के साथ मीडिया में प्रचारित-प्रसारित करने के लिए आवाहन किया। उन्होंने कहा कि सरकार के इशारे पर समाज में फैलाये जाने वाले भ्रम को भी दूर करते हुए पार्टी की मंशा को जन-जन तक पहुंचाना है।

प्रभारी ने कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पार्टी की आवाज को पहुंचाने का सशक्त माध्यम बताया।

साथ ही विगत उप्र विधानसभा चुनाव 2022 के कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ बैठक किया। प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम ने विगत विधानसभा चुनाव 2022 के कांग्रेस प्रत्याशियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने देश को हर क्षेत्र में सम्पन्न बनाने का काम किया। चाहे वह अन्न के क्षेत्र में हरित क्रांति लाकर, शिक्षा के क्षेत्र में तमाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों की स्थापना करके, सामरिक एवं आर्थिक क्षेत्र में देश को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया। कांग्रेस के शासन में हर वर्ग के गरीब बच्चों को शिक्षा मिल रही थी और नौकरियां मिल रही थी। कांग्रेस का देश को विश्व पटल पर स्थापित करने का एक विजन था। पार्टी ने देश को विश्व में ख्याति दिलायी। आज भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल है। धर्म के नाम पर भाजपा वोट लेती है। यह सांसद चुराते हैं, विधायक चुराते हैं और वोट चुराते हैं अब तो यह पार्टियों और सरकार को चुरा रहे हैं। राम के नाम पर वोट मांगकर और फिर राम मंदिर के निर्माण के नाम पर चंदा चोरी, चढ़ावा चोरी से इनकी असलियत खुल गयी है। उन्होंने कहा कि आप लोग पिछले चुनाव में जिस माहौल में चुनाव लड़े वह विपरीत परिस्थितियां थीं लेकिन आज परिस्थितियां अनुकूल हैं।

आप अपना मन बनाइये, क्योंकि कहा गया है कि मन के जीते जीत है मन के हारे हार, इसलिए आप लोग पूरी ताकत और मन के साथ क्षेत्र में जुटिए, जनता के बीच जाइये। उन्होने कहा कि हमें क्षेत्र मजबूत करना है चुनाव चाहे आप लड़ें या पार्टी का दूसरा व्यक्ति लड़े, जीत सुनिश्चित करनी है। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की विजय सुनिश्चित है और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# कल लखनऊ आयेंगे जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार

- प्रदेश इकाई करेगी भव्य स्वागत, प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में होंगे मुख्य अतिथि

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक दल के नेता, बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री (ग्रामीण विकास, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग) तथा उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार 18 जुलाई 2026 को एक दिवसीय लखनऊ दौरे पर आ रहे है। बिहार में नई सरकार के गठन के बाद उत्तर प्रदेश का यह उनका पहला आधिकारिक दौरा होगा।

इस अवसर पर जनता दल यूनाइटेड, उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा उनके भव्य स्वागत एवं अभिनंदन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। दौरे का मुख्य कार्यक्रम चौधरी चरण सिंह सभागार, सहकारिता भवन, लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल करेंगे।

प्रदेश कार्यकारिणी की इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, सभी जिला अध्यक्ष तथा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, आगामी संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बता दें कि उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार पूर्व में ही प्रदेश में विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। साथ ही उन्होंने बिहार एवं केंद्र के तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के अंतर्गत जनता दल यूनाइटेड की सम्मानजनक भागीदारी की मांग प्रमुखता से उठाई है।

# विकसित भारत के लिए ग्राम विकास का रोडमैप तैयार करने का आह्वान

विशेष संवाददाता (vol)



- काशी में प्रथम विकसित भारत-जी राम जी पंच सम्मेलन आयोजित

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने काशी स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रथम विकसित भारत-जी राम जी पंच सम्मेलन को संबोधित करते हुए ग्राम विकास को विकसित भारत की आधारशिला बताया। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सहित चार राज्यों के लगभग 500 ग्राम प्रधानों ने भाग लिया, जिनमें लगभग 350 प्रधान उत्तर प्रदेश से थे। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें यदि दूरदृष्टि के साथ योजनाएं तैयार करें तो केवल आधारभूत सुविधाओं का ही विकास नहीं होता, बल्कि पूरे गांव का भविष्य भी संवरता है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार शहरों के विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाता है, उसी प्रकार प्रत्येक गांव के समग्र विकास के लिए भी सुनियोजित कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अपने-अपने गांवों का विकास रोडमैप तैयार करने तथा उन्हें अधिक सुविधाजनक, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए समन्वित रूप से कार्य कर रही हैं तथा वर्तमान समय ग्रामीण विकास के लिए स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति पोर्टल के माध्यम से विकास परियोजनाओं में बेहतर समन्वय और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में दोहराव की संभावना समाप्त हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को आवास के साथ शौचालय की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीबों के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के कारण आर्थिक अभाव अब किसी गरीब के उपचार में बाधा नहीं बन रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में पात्र वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण का उल्लेख करते हुए श्री मौर्य ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों और ह्यलखपति दीदीह्ण जैसी योजनाओं ने ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को नई गति दी है। उन्होंने बताया कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए गांवों में समूह आधारित लघु इकाइयों की स्थापना की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी से मुक्त, पारदर्शी व्यवस्था के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है तथा प्रदेश में आधारभूत संरचना और कानून-व्यवस्था दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी 300 रुपये से अधिक किए जाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत प्रति आवास सहायता राशि 1.20 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.50 लाख रुपये किए जाने का अनुरोध केंद्र सरकार से किया है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र के समापन से पूर्व ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की संयुक्त सचिव रोहिणी आर. भाजीभाकरे ने विकसित भारत-जी राम जी के उद्देश्यों, प्रमुख प्रावधानों एवं क्रियान्वयन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने ग्राम प्रधानों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायतों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का अनावरण किया गया। इस अवसर पर आयुक्त, ग्राम्य विकास श्री जी.एस. प्रियदर्शी ने सभी अतिथियों का वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट उत्पाद भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में उप मुख्यमंत्री ने सभी ग्राम प्रधानों से अपने गांवों के समग्र विकास का संकल्प लेकर विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

संक्षेप

## डॉ. प्रतिभा को मिली पीएचडी, खुशी



प्रतापगढ़। विकासखंड लक्ष्मणपुर अंतर्गत इटौरी पूरे मकन निवासी शिक्षक शशिप्रकाश मिश्र की सुपुत्री डॉ. प्रतिभा मिश्र ने पीएचडी उपाधि हासिल कर घर परिवार व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। शिक्षाविद स्व. रामकिशोर मिश्र की पौत्री डॉ. प्रतिभा को मिली सफलता पर गुरुवार को शिक्षक ज्ञानप्रकाश मिश्र के संयोजन में सगरा सुंदरपुर में हुई बैठक में लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी साझा की। डॉ. प्रतिभा ने यह उपाधि इविंग क्रिश्चियन कॉलेज प्रयागराज के वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में लैमियासी परिवार के कतिपय औषधीय पौधों की भेषजगुण विज्ञानी गतिविधि एवं एंटीऑक्सीडेंट गुणों का मूल्यांकन तथा स्तन कैंसर कोशिकाओं पर इसके मुख्य प्रभाव विषय पर शोध पर हासिल की। पीएचडी उपाधि मिलने पर अनिलप्रकाश मिश्र, संतोष मिश्र, उमाशंकर मिश्र, कुलदीप तिवारी, प्रमोद मिश्र, विनोद मिश्र, राजेंद्र मिश्र, नागेश, चंदन आदि ने खुशी साझा की है।

## युवक गिरफ्तार

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया। कोतवाली के उप निरीक्षक रामनरेश बुधवार की रात पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच चेकिंग के दौरान लालगंज घुइसरनाथ मार्ग पर महिमापुर के पास अमेठी जनपद के पूरे हरबक्श तिवारी का पुरवा महमदपुर निवासी शिवम तिवारी उर्फ आदर्श पुत्र साधू तिवारी उर्फ शंकर को गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक ने बताया कि कार से जा रहे आरोपी के पास चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा व कारतूस की बरामदगी की गयी। कार को सीज कर दिया गया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर गुरूवार को जेल भेज दिया गया।

## वांछित पकड़ा गया

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने कान काट कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। कोतवाली के दरोगा दीपक कुमार पुलिस बल के साथ गुरूवार की सुबह गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर कान काट कर युवक को घायल करने के मुकदमे मे वांछित बलभद्र का पुरवा वीरसिंहपुर निवासी छेदीलाल सरोज उर्फ विकास पुत्र गनेशी लाल को नौढ़िया पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## डीएम से अवैध कब्जे की हुई शिकायत

प्रतापगढ़। जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर पीड़िता ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। सांगीपुर थाना के नवाबाद गांव की गुलाबा देवी पत्नी रामकेवट ने जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी बैनामाशुदा जमीन पर विपक्षी अवैध रूप से कब्जा कर लिए है। पीड़िता ने जिलाधिकारी से अवैध कब्जा हटवाने की गुहार लगायी है। जिलाधिकारी ने एसडीएम व सीओ को संयुक्त रूप से मामले की जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

## बैठक कर भू-जल संरक्षण को किया प्रेरित

प्रतापगढ़। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय काछा में गुरूवार को भू-जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में लोगों ने अमरूद, जामुन व आम आदि के फलदार व छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया। कार्यक्रम में पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि भूजल संरक्षण व वर्षा जल संचयन समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्रधान अरविन्द यादव ने मेडबंदी कर खेत का पानी खेत में ही रोकने तथा वर्षा जल के संचयन को प्रेरित किया। इस मौके पर सूर्यप्रकाश पाण्डेय, बाल कृष्ण, वीरेन्द्र यादव, राजीव आदि मौजूद रहे।

# देवीपाटन मंडल में श्रावस्ती का परचम

- किसान चकरोड मुक्त अभियान बना सुशासन का आदर्श मॉडल
- मंडलायुक्त ने डीएम अन्नपूर्णा गर्ग व सीडीओ शाहिद अहमद की सराहना, बलरामपुर की फोल्डेबल स्टडी टेबल पहल भी बनी मिसाल



जिला संवाददाता

श्रावस्ती / गोंडा। मंडल में जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और नवाचार आधारित प्रशासनिक कार्यशैली का एक और उल्लेखनीय अध्याय जुड़ गया है। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने जून माह की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के उपरांत श्रावस्ती और बलरामपुर जनपदों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए संबंधित जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रेषित किया है।

मंडलायुक्त ने स्पष्ट कहा कि श्रावस्ती में संचालित किसान चकरोड मुक्त अभियान केवल अतिक्रमण हटाने का अभियान नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन, कृषि व्यवस्था और सुगम आवागमन को नई दिशा देने वाला सुशासन का अनुकरणीय मॉडल बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि चकरोड किसानों की जीवनरेखा हैं और इन्हें अतिक्रमण मुक्त कर जनोपयोगी बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। 30 जून तक की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार चकरोडों के सीमांकन, अतिक्रमण हटाने, मिट्टी पटाई, खड़ंजा एवं इंटरलॉकिंग निर्माण जैसे कार्यों में श्रावस्ती ने देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंडलायुक्त ने इस उपलब्धि का श्रेय जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की दूरदर्शी कार्ययोजना, सतत मॉनिटरिंग और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की सक्रियता से किसानों और ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है तथा शासन की मंशा प्रभावी रूप से धरातल पर साकार हो रही है।

जून माह की मंडलीय रिपोर्ट के अनुसार गोंडा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती में 2,456 चकरोड अतिक्रमण मुक्त कराए गए, जबकि 498 चकरोडों पर मिट्टी पटाई, खड़ंजा एवं इंटरलॉकिंग का कार्य संपन्न हुआ। यह उपलब्धि ग्रामीण अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसी क्रम में मंडलायुक्त ने बलरामपुर की अभिनव फोल्डेबल स्टडी टेबल योजना की भी मुक्तकंठ से सराहना की। जनपद के 1,817 परिषदीय विद्यालयों के 16,155 छात्र-छात्राओं को अध्ययन सामग्री के रूप में फोल्डेबल स्टडी टेबल उपलब्ध कराई गई, जिससे बच्चों में अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ी, विद्यालयों में उपस्थिति में सुधार हुआ तथा शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊँचाई मिली। इस उल्लेखनीय पहल के लिए जिलाधिकारी विपिन जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता को भी प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि प्रशासन की वास्तविक सफलता योजनाओं के क्रियान्वयन में नहीं, बल्कि आमजन के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन में निहित होती है। श्रावस्ती का किसान हितैषी अभियान और बलरामपुर की छात्र हितैषी पहल इस सोच के सशक्त उदाहरण हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों जनपद भविष्य में भी नवाचार, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित करेंगे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और छात्राओं को किया गया जागरूक



श्रावस्ती। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए श्रावस्ती पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के तहत जनजागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में संचालित हो रहा है।

अभियान के तहत शक्ति मोबाइल टीम ने स्कूलों, गांवों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल, संवाद कार्यक्रम और जागरूकता शिविर लगाए। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं और छात्राओं की समस्याएं सुनीं तथा उन्हें सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। प्रत्येक महिला और बालिका को ₹शक्ति दीदी₹ के रूप में जोड़कर उन्हें जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने का संदेश दिया गया। विद्यालयों में आयोजित विशेष सत्रों में छात्राओं को गुड टच-बैड टच, महिला सुरक्षा कानून, सुरक्षित स्कूल वातावरण, सड़क सुरक्षा, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग और किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, फिशिंग कॉल, ओटीपी और बैंक संबंधी जानकारी किसी से साझा न करने की सलाह दी गई। साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी बताई गई।

पुलिस ने महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध, आत्मरक्षा और महिला कल्याण योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।

# लखीमपुर खीरी ने गोरखपुर को 4-2 से हराया



श्रावस्ती। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), भिनगा में आयोजित अंतर क्षेत्रक फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे मुकाबले में क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी लखीमपुर खीरी की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गोरखपुर की टीम को 4-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ लखीमपुर खीरी ने प्रतियोगिता में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मैच में लखीमपुर खीरी के आरक्षी गुलजार अली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल किए और टीम की जीत के हीरो बने। वहीं बेनेट तारो ने 1 गोल कर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। पूरे मैच में लखीमपुर खीरी की टीम ने बेहतरीन पासिंग, आक्रामक खेल और शानदार तालमेल का प्रदर्शन किया। गोरखपुर की टीम ने भी अच्छा मुकाबला किया, लेकिन लखीमपुर खीरी के खिलाड़ियों के बेहतर खेल के आगे उसे हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का अच्छा उदाहरण पेश किया। अधिकारियों, जवानों और दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और रोमांचक मुकाबले का आनंद लिया। यह प्रतियोगिता वी. विक्रमण, उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी लखीमपुर खीरी के निर्देशन में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य जवानों में शारीरिक फिटनेस, खेल भावना, आपसी समन्वय और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के अगले मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है।

## दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज, न्यायालय से नहीं मिली राहत

**श्रावस्ती।** जनपद के थाना मल्हीपुर क्षेत्र में दर्ज दुष्कर्म के एक मामले में सत्र न्यायाधीश दिनेश चन्द की अदालत ने आरोपी दिनेश कुमार की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अदालत में प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार, थाना मल्हीपुर में अपराध संख्या 105/2026 धारा 64(2)(के) एवं 331(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज है। अभियोजन के अनुसार आरोपी पर मानसिक रूप से विक्षिप्त एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग महिला के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप है। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि आरोपी निर्दोष है, घटना की रिपोर्ट लगभग 24 दिन बाद दर्ज कराई गई तथा उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। वहीं जिला शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी नामजद है और पीड़िता के बयान सहित अन्य साक्ष्य उसके विरुद्ध हैं। सत्र न्यायालय ने केस डायरी, पीड़िता के धारा 183 बीएनएसएस के अंतर्गत दर्ज बयान तथा चिकित्सकीय परीक्षण से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया। न्यायालय ने माना कि पीड़िता ने अपने बयान में आरोपी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है तथा ऐसे गंभीर अपराधों में एफआईआर दर्ज होने में हुई देरी का विशेष महत्व नहीं माना जा सकता। अपराध की गंभीरता, उपलब्ध साक्ष्यों, आरोपी की भूमिका तथा अधिकतम दंड के प्रावधान को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने आरोपी दिनेश कुमार की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। आदेश 16 जुलाई 2026 को पारित किया गया।

# सगे बेटे से गुजारा भत्ता मिलने के बाद सौतेले बेटे से दावा नही किया जा सकता : हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि किसी मां को उसके सगे बेटे से गुजारा भत्ता मिल रहा है, तो वह बाद में अपने सौतेले बेटे से भी गुजारा भत्ते की मांग नहीं कर सकती। न्यायमूर्ति लक्ष्मी कांत शुक्ला ने मंगलवार को पारित आदेश में कहा कि सगे बेटे से गुजारा भत्ता मिलने के बाद मां को अपना भरण-पोषण करने में अक्षम नहीं माना जा सकता, ऐसे में वह किसी अन्य व्यक्ति से गुजारा भत्ता पाने की पात्र नहीं रह जाती। हालांकि, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति के भरण-पोषण का दायित्व दो या अधिक व्यक्तियों पर है और वह अदालत का दरवाजा खटखटाता है, तो यह न्यायालय का दायित्व होगा कि वह परिस्थितियों के अनुसार तय करे कि किससे और कितनी राशि गुजारा भत्ते के रूप में दिलाई जाए। इन टिप्पणियों के साथ अदालत ने एक महिला की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। महिला ने परिवार न्यायालय के आदेश में संशोधन करने का अनुरोध करते हुए अपने सौतेले बेटे से भी गुजारा भत्ता दिलाने की प्रार्थना की थी।
परिवार न्यायालय ने महिला के सगे बेटे को प्रति माह 8,000 रुपये गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था।

महिला का तर्क था कि अधीनस्थ अदालत ने जल्दबाजी में गुजारा भत्ते की पूरी जिम्मेदारी केवल उसके सगे बेटे पर डाल दी और सौतेले बेटे को इस दायित्व से मुक्त कर दिया। महिला के अधिवक्ता ने दलील दी कि दोनों बेटों को गुजारा भत्ता देने के लिए उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए था।

याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार और सौतेले बेटे की ओर से कहा गया कि जब महिला का सगा बेटा मौजूद है और उसे गुजारा भत्ता देने का आदेश पहले ही दिया जा चुका है, तब सौतेले बेटे को इस दायित्व के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता।

## डंपर की टक्कर से दो लोक नाट्य कलाकारों की मौत

भदोही। जिले में ईंटों से लदे एक डंपर ने खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद दो लोगों को कुचल दिया। इस घटना में दोनों व्यक्तियों की मौत हो गई। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि हादसा बुधवार रात करीब नौ बजे दुर्गागंज थाना क्षेत्र के श्रीपुर गांव के पास हुआ, जब जौनपुर जिले के जंघई से मध्य प्रदेश की ओर जा रहे डंपर ने पहले एक खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल वाहन के नीचे फंस गई, जिसके बाद डंपर ने पास में खड़े दो लोगों को कुचल दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अंधेरे का फायदा उठाकर चालक और खलासी वाहन छोड़कर फरार हो गए। मृतकों की पहचान बाबू नारायण गौतम (55) और सीता राम उर्फ जुगनू (30) के रूप में हुई है।

# पुलिस की लापरवाही से जमानत अर्जी के निपटारे में देरी को लेकर सरकार पर 50 हजार का हर्जाना

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उसकी ओर से मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराने में बिजनौर के पुलिस अधिकारियों की लापरवाही के चलते जमानत अर्जी के निपटारे में 10 दिन से अधिक की देरी होने पर राज्य सरकार पर 50,000 रुपये का हर्जाना लगाया है। हालांकि, न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने मंगलवार को दहेज हत्या के कथित मामले में यासीन नामक व्यक्ति और उसकी पत्नी की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सुनाए गए फैसले में कहा कि राज्य सरकार जांच के बाद दोषी अधिकारियों से हर्जाने की राशि वसूल सकती है।

पुलिस अधिकारियों के कारण हुई देरी पर नाखुशी जाहिर करते हुए अदालत ने कहा कि यह जमानत अर्जी तीन जुलाई 2026 को ही निस्तारित की जा सकती थी, लेकिन बार-बार रिमाइंडर भेजे जाने और मौखिक निर्देश दिए जाने के बावजूद इस अदालत को आवश्यक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। पुलिस की इस उदासीनता के चलते यह अर्जी 10 दिनों से अधिक समय तक लंबित रही। अदालत ने जमानत याचिका इस आधार पर मंजूर कर ली कि यासीन की बहू की मौत से पहले दहेज की मांग पूरी नहीं होने को लेकर उसके उत्पीड़न के सिलसिले में पर्याप्त साक्ष्य मौजूद नहीं हैं। उसने कहा कि स्वतंत्र गवाहों ने पति-पत्नी के बीच मामूली घरेलू विवादों को लेकर अक्सर झगड़े होने के भी संकेत दिए हैं। अदालत ने कहा कि संयुक्त निदेशक (अभियोजन) कार्यालय ने इस जमानत याचिका की प्रति 17 जून को पुलिस पैरोकार को उपलब्ध कराई थी और 19 जून को पुलिस अधीक्षक (एसपी) को एक अलर्ट भी भेजा गया था, लेकिन पुलिस आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने में नाकाम रही। तीन जुलाई को सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन पक्ष को सीसीटीएनएस पोर्टल से केस डायरी का पीडीएफ प्राप्त करने का निर्देश दिया था। इसका अनुपालन करने के बजाय संबंधित पुलिस अधिकारियों ने केवल इन याचिकाकर्ताओं की केस हिस्ट्री भेजी, न कि वास्तविक केस डायरी। इसके बाद, अदालत ने संबंधित थाना प्रभारी (एसएचओ) को तलब किया और उनका यह स्पष्टीकरण स्वीकार किया कि वह पहले अवकाश पर थे।

# आधुनिक खेती की ओर बढ़ेगा सिद्धार्थनगर, किसानों को मिलेगा देश के प्रमुख कृषि संस्थानों में प्रशिक्षण




सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित आत्मा योजना की गवर्निंग बोर्ड बैठक में वर्ष 2026-27 की विभिन्न कृषि योजनाओं एवं कार्यक्रमों को मंजूरी दी गई। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन), मिलेट्स पुनरोद्धार, नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल समेत कई योजनाओं के लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती से जोड़ने के लिए उन्हें प्रदेश के साथ-साथ देश के प्रमुख कृषि एवं शोध संस्थानों में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। प्राकृतिक खेती के लिए कुरुक्षेत्र और करनाल, काला नमक धान उत्पादन के लिए आईआईआरआरआई, मत्स्य पालन के लिए पंतनगर तथा अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए बस्ती और अयोध्या भेजने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कृषि विभाग को सभी योजनाओं के लक्ष्य समयबद्ध ढंग से पूरे करने तथा प्रदर्शन के लिए उपलब्ध कराए गए बीजों का किसानों द्वारा खेतों में उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, डीएफओ नीला एम, उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, जिला उद्यान अधिकारी विमलकांत, लीड बैंक अधिकारी आर.के. सिन्हा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

## बाढ़ से बचाव के लिए प्रशासन सतर्क



श्रावस्ती। जनपद में संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए राहत आयुक्त के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ललित कुमार ने एसडीआरएफ और फ्लड पीएसी के जवानों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में एसडीआरएफ की एक टीम और फ्लड पीएसी की 1.5 सेक्शन बाढ़ राहत कार्य के लिए तैनात है। इनके पास 6 मोटरबोट और अन्य आवश्यक बचाव उपकरण उपलब्ध हैं। बाढ़ की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए नावों की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में 128 नाविक, 68 नावें और चिन्हित गोताखोर तैयार हैं। सभी नावों और बाढ़ चौकियों पर सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करा दिए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति में लोग टोल फ्री नंबर 1077 पर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि बाढ़ से निपटने की सभी तैयारियां पूरी हैं। संकट की स्थिति में लोगों को धैर्य और सतर्कता के साथ प्रशासन के निर्देशों का पालन करना चाहिए। बैठक में एसडीआरएफ निरीक्षक सुशील कुमार, फ्लड पीएसी के उत्तम कुमार सहित अन्य जवान मौजूद रहे।

# गुमशुदा युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा



सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे महिला सुरक्षा एवं गुमशुदा बरामदगी अभियान के तहत थाना जोगिया उदयपुर पुलिस ने एक सराहनीय सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुमशुदा 19 वर्षीय युवती जुगराफिया को सकुशल तलाश कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार, दोहनी गांव निवासी युवती घर से नाराज होकर चली गई थी, जिसके संबंध में उसके पिता ने थाना जोगिया उदयपुर में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष अभय सिंह ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर लगातार तलाश अभियान चलाया। पुलिस की मेहनत रंग लाई और युवती को सुरक्षित बरामद कर उसके पिता को सौंप दिया गया। युवती के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और जोगिया उदयपुर पुलिस, विशेषकर थानाध्यक्ष अभय सिंह की कार्यशैली, संवेदनशीलता और तत्परता की खुलकर सराहना की। इस सफलता ने एक बार फिर साबित किया कि थाना जोगिया उदयपुर पुलिस आमजन की सुरक्षा और विश्वास कायम रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## सिपाही ने गोली मारकर दी जान

बुलंदशहर। जिले के औरंगाबाद थाने में तैनात 2025 बैच के आरक्षी सुधीर ठाकुर ने बृहस्पतिवार को अपनी सरकारी राइफल से खुद को गोली मार ली, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आगरा जिले के इरादतनगर थाना क्षेत्र के सीकेचा गांव के रहने वाले सुधीर (25) ने तड़के लगभग तीन बजे अपनी सरकारी राइफल से खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के मुताबिक, सुधीर से जुड़ी एक कथित ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें वह अपने वरिष्ठ अधिकारी पर प्रताड़ना और बीमारी के बावजूद छुट्टी नहीं देने का आरोप लगाते हुए नौकरी और जिंदगी से त्यागपत्र देने की बात कहते सुनाई दे रहे हैं।

## श्रावण मास को लेकर एसएसपी ने कसी कानून-व्यवस्था की कमान



सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन आयोजित कर जनपद की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और आगामी श्रावण मास व शिवरात्रि के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण, ऑपरेशन कन्विक्शन, महिला उत्पीड़न, साइबर अपराध, गुमशुदा बच्चों की बरामदगी, गैंगस्टर व गुंडा अधिनियम के तहत प्रभावी कार्रवाई तथा और पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने, साइबर सुरक्षा चौपालों के आयोजन, कम्युनिटी पुलिसिंग को मजबूत करने और श्रावण मास के दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल गश्त बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, सभी थाना प्रभारी, अभियोजन अधिकारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर बाबा धाम में हवन पूजन

- पौधरोपण, सामाजिक सरोकार से जुडे आयोजनों में समर्थकों की जुटी भीड़







**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर गुरूवार को प्रशंसको व कार्यकताओं द्वारा रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में विविध आयोजन हुए। सांसद प्रमोद तिवारी के दीघार्यु होने की कामना को लेकर सदभावना सभा, पौधरोपण, हवन पूजन, प्रसाद वितरण तथा धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हुए। विविध आयोजनों में सांसद प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व की मजबूती के प्रति सेवा संकल्प अभियान का सामूहिक प्रतिज्ञान भी हुआ दिखा। प्रातः कांग्रेसियो व समर्थको ने संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी के साथ बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचकर देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक व पुष्पाभिषेक करते हुए प्रसाद अर्पण किया। यहां हवन पूजन का धार्मिक आयोजन भी हुआ।

इसका संयोजन प्रभात ओझा एवं त्रिभु तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। इसके पहले लालगंज के ट्रामा सेण्टर, सीएचसी तथा महिला एवं बाल चिकित्सालय में सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर सांसद प्रमोद तिवारी के दीघार्यु होने की कामना को लेकर समर्थकों ने मरीजों व तीमारदारों को फल वितरित किये। इसका संयोजन समाजसेवी पप्पू तिवारी, सभासद दारा सिंह, सभासद आशीष कौशल, छोटे लाल सरोज, पं. श्रीकांत मिश्र ने किया। यहां अधिवक्ता मोनू पाण्डेय के संयोजन में सीएचसी परिसर में बडी संख्या मे पौध भी रोपित किये गये। लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर संस्कृत विद्वान डॉ. शिवमूर्ति शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य समर्थकों व कार्यकताओं ने भगवान श्री सत्य नारायण की कथा सुनीं।

वहीं भजन गायक राजेश शुक्ल के संयोजन में संगीतमयी सुन्दरकाण्ड में श्रीराम दरबार की भव्य आरती उतारी गयी। शंखध्वनि के बीच हवन एवं आरती पूजन के बाद आयोजकों द्वारा लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। यहां भजन संध्या में डॉ0 बच्चाबाबू वर्मा व डॉ0 अनुज नागेन्द्र ने भगवान की महिमा का गुणगान किया। संचालन सह संयोजक अधिवक्ता विकास मिश्र ने किया।

रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक परिसर में समर्थकों व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर केक काटकर खुशी मनायी गयी। सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी तथा पूर्व प्रमुख पुष्पा देवी ने समर्थकों के साथ केक काटा। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल ने किया। इस मौके पर जिपंस दिलीप पाण्डेय, सोनू तिवारी, मोहित सिंह आदि रहे। जलेशरगंज में भी सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर लालगंज प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज व सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी आदि ने केक काटकर खुशी जतायी। इसका संयोजन आदित्य तिवारी ने किया। इस मौके पर अभिनव शुक्ला, माता प्रसाद पाण्डेय, भूपेन्द्र तिवारी काजू आदि रहे। बारेडीह चौराहे पर सभासद मो0 मुकीम खॉन, बेलाल रहमानी, बाबर खान, नवाज खान, हैदर खान आदि ने केक काटकर सांसद प्रमोद तिवारी की लम्बी उम्र की दुआ की। इस मौके पर समाजसेवी विभवभूषण शुक्ल, पवन शुक्ल, बृजेश द्विवेदी, सभासद पन्नालाल पाल, गीता सिंह, राजकुमार सिंह, दिनेश सिंह, रामू मिश्र, अशोक मिश्र, इं. रमेश शुक्ला, मुरलीधर तिवारी आदि रहे। सह संयोजन ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केडी मिश्र ने किया।

## बिना फिटनेस और परमिट वाले वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की मौजूदगी में सड़क सुरक्षा समिति और जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक हुई। डीएम ने बिना फिटनेस, परमिट और पंजीकरण वाले वाहनों के संचालन पर सख्त कार्रवाई, ओवरलोडिंग व ओवरस्पीड वाहनों का चालान, ब्लैक स्पॉट पर संकेतक बोर्ड लगाने, स्कूल वाहनों की नियमित फिटनेस जांच तथा 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' अभियान का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। साथ ही 15 वर्ष से अधिक पुराने स्कूली वाहनों के संचालन पर रोक और नाबालिग छात्रों द्वारा निजी वाहन चलाने पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी रोहिणी सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### बिजली गुल रहने से भीषण गर्मी में आमजन बेहाल

उन्नाव। भगवंतनगर के महेश खेड़ा फीडर में बिजली विभाग की कार्यशैली को लेकर लोगों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी के बीच बार-बार होने वाली बिजली कटौती से आमजन का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि घंटों तक बिजली गुल रहने के बावजूद बिजली के बिलों में कोई राहत नहीं मिलती, बल्कि मीटर के बिल लगातार बढ़ते जा रहे हैं। गर्मी के कारण बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात में बिजली कटने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है, वहीं दिन में बिजली न रहने से व्यापार, पढ़ाई और घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बिजली आपूर्ति में लगातार व्यवधान के बावजूद विभाग की ओर से समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

### रक्षाबंधन पर एक लाख से अधिक राखी बांधने का रिकार्ड बनेगा

पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर में अगामी 30 अगस्त को सेवा संस्कार से पूर्ण ऐतिहासिक रक्षाबंधन का विशाल महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिसमें विधानसभा क्षेत्र की लगभग 1 लाख से अधिक बहने समाजसेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को राखी बांधेगी। यह पूरे विश्व में अपने आप में एक महा रिकार्ड होगा। यह अवसर बैसवारा के लिये गौरव की बात होगी। समाजसेवी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा बन चुकी है तैयारियां जोरो पर जारी है।

### पुलिस से शिकायत

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम रखमापुर निवासी मोदी पुत्र राम औतार ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की और बताया कि बुधवार को रात मेरी पत्नी राम कुमारी और मेरे बीच विवाद हो रहा था तभी बड़े भाई राम बहादुर अपने पुत्र अजय के साथ मिलकर मेरे साथ मारपीट की तथा जान से मारने की कोशिश की। मेरे चीखने चिल्लाने पर लोगों को आता देख उपरोक्त दोनों लोग भाग गए। मारपीट की इस घटना में पीड़ित को शारीरिक चोटें आई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### सदर, सहजनवां, गोला और बांसगांव को मिले नए एसडीएम

गोरखपुर। जनपद में प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी और गतिशील बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दीपक मीणा ने गुरुवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए चार उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया। इस फेरबदल के बाद सदर, सहजनवां, गोला और बांसगांव तहसीलों को नए उप जिलाधिकारी मिल गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार ज्ञान प्रताप सिंह, जो अब तक उप जिलाधिकारी गोरखपुर के साथ तहसीलदार सदर के पद से संबद्ध थे, उन्हें उप जिलाधिकारी सदर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# हर्षोल्लास से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

- श्री रासबिहारी जी मंदिर से निकाली गई भव्य पारम्परिक रथ यात्रा
- लोगों ने जगह-जगह आरती-पूजन के साथ रथ यात्रा पर की पुष्प वर्षा



गोला, गोरखपुर। छोटी अयोध्या के नाम से सुविख्यात उपनगर गोला में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के उपलक्ष्य में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से भव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। रथ यात्रा जिधर से भी गुजरी लोगों ने पुष्प वर्षा के साथ ही आरती-पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया।

गुरूवार को हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को गत वर्षों की भांति इस साल भी उपनगर के सिनेमा रोड स्थित श्री रास बिहारी जी मंदिर से भगवान जगन्नाथ श्री रास बिहारी ठाकुर जी महाराज की पारंपरिक रथ यात्रा निकाली गई। भव्य रूप से सुसज्जित रथ पर भगवान जगन्नाथ की प्रतिमूर्ति श्री रास बिहारी ठाकुर जी महाराज भगवान की प्रतिमा को विराजमान कराया गया। तदुपरांत महंत राजेंद्र दास व शिष्य महंत अमित दास ने भगवान की आरती-पूजन किया और घंट-घड़ियाल व शंख ध्वनि के बीच भगवान जयकारे के साथ रथयात्रा निकली। रथ यात्रा जिधर से गुजरी उधर ही जगह-जगह श्रद्धालुओं ने रथ यात्रा पर पुष्प वर्षा के साथ भगवान की आरती-पूजन किया।

रथ यात्रा उपनगर के ठाकुर द्वारा मंदिर से निकल कर मेन चौक, मछलीहट्टा रोड, भिखीगंज, गौशाला, हनुमानगढ़ी, सिनेमा रोड होते हुए सराय चौक, बेवरी चौराहा, मन्नीपुर होते हुए रामामऊ मंदिर पर आरती-पूजन के साथ समापन हुआ। रथ यात्रा जिधर से भी गुजरी लोगों ने पुष्प वर्षा और आरती-पूजन किया। रथ पर सवार मंदिर समिति के लोग श्रद्धालुओं में भगवान के प्रसाद को वितरित करते जा रहे थे। रथ यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने हर्ष और उल्लास के साथ हिस्सा लिया। रथ यात्रा में मुख्य रूप से & दास, रविन्द्र तिवारी, घनश्याम कसौधन, विकास कसौधन, राजकुमार हिंदुस्तानी, पंडित कृष्ण कुमार त्रिपाठी, रमेश तिवारी, संदीप मद्धेशिया आदि शामिल रहे।

**जगत के पालनहार हैं श्री ठाकुर जी महाराज : महंत राजेंद्र दास**

श्री रास बिहारी जी मंदिर के महंत राजेंद्र दास ने कहा कि श्री ठाकुर जी महराज श्रृष्टि के पालनहार है। और अनादि काल से वे अपने भक्तों की रक्षा करते आ रहे हैं। कोरोना काल में वे ही श्रृष्टि की रक्षा करेंगे । हमें अपने आराध्य की श्रद्धापूर्वक भक्ति करनी चाहिए।

## बड़हलगंज में बदलेगा रेल पुल का एलाइमेंट, डीएम ने की समीक्षा बैठक

गोरखपुर। सहजनवा-दोहरीघाट नई रेल लाइन परियोजना के तहत बनने वाले पुल के एलाइमेंट को लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अपने कार्यालय में रेलवे अधिकारियों एवं इंजीनियरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में बड़हलगंज क्षेत्र में पुल के एलाइमेंट में बदलाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और तकनीकी बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा, डिप्टी चीफ इंजीनियर अतुल त्रिपाठी सहित अन्य रेलवे इंजीनियर और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने निर्देश दिया कि एलाइमेंट परिवर्तन से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अध्ययन कर शीघ्र प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जाए, ताकि परियोजना में किसी प्रकार की देरी न हो।

सहजनवा-दोहरीघाट नई रेल लाइन परियोजना का कार्य इन दिनों तेजी से प्रगति पर है। लगभग 81 किलोमीटर लंबी इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत कुल 11 से 12 नए रेलवे स्टेशन बनाए जाने प्रस्तावित हैं, जिनमें सहजनवा, पिपरौली, खजनी, उनवल, बांसगांव, गोला व बड़हलगंज प्रमुख हैं। परियोजना को तीन चरणों में पूरा किया जाना है। प्रथम चरण में सहजनवा से बांसगांव तक करीब 33 किलोमीटर लंबाई में निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसे वर्ष 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस खंड में मिट्टी भराई, पिलर निर्माण और अन्य प्रारंभिक कार्य तेजी से चल रहे हैं। इस परियोजना के तहत बड़हलगंज के पास घाघरा (सरयू) नदी पर एक विशाल रेलवे पुल का निर्माण किया जाएगा, जो इस पूरे रेल मार्ग की सबसे महत्वपूर्ण संरचनाओं में से एक होगा। इसके अलावा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे यातायात सुगम होगा। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। अधिकांश किसानों को मुआवजा वितरित किया जा चुका है, जिससे निर्माण कार्य में तेजी आई है। परियोजना पूरी होने के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश और पूर्वांचल के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। गोरखपुर से वाराणसी और लखनऊ जाने वाली ट्रेनों के लिए एक वैकल्पिक और सुगम मार्ग उपलब्ध होगा, जिससे यात्रा समय में कमी आएगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।

## एआई नवाचार को मिलेगा मंच, बीओबी हैक्स से विद्यार्थियों से जुड़ने की अपील



जसवंतनगर, इटावा। छत्रपति शाहू महाराज विश्वविद्यालय सीएसजेएमयू, कानपुर एवं आईबीएम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली सीएसजेएमयू-आईबीएम बीओबी हैक्स कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई नवाचार प्रतियोगिता को लेकर चैधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी स्वायत्त महाविद्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इसमें प्रतियोगिता की रूपरेखा, पात्रता, चयन प्रक्रिया और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय के करियर विकास केंद्र के प्रो. राजेश कुमार द्विवेदी एवं इंजीनियरिंग संस्थान के निदेशक आलोक कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवाचार, रचनात्मक सोच, समस्या समाधान क्षमता और उद्यमिता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं के तकनीकी समाधान विकसित करने का अवसर प्रदान करेगी। प्रतियोगिता का जोनल चरण 25 से 31 जुलाई के बीच आयोजित होगा। जनपद के लिए चैधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी, को नोडल केंद्र बनाया गया है। प्रतियोगिता का फाइनल राउंड 12 और 13 अगस्त को सीएसजेएमयू, कानपुर परिसर में होगा। विजेता टीमों को कुल एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रेस वार्ता में पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. रिपुदमन सिंह, केके पीजी कॉलेज इटावा के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. उदयवीर सिंह, चैधरी सुघर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन प्रो. बृजेश चंद्र यादव, प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव, निदेशक डॉ. संदीप पाण्डेय और प्राचार्य डॉ. जितेंद्र यादव सहित शिक्षाविद एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## नगर निगम कार्यकारिणी गठन में सपा के दो पार्षद आमने-सामने, एक ने वापस लिया नामांकन



गोरखपुर। नगर निगम गोरखपुर की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर हुई प्रक्रिया में दिलचस्प राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला। समाजवादी पार्टी के दो पार्षद आमने-सामने आ गए, हालांकि बाद में वरिष्ठ नेताओं के हस्तक्षेप के बाद एक पार्षद ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद शेष 6 सदस्य निर्विरोध चुन लिए गए। नगर निगम बोर्ड की बैठक में कार्यकारिणी सदस्य बनने के लिए कुल 7 पार्षदों ने पर्चा दाखिल किया था। इनमें वार्ड नंबर 23 से चंद्रभान प्रजापति और वार्ड नंबर 74 से नूर मोहम्मद, दोनों सपा से थे और एक ही सीट को लेकर आमने-सामने आ गए थे। स्थिति को देखते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हस्तक्षेप किया, जिसके बाद नूर मोहम्मद ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इस घटनाक्रम के बाद 6 पार्षदों का निर्विरोध चयन हो गया। चयनित सदस्यों में वार्ड नंबर 54 से आनंद साहनी (भाजपा), वार्ड नंबर 66 से आरती सिंह (भाजपा), वार्ड नंबर 22 से राजेश कुमार (भाजपा), वार्ड नंबर 36 से राजेंद्र तिवारी (भाजपा), वार्ड नंबर 17 से रितेश सिंह (भाजपा) और वार्ड नंबर 23 से चंद्रभान प्रजापति (सपा) शामिल हैं। इस तरह नई कार्यकारिणी में सपा से केवल एक सदस्य को जगह मिली है। कार्यकारिणी के गठन के साथ ही अब उपसभापति पद के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही कार्यकारिणी के सदस्यों में से ही उपसभापति का चयन किया जाएगा और शाम तक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। वहीं, वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने के चलते छह सदस्य पद छोड़ेंगे। इनमें भाजपा के उपसभापति पवन त्रिपाठी, ऋषि मोहन वर्मा, छोटे लाल यादव, श्रवण पटेल और सरोज पासवान शामिल हैं, जबकि सपा के पार्षद रमेश यादव का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है।

नई कार्यकारिणी के गठन के बाद नगर निगम की नीतियों, विकास कार्यों और महत्वपूर्ण निर्णयों की दिशा तय करने वाली टीम सामने आ गई है। अब सभी की निगाहें उपसभापति के चुनाव और नई टीम के कामकाज पर टिकी हुई हैं, जो शहर के विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

इटावा। गुरुवार दोपहर शहर कोतवाली क्षेत्र के टीटी तिराहा के पास गुरूवर दोपहर 1 बजे दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। भरथना थाना क्षेत्र के गांव कुंवारा निवासी 18 वर्षीय अश्वनी अपने पांच दोस्तों के साथ तीन बाइकों से केदारेश्वर मंदिर में दर्शन करने इटावा आया था। दर्शन के बाद सभी युवक कालीवाहन मंदिर की ओर जा रहे थे। टीटी तिराहा के पास तेज रफ्तार के कारण एक बाइक का संतुलन बिगड़ गया। यह बाइक जसवंतनगर क्षेत्र के जगसोरा निवासी अमित और आकाश की बाइक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद, पीछे आ रहे उनके साथियों ने सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉ. राघवेंद्र ने उपचार के दौरान अश्वनी को मृत घोषित कर दिया। हादसे में अश्वनी के साथ बाइक पर सवार सत्यम और दूसरी बाइक पर सवार अमित व आकाश का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

# कालेसर से नौसढ़ तक मुख्य मार्ग के सुंदरीकरण की मण्डलायुक्त ने की समीक्षा



गोरखपुर। मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा द्वारा लखनऊ/अयोध्या से गोरखपुर महानगर में प्रवेश के मुख्य मार्ग कालेसर से जीरो प्वाइंट होते हुए नौसढ़ चौराहे तक प्रस्तावित सौन्दर्यीकरण कार्यों की समीक्षा गीडा, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ की गई। समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम कालेसर जीरो प्वाइंट स्थित गोल चक्कर के सौन्दर्यीकरण की कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही नौसढ़ से कालेसर तक सिंचाई विभाग के बंधे के सौन्दर्यीकरण कार्य को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। पूर्व में इस कार्य को नगर निगम द्वारा कराया गया था, लेकिन अब आगे का सौन्दर्यीकरण कार्य गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) द्वारा कराए जाने का निर्णय लिया गया, जिस पर सिंचाई विभाग ने सहमति जताई। बैठक में यह भी तय किया गया कि गीडा क्षेत्र स्थित तेनुआ टोल प्लाजा के आसपास झाड़ियों एवं गंदगी की साफ-सफाई का कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा कराया जाएगा, जिससे मार्ग की स्वच्छता एवं सौंदर्य बेहतर हो सके। इसके अतिरिक्त गोरखपुर से खजनी और पिपरौली जाने वाले मार्ग में गीडा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले हिस्से के सुदृढ़ीकरण, मरम्मत एवं चौड़ीकरण का कार्य गीडा द्वारा कराए जाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि संबंधित मार्ग को तत्काल गीडा को हैंडओवर किया जाए। बैठक में गीडा क्षेत्र के उद्यमियों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए, जिन पर मण्डलायुक्त ने गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

## धर्मार्थ शाखा की निःशुल्क जल सेवा का हुआ समापन



इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा द्वारा जिला अस्पताल परिसर में ढाई माह से संचालित निशुल्क जल सेवा का बुधवार को विश्राम हो गया। इस अवसर पर जल सेवा में विशेष सहयोग करने वालों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अस्पताल के सीएमएस डा. पारितोष शुक्ला एवं सीएमएस महिला डा. अनिल कुमार के द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर रोली चंदन लगाकर तथा पुष्पार्पण करके हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में धर्मार्थ सेवा शाखा द्वारा भीषण गर्मी में ढाई महीने तक जिला अस्पताल में की गई निःशुल्क शीतल जल सेवा के लिए साधुवाद प्रकट किया और आभार भी जताया। जल सेवा में विशेष आर्थिक सहयोग करने के लिए अशोक श्रीवास्तव, रामौतार शर्मा, राजेंद्र कुमार दीक्षित, आशा दुबे, पल्लवी मिश्रा, उमा तिवारी, डॉ. अशोक चैधरी का अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने चिकित्सालय संस्थान की ओर से रामौतार शर्मा, अशोक श्रीवास्तव, शाखा के सचिव महेश कुमार बाथम एवं गौतम का सम्मान किया और कहा कि एक मई से पंद्रह जुलाई तक चली इस जल सेवा का आज विश्राम हो रहा है, जो अगले वर्ष गर्मी में इन्हीं दिनों में फिर शुरू होगी। संचालन आचार्य महेश चंद्र तिवारी ने किया। सभी का आभार शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित ने जताया। कार्यक्रम में शाखा के कोषाध्यक्ष सीबी मिश्रा, घनश्याम तिवारी, विनोद त्रिपाठी, प्रदीप आढ़तिया, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, उमेश सिंह चैहान, राजनारायण चैधरी कौशल चंद्र चतुर्वेदी, महिला संयोजिका सरिता चतुर्वेदी, नीलिमा चैधरी, प्रगति मिश्रा, अवधेश सविता, धीरज अग्निहोत्री, बीएन मिश्रा, जगदीश यादव, रविशंकर चैधरी, डॉ. हरीशंकर पटेल, रघुवीर यादव मौजूद रहे।

# जेल और निलंबन का रिकॉर्ड सेवा पुस्तिका से गायब होने पर उठे सवाल

उन्नाव। पशुपालन विभाग के एक पशु चिकित्साधिकारी की सेवा पुस्तिका और मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज सेवा विवरण को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उपलब्ध शासनादेश, विभागीय अभिलेखों और मानव संपदा के विवरण से यह तथ्य सामने आया है कि संबंधित चिकित्साधिकारी वर्ष 2015-16 में फतेहपुर जनपद में तैनाती के दौरान व्यापम प्रकरण में गिरफ्तार होकर लगभग एक वर्ष तक ग्वालियर जेल में निरुद्ध रहे थे तथा इस अवधि को लेकर शासन ने उन्हें निलंबित भी किया था। इसके बावजूद वर्तमान सेवा अभिलेखों में इस अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं दिखाई दे रहा है। मिली जानकारी के अनुसार चिकित्साधिकारी की पहली तैनाती 16 मार्च 2015 को फतेहपुर जनपद के खखरेरू पशु चिकित्सालय में हुई थी। इसी दौरान व्यापम प्रकरण में गिरफ्तारी के बाद वह 15 अप्रैल 2015 से 11 अप्रैल 2016 तक ग्वालियर केंद्रीय जेल में निरुद्ध रहे। इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन ने 5 सितंबर 2017 को जारी आदेश में उक्त अवधि का उल्लेख करते हुए निलंबन और विभागीय जांच की कार्रवाई का आदेश दिया था। शासनादेश में यह भी कहा गया था कि जेल में रहने की अवधि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली, 1999 के प्रावधानों के विपरीत आचरण की श्रेणी में आती है। मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध सेवा विवरण के अनुसार चिकित्साधिकारी ने 16 मार्च 2015 से 26 मई 2018 तक फतेहपुर में सेवा की, इसके बाद 1 जून 2018 से 17 जुलाई 2023 तक उन्नाव के बिछिया पशु चिकित्सालय में तथा 17 जुलाई 2023 से वर्तमान तक देवतरा, उन्नाव में कार्यभार ग्रहण किया। हालांकि उपलब्ध ऑनलाइन रिकॉर्ड में जेल प्रवास, निलंबन अवधि अथवा विभागीय कार्रवाई का कोई उल्लेख दिखाई नहीं देता। वही स्थानीय स्तर पर अधिकारियों के मामला संज्ञान में है फिर भी कार्यवाही में कोई रुचि नही दिखाते है।

## सीसीटीवी से पकड़े गये तीन नाबालिग युवक



इटावा। अस्तल चैकी के अंतर्गत मंडी गेट स्थित मूर्ति एवं बर्तन की दुकान में दीवार तोड़कर चोरी करने के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे पुलिस ने तीन बाल अपचारियों को हिरासत में लेकर किशोर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। पकड़े गए तीनों बाल अपचारी गाड़ीपुरा क्षेत्र के निवासी हैं। मामले में दुकान मालिक वैद्य रमाकांत वर्मा, निवासी लालपुरा, ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि बुधवार तड़के अज्ञात चोर दुकान की पीछे की दीवार तोड़कर अंदर घुस गए और गोलक में रखे करीब 27 हजार रुपये नकद तथा 500 रुपये के सिक्के चोरी कर ले गए। घटना की जांच के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक बाल अपचारी की तस्वीर स्पष्ट दिखाई दी। इसी आधार पर अस्तल चैकी प्रभारी मुकेश कुमार ने पहचान कर तीनों बाल अपचारियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में चोरी की घटना का खुलासा हुआ और पुलिस ने चोरी की गई नकदी भी बरामद कर ली। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ लिया गया। आवश्यक पूछताछ और बरामदगी की कार्रवाई के बाद तीनों बाल अपचारियों को किशोर न्यायालय में पेश किया गया।

**सूचना**

आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, सीतापुर की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करना है कि श्याम लाल पुत्र प्रहलाद अपने प्लॉट जो खसरा नंबर 479 का हिस्सा है के मालिक हैं, रकबा 1396 वर्ग फुट स्थित ग्राम धियरमहोलियाबा.न.पा, परगना-गोपामऊ और तहसील और जिला हरदोई में है" और श्याम लाल अपनी उक्त सम्पत्ति को आरती रावत पत्नी नीरज कुमार वर्मा को विक्रय कर रहे हैं और वे आधार हाउसिंग फाइनेंस लि०, स्थित 15/1/352, भावना बिल्डिंग, आई हॉस्पिटल रोड, संजय नगर, सीतापुर, 261001 में उक्त सम्पत्ति को बन्धक कर ऋण ले रहे है। यदि उक्त खसरे के सह-खातेदार या अन्य किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त सम्पत्ति के विक्रय अथवा बन्धक के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर आपत्ति करने का कष्ट करें, उपरोक्त समयवधि के बाद किसी प्रकार का कोई दावा विचार योग्य नहीं माना जायेगा। आपत्ति हेतु संपर्क करें द्वारा अधिवक्ता दिव्य कुमार श्रीवास्तव, आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि०, मो0-7355544102, 9559667676

**सूचना**

सूचित हो कि पूजा प्रकाश मिश्रा एवं पूजा सिंह दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं। भविष्य में पूजा प्रकाश मिश्रा को **पूजा सिंह** के नाम से जाना व पहचाना जाये। **पूजा सिंह, निवासी- फ्लैट नं.-304, लायलैक-बी, ओमेक्स रेजीडेन्सी, आर-1, अर्जुनगंज, लखनऊ।**

## पुरुष व महिला आरक्षियों का दरोगा में चयन



इटावा। उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सीधी भर्ती में जनपद में नियुक्त 17 आरक्षी एवं 4 महिला आरक्षी का चयन उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस पद पर हुआ। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में सभी चयनित पुलिस कर्मियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया साथ ही सभी को मिठान्न वितरित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

सम्मान समारोह के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने चयनित पुलिस कर्मियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई देते हुए कहा कि वर्दी केवल अधिकार नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व, अनुशासन, संवेदनशीलता एवं निष्पक्ष सेवा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि आरक्षी से उपनिरीक्षक तक का यह सफर कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास, धैर्य एवं निरंतर अध्ययन का परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल चयनित पुलिस कर्मियों के लिए, बल्कि सम्पूर्ण इटावा पुलिस परिवार के लिए भी गर्व का विषय है। इनमें आरक्षी दुर्गेश कुमार, अनमोल जायसवाल, विशेष कुमार, आकाश कुमार, भारत सिंह, पंकज कुमार, धर्मेश गिरि, नीतेश कुमार, सौरभ सिंह, हिमांशु, विशाल परमार, विकास, प्रशांत गिरि, गोविंद मिश्रा, अक्षय कुमार, महिला आरक्षी गीता, साक्षी, नेहा शयौरान, डिम्पल पाठक रहीं।

## युवती का शव घर पर लटका मिला

भरथना, इटावा। करीब 22 वर्षीय युवती का शव फांसी के फन्दे पर झूलता मिलने से परिजनों में चीख पुकार के बीच कोहराम मच गया। कस्बा के मुहल्ला महावीरनगर निवासी फोटोग्राफर बालकृष्ण की करीब 22 वर्षीय पुत्री मुस्कान एक निजी विद्यालय में अध्यापन कार्य करती थी। वह अपने पिता के साथ घर की ऊपरी मंजिल पर निवासरत थी। चूंकि मुस्कान की माँ उर्मिला देवी का करीब तीन वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। वह अपने पिता की इकलौती संतान थी। मकान की निचली मंजिल पर उसके अन्य परिजन चाचा आदि निवास करते हैं।


# सीएम डैशबोर्ड में विकास कार्यों के प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

- पर्यटन की खराब रैंकिंग पर अनुपस्थित पर्यटन अधिकारी को स्पष्टीकरण देने के निर्देश
- स्ट्रैटेजी बनाकर विभागीय अधिकारी रुचि लेकर रैंक सुधारें : घनश्याम मीना




उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों की प्रगति का विभागवार अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर अंकित सभी परियोजनाओं एवं योजनाओं की प्रगति निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित की जाए। समीक्षा में जननी सुरक्षा योजना पर्यटन पंचायती राज के 15 वित्त आयोग पांचवें वित्त आयोग द्वारा कराए जाने वाले कार्य फैमिली आईडी, सामूहिक विवाह सहित अन्य विभागों के खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त कर कड़ी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना में खराब रैंकिंग पर सीएमएस का तत्काल प्रभाव से स्पष्टीकरण काल करने के साथ वेतन रोकने के निर्देश जिला अधिकारी ने दिया। इसी प्रकार पर्यटन की खराब रैंकिंग पर अनुपस्थित पर्यटन अधिकारी का स्पष्टीकरण कॉल करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। पंचायती राज की खराब रैंकिंग पर बैठक में पहुंचे अपर जिला पंचायत राज अधिकारी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर निर्देश देते हुए कहा कि 15 वें और पांचवें वित्त आयोग द्वारा कराए जाने वाले कार्यों को गंभीरता से लिया जाए जो भी धनराशि मिली है उसके तहत सभी शतप्रतिशत कार्य समय से पूर्ण किया जाए। सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी विभाग की लापरवाही के चलते जनपद की रैंक खराब हुई तो संबंधित अधिकारी की सर्विस बुक पर प्रतिकूल प्रविष्टि एड की जाएगी। कहा की स्ट्रैटेजी बनाकर विभागीय अधिकारी गंभीरता के साथ रुचि लेकर रैंक सुधारें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, परियोजना निदेशक तेजवंत जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी चित्रा दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद की रैंक कम होने पर डीएम ने चिंता जतायी



इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड दर्पण पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जून 2026 की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास पर जनपद की रैंक 70 होना चिंता का विषय है। सभी विभाग अपने-अपने इंडिकेटरों में सुधार लाते हुए जनपद को शीर्ष-10 में लाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें। बैठक में फैमिली आईडी की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परिवारों की फैमिली आईडी बनी होगी, उन्हीं के राशन कार्ड बनाए जाएंगे। इसलिए सभी पात्र परिवारों की फैमिली आईडी प्राथमिकता के आधार पर बनाई जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि पंचायत सहायकों को अभियान में लगाकर कार्य में तेजी लाई जाए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने दैनिक विद्युत आपूर्ति की खराब परियोजना रैंक पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड स्टाफ को सक्रिय कर नियमित सर्वे एवं मॉनिटरिंग कराई जाए तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्युत लाइनों के आसपास पेड़ों की समयबद्ध छंटाई कराने के भी निर्देश दिए ताकि आपूर्ति बाधित न हो। बैठक के दौरान उप कृषि निदेशक सतीश पांडेय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, संस्कृत पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी, परियोजना अधिकारी यूपीनेडा प्रिया शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सावन मेला तैयारियों पर आज होगी डीएम की अहम बैठक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आगामी सावन मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शुक्रवार को नगर पालिका परिषद सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में मेला व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक अपराह्न चार बजे नगर पालिका परिषद सभागार में होगी। इसमें श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों को सौंपे गए कार्यों की प्रगति भी परखी जाएगी। साथ ही सावन मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए विभागवार जिम्मेदारियां तय कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। प्रशासन का प्रयास है कि इस वर्ष सावन मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में मेला व्यवस्थाओं को लेकर अंतिम रणनीति पर भी चर्चा होने की संभावना है।

## चौका नदी में डूबे बालक का मिला शव

लखीमपुर खीरी। नकहा चौकी क्षेत्र के सकेथू पुल के पास चौका नदी में मंगलवार को नहाते समय डूबे 12 वर्षीय अनिकेत पुत्र रमेश का शव देर शाम घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर क्षत-विक्षत अवस्था में बरामद हुआ। शव की स्थिति देखकर किसी जलीय जीव के हमले की आशंका जताई जा रही है, जिसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी। तलाश के दौरान ग्रामीण रामसनेही पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया, जिन्हें वनकर्मियों और ग्रामीणों ने बचाकर सीएचसी नकहा भेजा। पुलिस व वन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने बाइक को रौंदा चालक की मौत भाई जख्मी

मोहम्मदी खीरी। कस्बा बरवर के नेशनल हाईवे के सीताराम चौराहा पर बाइक सवार दो सगे भाइयों को ट्रैक्टर ट्राली चालक ने टक्कर मारकर कुचल दिया जिससे बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई पीछे बैठे बड़े भाई की जख्मी हो गये सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जानकारी अनुसार सर्वेश त्रिपाठी 55 निवासी गांव कजरी निगोही जिला शाहजहांपुर अपनी बाइक पर पीछे बड़े भाई दिनेश को बैठाकर अपनी ससुराल बरगवां से घर वापस लौट रहे थे। चौराहा पर बाइक पहुंचते समय मोहम्मदी की ओर से जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी जिससे चालक सर्वेश की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि पीछे बैठा भाई बाल बाल बच गया आरोपी ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भागने में सफल रहा पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश शुरू की है।

## खड़ी बाइक में लगी भीषण आग चंद मिनटों में जलकर राख

धौरहरा खीरी। धौरहरा तहसील गेट के बाहर गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क किनारे खड़ी एक बाइक में अचानक आग भड़क उठी।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही मिनटों में पूरी बाइक जलकर राख हो गई।घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। ईसानगर निवासी जावेद पुत्र सलीम खान अपनी 2019 मॉडल की बाइक यूपी-31 बीएच-8370 से तहसील कोर्ट में पेशी के सिलसिले में आए थे।वह अपने अधिवक्ता राजू शुक्ला के चैंबर में मौजूद थे।इसी दौरान तहसील गेट के सामने मैदान में खड़ी उनकी बाइक से अचानक धुआं उठने लगा और कुछ ही क्षणों में आग की तेज लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया।बाइक में मौजूद पेट्रोल के कारण आग तेजी से फैल गई और वाहन धू-धू कर जलने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।लेकिन शुरूआती समय में आग बुझाने के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं थे।स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया।लेकिन तब तक बाइक लगभग पूरी तरह जल चुकी थी। हैरानी की बात यह रही कि घटना स्थल से करीब 500 मीटर की दूरी पर फायर स्टेशन होने के बावजूद आग बुझाने के लिए दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंचा।

# सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण

## डीएम ने गुणवत्ता व समयबद्धता के दिए निर्देश



लखीमपुर खीरी। जनपद में बेहतर सड़क संपर्क और नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चल रहे विकास कार्यों की निगरानी लगातार की जा रही है। इसी क्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने नगर पालिका परिषद लखीमपुर के मोहल्ला कंचनपुरी में नहर पटरी से उमेश कुमार के मकान होते हुए गोला मार्ग तक निमार्णाधीन सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

यह सीसी सड़क लगभग 430 मीटर लंबी एवं 4 मीटर चौड़ी निर्मित की जा रही है। निरीक्षण के समय सड़क निर्माण के लिए नहर की ओर बॉक्सिंग का कार्य प्रगति पर था। डीएम ने मौके पर मौजूद अधिशासी अधिकारी, अवर अभियंता से निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, बॉक्सिंग की मजबूती, सड़क निर्माण के संबंध में जरूरी निर्देश दिए।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता और निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराया जाए। कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा घटिया सामग्री का प्रयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य के प्रत्येक चरण की नियमित निगरानी की जाए तथा तकनीकी मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब न होने पाए। निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण कार्य पूरा किया जाए, ताकि नगरवासियों को शीघ्र बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा करने और किसी भी कमी को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए।

# मोहम्मदी के डॉक्टर ने यमुना नदी में कूद कर दी जान

- पत्नी ने आरोपित पर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का लगाया आरोप
- अस्पताल प्रबंधक समेत 4 के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव शेखापुर के एक डॉक्टर औरैया में अस्पताल पर तैनाती के दौरान स्टाफ कर्मियों द्वारा शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना देने से परेशान होकर नदी में छलांग लगा दी सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने शव बरामद कर लिया है। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शिनाख्त करने पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है पत्नी ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी पुलिस ने अस्पताल प्रबंधक समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी अनुसार गांव शेखापुर निवासी नंदकिशोर का पुत्र डॉक्टर सौरव बाजपेई औरैया के रामावतार हॉस्पिटल में लंबे समय से कार्यरत थे। कुछ दिन पहले अपने गांव से वापस अस्पताल ड्यूटी पर गए थे। स्टाफ कर्मियों द्वारा शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना देने की बात उन्होंने कई बार अपनी पत्नी को मोबाइल पर बताई थी। बुधवार को शाम 5 बजे करीब यातनाओं से क्षुब्ध होकर 3 किलोमीटर दूरी पर यमुना नदी में छलांग लगा दी जिससे हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस और एनडीआरएफ दल के जवानों ने तेज धार के बीच लंबी दूरी से गुरुवार को शव बरामद कर लिया है सूचना पर परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव की शिनाख्त करते हुए पिता की शिकायत पर पुलिस ने अस्पताल प्रबंधक समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या समेत कई संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया मृतक अपने पीछे पितानंद किशोर, मां दीपशिखा, पत्नी रूबी और एक 5 वर्ष का पुत्र को रोते बिलखते छोड़ गया है।

## तीर्थ सरोवर के प्राचीन कुएं को मिला नया स्वरूप



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छोटी काशी कॉरिडोर निर्माण कार्य के तहत सावन मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में तीर्थ सरोवर स्थित प्राचीन कुएं का सौंदर्यीकरण कर उसे नया स्वरूप दिया गया है। मरम्मत और सौंदर्यीकरण के बाद अब कुआं पहले से अधिक आकर्षक और सुरक्षित दिखाई दे रहा है। कुएं के ऊपर लगा पुराना लोहे का जाल काफी समय से जर्जर हो चुका था, जिसे हटाकर नया मजबूत जाल लगाया गया है। इसके साथ ही कुएं की चारों ओर की दीवार पर ग्रेनाइट पत्थर लगाकर उसका सौंदर्य बढ़ाया गया है। नए लोहे के जाल पर रंग-रोगन का कार्य भी कराया गया है, जिससे पूरे परिसर की सुंदरता में निखार आया है। कॉरिडोर निर्माण से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि सावन मेले में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए तीर्थ सरोवर क्षेत्र को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाया जा रहा है। धार्मिक महत्व वाले स्थलों का संरक्षण करते हुए आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्राचीन कुएं के सौंदर्यीकरण से न केवल इसकी ऐतिहासिक पहचान सुरक्षित होगी, बल्कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा भी पहले की अपेक्षा अधिक सुनिश्चित हो सकेगी।

## सीजीएन पीजी कॉलेज में प्रवेश शुरू, बदली काउंसलिंग व्यवस्था



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सीजीएन पीजी कॉलेज में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए बीए एवं एमए प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय प्रशासन ने चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश 16 जुलाई से ष्पहले आओ, पहले पाओष्के आधार पर शुरू कर दिए हैं। प्रवेश प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और छात्र हितैषी बनाने के लिए इस बार काउंसलिंग व्यवस्था में बदलाव किया गया है। प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने बताया कि इस वर्ष अभ्यर्थियों को प्रवेश के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए एक ही कक्ष में संपूर्ण काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया की व्यवस्था की गई है। अब विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र सत्यापन, शुल्क जमा करने और अन्य औपचारिकताओं के लिए अलग-अलग कक्षों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने बताया कि बीए प्रथम वर्ष में हिन्दी, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, संस्कृत, शारीरिक शिक्षा एवं गृह विज्ञान तथा एमए प्रथम वर्ष में हिन्दी, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, समाजशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र विषयों में प्रवेश दिए जा रहे हैं। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से निर्धारित समय पर आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार भाई की मौत दूसरा घायल

पसगवां खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के कोतवाली पसगवां क्षेत्र के नगर पंचायत बरबर में वृहस्पतिवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया हादसे में एक भाई को मौत व दूसरा घायल हो गया। बताया जा रहा है कि जनपद शाहजहांपुर के निगोही थाना क्षेत्र के ग्राम कजरी नूरपुर निवासी सर्वेश त्रिपाठी अपने भाई विनय त्रिपाठी के साथ अपनी बाइक सख्या डी एल 5 एस ए क्यूं 4034 पर सवार होकर जनपद हरदोई के वरगंवा गांव अपनी सुसराल गए हुए थे जहां से वापस लौटते समय नगर पंचायत बरबर के सीताराम चौराहे के पास नेशनल हाइवे 730 पर उन्होंने अपने आगे चल रही धान से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली सख्या यूपी 31 बी 3230 को ओवरटेक करने का प्रयास किया इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई, और बाइक सवार सर्वेश त्रिपाठी ( 56 ) वर्ष ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गए जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।वही उनके भाई विनय त्रिपाठी उछलकर दूर जा गिरे जिससे बह घायल हो गए, हादसे सूचना मिलते ही परिजनों और बेटी के ससुरालियों में हड़कंप मच गया। हादसे को सूचना मिलते की मौके पर पहुंची पसगवां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है, हादसे में दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर ट्रॉली और बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पसगवां कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई है, शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्यवाही की जाएंगी। मृतक के दो बच्चे बेटा कमल त्रिपाठी और एक बेटी जो विवाहित है। इस दुखद घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## बंद घर का ताला तोड कर 12 लाख के जेवर समेट ले गये, वारदात से दहशत



सीतापुर। हरगांव कस्बे में चोरों ने एक बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर करीब 12 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। वारदात से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। लगातार हो रही चोरियों से नाराज लोगों ने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठाते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। गुरुदेवनगर मोहल्ला निवासी किशोर कुमार गुप्ता ने बताया कि वह 7 जुलाई को परिवार सहित वाराणसी गए थे। घर पूरी तरह बंद था। 15 जुलाई की शाम उनके चाचा संतोष कुमार गुप्ता ने फोन कर बताया कि घर का मुख्य गेट खुला हुआ है। इस पर उन्होंने बताया कि वह अभी वाराणसी में ही हैं। बृहस्पतिवार सुबह घर लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य गेट खुला था। अंदर रखी अलमारी, बक्सा और तिजोरी के ताले टूटे पड़े थे। चोर घर में रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषण समेट ले गए। पीड़ित के अनुसार चोरी गए जेवरों की कीमत करीब 12 लाख रुपये है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पीड़ित ने हरगांव थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और सक्रिय अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही चोरी का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

## विवाहिता की संदिग्धहालत में मौत, पति समेत चार पर मुकदमा, दहेज हत्या का आरोप

सीतापुर। थाना पिसावां क्षेत्र के जिगिनिया गांव में गुरुवार दोपहर एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति, सास, ससुर और ननद के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीलीभीत जिले के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गुड़िया हुलास गांव निवासी अनिल कुमार मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2024 में उन्होंने अपनी पुत्री निशा देवी उर्फ नीतू का विवाह जिगिनिया निवासी विनीत पांडेय से किया था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से पति विनीत, सास सीमा देवी, ससुर सत्यप्रकाश पांडेय तथा ननद डोली उर्फ भूरा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नीतू का उत्पीड़न करते थे। गुरुवार को सूचना मिलने पर परिजन ससुराल पहुंचे तो नीतू का शव घर के अंदर मिला। परिजनों ने शव पर चोट के निशान होने का भी आरोप लगाया। सूचना पर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता, पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य एकत्र कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

सीतापुर। महमूदाबाद थाना क्षेत्र में बुढ़वल-सीतापुर रेलवे लाइन पर महमूदाबाद अवध रेलवे स्टेशन से पहले गुरुवार दोपहर एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे महमूदाबाद अवध रेलवे स्टेशन से लगभग 200 मीटर पूर्व रेलवे ट्रैक पर करीब 18 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही जीआरपी के एसआई राजेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक सफेद सैंडो बनियान और जींस पहने हुए था। तलाशी के दौरान उसके पास से ट्रेन संख्या 15529 जनसाधारण एक्सप्रेस का बिहार के सहरसा से आनंद विहार ( दिल्ली ) तक का टिकट बरामद हुआ ।जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना देकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक तौर पर मामला ट्रेन की चपेट में आने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# तराई क्षेत्र के दो युवक प्रदेश पुलिस में बनेंगे दरोगा





धौरहरा खीरी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस बल में उप निरीक्षक पदो की सीधी भर्ती के लिए हुई परीक्षा के बाद जारी किए गए कुल 4543 छात्रों के रिजल्ट में धौरहरा जैसे पिछड़े तराई क्षेत्र से दो होनहार युवक अब दुनिया के सबसे बड़े पुलिस बल मे शामिल होने से क्षेत्र में चारों तरफ खुशी का माहौल दिखाई पड़ा ।इन दोनों युवकों के परिजनों के साथ साथ अन्य लोग भी अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते दिखे। प्राप्त विवरण के अनुसार उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस बल में उप निरीक्षक नागरिक पुलिस समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 पी. आर. बी. बी. (एस आई वर्ग ) 3/25 उप निरीक्षक नागरिक पुलिस परिणाम में पास आउट 4543 छात्रों की सूची में तहसील क्षेत्र के ग्राम रमियाबेहढ निवासी शिक्षक राम भक्त तिवारी के पौत्र व शिक्षा मित्र राकेश मोहन/रेखा तिवारी के पुत्र आशुतोष तिवारी ने प्रदेश में चौथा स्थान लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। दूसरी तरफ कस्बा धौरहरा निवासी रविंद्र सिंह भदौरिया पशु चिकित्सा विभाग के रिटायर्ड कर्मी के पौत्र व अयय सिंह/कविता सिंह के पुत्र शौर्य प्रताप सिंह भदौरिया उर्फ मुन्ना 288 रैंक पर चयन होने से परिवार से लेकर शुभचिंतकों ने परिवार को शुभकामनाएं दी ।पिछड़े व तराई क्षेत्र से दो होनहार युवकों को दुनिया के सबसे बड़े अनुसांगिक बल में स्थान मिलने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

इस मामले में जानकारी करने पर क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह ने दोनों चयनित युवकों को उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार में शामिल होने पर शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कल निकलेगी श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा

## महोली में जगह-जगह रथयात्रा का श्रद्धालु करेंगे स्वागत



**महोली/सीतापुर।** नगर में शनिवार को भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर प्रशासन व प्रतिष्ठित व्यापारियों ने कमर कस ली है। रथयात्रा को भव्यता का रुप प्रदान करने के लिए प्रशासन द्वारा नगर को सजाने संवारने का काम इन दिनों युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। डिवाइडर पर स्ट्रीट लाइट के लिए लगे पोल का रंग-रोगन के साथ साथ नगर के चैराहों को सजाया जा रहा है। तैयारियों में व्यापारी व समाज सेवी प्रशासन का बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा सदियों पुरानी परंपरा है धार्मिक मान्यता है कि इन दिनों भगवान अपनें मंदिर से बाहर निकलकर भक्तों को दर्शन देते हैं। पहले यह उत्सव जगन्नाथपुरी में मनाया जाता था लेकिन अब यह देश विदेश के अनेक स्थानों पर श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। आयोजकों के अनुसार 18 जुलाई शनिवार को कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर दो बजे से सायं 4 बजे तक भगवान जगन्नाथ की दिव्य कथा के साथ होगी। इसके बाद भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए नगर में भगवान के रथ को खींचनें का शौभाग्य प्राप्त करेंगे। इस बीच जगह जगह नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ श्रद्धालुओं को जलपान कराया जाएगा। रथयात्रा के समापन पर बाबा बैजनाथ धाम में प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजकों ने नगर व क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि नगर में भगवान श्री जगन्नाथ जी का यह पहला कार्यक्रम है। रथयात्रा में सभी श्रद्धालु परिवार समेत शामिल होकर भगवान के इस पुण्य कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें।

## महिला से ठगी का एक सप्ताह बाद भी नहीं हुआ खुलासा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। खुटार रोड पर महिला से झांसा देकर नकदी और सोने के आभूषण ठगने के मामले में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपितों तक नहीं पहुंच सकी है। कार्रवाई में देरी से आहत पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी महक शर्मा से मिलकर मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। कुसमी कॉलोनी निवासी नंदिनी पत्नी अजीत सिंह ने क्षेत्राधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 8 जुलाई की सुबह वह खुटार रोड से गुजर रही थीं। इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्तियों ने बातचीत के बहाने उन्हें अपने विश्वास में ले लिया। आरोप है कि दोनों ने उनसे 20 हजार रुपये नकद, सोने की चेन और एक अंगूठी लेकर बदले में एक कागज का पैकेट थमा दिया। कुछ दूर जाने के बाद जब उन्होंने पैकेट खोला तो उसमें बेकार कागज मिले और तब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का पता चला। पीड़िता का कहना है कि घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई थी, लेकिन एक सप्ताह बाद भी आरोपितों का कोई सुराग नहीं लग सका। उनका आरोप है कि मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से वह मानसिक रूप से परेशान हैं। क्षेत्राधिकारी से मिलकर पीड़िता ने आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी और ठगी गई नकदी व आभूषण बरामद कराने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों की तलाश जारी है।

## शहर में दिनभर बिजली संकट, उपभोक्ता रहे परेशान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर में बिजली व्यवस्था लगातार पटरी से उतरती नजर आ रही है। गुरुवार को भी अलग-अलग फीडरों पर दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे भीषण गर्मी और उमस के बीच लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बार-बार ट्रिपिंग और अघोषित कटौती से आमजन के साथ व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित रहीं। शिव मंदिर फीडर, नई बाईपास समेत कई क्षेत्रों में दिनभर बिजली के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। कहीं लंबे समय तक आपूर्ति बंद रही तो कहीं बार-बार फॉल्ट के कारण बिजली गुल होती रही। इससे घरों में पेयजल संकट गहरा गया, इनवर्टर जवाब देने लगे और लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में बिजली संकट अब रोज की समस्या बन गया है। बिना किसी पूर्व सूचना के हो रही कटौती और लगातार ट्रिपिंग से उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि बार-बार बिजली जाने से दुकानों और छोटे कारोबारों पर भी असर पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग से मांग की है कि फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए तथा शहरवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो गर्मी के मौसम में परेशानियां और बढ़ सकती हैं।

# युवक के मोबाइल पर विदेशी नंबरों से दर्जनों व्हाट्सएप कॉल व संदेश, जांच की मांग



सीतापुर। संदना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बकछेरवा मजरा गोडियनपुरवा निवासी गोविंद प्रसाद के मोबाइल फोन पर पाकिस्तान से जुड़े विदेशी नंबरों से लगातार व्हाट्सएप कॉल और संदेश आने का मामला सामने आया है। बुधवार से शुरू हुई इस कॉलिंग ने युवक और उसके परिवार की चिंता बढ़ा दी है। पीड़ित का आरोप है कि साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने के बावजूद उसे कोई ठोस राहत नहीं मिली। गोविंद प्रसाद के अनुसार, लगातार आ रही विदेशी कॉलों की जानकारी उन्होंने स्थानीय पुलिसकर्मी गौरव को दी। उनकी सलाह पर उन्होंने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन वहां से केवल एक मोबाइल ऐप डाउनलोड करने की सलाह दी गई और समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि विदेशी नंबरों से आने वाली कॉल और संदेश साइबर ठगी या अन्य आपराधिक गतिविधियों का हिस्सा हो सकते हैं। ऐसे मामलों में तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इस संबंध में क्षेत्रीय दरोगा मुकेश सिंह ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। वहीं सिपाही गौरव ने पुष्टि की कि गोविंद प्रसाद का फोन उनके पास आया था और उन्होंने ही उन्हें साइबर हेल्पलाइन पर संपर्क करने की सलाह दी थी। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान विदेशी नंबर से आने वाली कॉल, व्हाट्सएप संदेश या लिंक पर प्रतिक्रिया न दें, ऐसे नंबरों को तुरंत ब्लॉक करें और संबंधित एजेंसियों को सूचना दें।

## नहर पुल पर चप्पल और दुपट्टा मिलने से हड़कंप

सीतापुर। महमूदाबाद के नूरपुर स्थित शारदा सहायक नहर में गुरुवार सुबह एक युवती के कूदने की आशंका से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। नहर पुल के पास एक जोड़ी चप्पल और दुपट्टा मिलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ तथा ग्रामीण गोताखोरों की मदद से नहर में तलाश अभियान शुरू कराया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह पुल से गुजर रहे लोगों की नजर पुल के किनारे रखी एक जोड़ी चप्पल और दुपट्टे पर पड़ी। इससे लोगों ने आशंका जताई कि किसी युवती ने नहर में छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही महमूदाबाद कोतवाल भानु प्रताप पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने चप्पल और दुपट्टे को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल भानु प्रताप ने बताया कि युवती के नहर में कूदने की सूचना मिली थी। उसकी तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम और ग्रामीण गोताखोरों को लगाया गया है। फिलहाल युवती का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड-अयोध्या

पत्रांकः- 836 /न.नि.ख.अयो./अधि0अभि0/निविदा/2026-27/ दिनांक 14 जुलाई, 2026

अल्पकालीन निविदा संख्या-12/अधि0अभि0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नलकूप-पूर्व परिक्षेत्र अयोध्या के अन्तर्गत 1.0 क्यूसेक क्षमता के 15 अद्द असफल राजकीय नलकूपों के पुनःनिर्माण की परियोजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद पृथक-पृथक अल्पकालीन निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वगीर्कृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 30.07.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। मुहरबंद निविदाएं दिनांक 30.07.2026 को प्रातः 11:30 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में रखे गये निविदा बॉक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 30.07.2026 को उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 02:00 बजे से अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओ ं अथवा उनके प्रतिनिधियों के अनुपस्थित होने पर, निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 23.07.2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 29.07.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती हैं। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शते ं निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा (नग) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी.एस.टी. (रू. में)+ स्टेश्नरी | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| Lot No. 01 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35mm size from Lalkuan to Dist. Ambedkar nagar store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 100 घन मीटर | 9.00 | 18000.00 | 225.00 +GST (नियमानुसार) +500.00 | 45 दिवस | "A" अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No. 02 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35mm size from Lalkuan to Dist. Sultanpur store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 100 घन मीटर | 8.70 | 18000.00 | 225.00 +GST (नियमानुसार) +500.00 | 45 दिवस | "A" अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No. 03 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35mm size from Lalkuan to Dist. Barabanki store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 50 घन मीटर | 4.05 | 9000.00 | 150.00 +GST (नियमानुसार) +500.00 | 45 दिवस | "A" अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No. 04 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35mm size from Lalkuan to Dist. Bahraich store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 45 घन मीटर | 3.60 | 9000.00 | 150.00 +GST (नियमानुसार) +500.00 | 45 दिवस | "A" अथवा उच्च श्रेणी |

निविदा से सम्बंधित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

UPID-253801 Date: 16.07.26
Website : www.upgov.nic.in

(विजय कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

संक्षेप

## राहुल को आज राज्यपाल करेंगी सम्मानित



**सुल्तानपुर।** शहर के महुअरिया निवासी राहुल कुमार मिश्रा ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के 21वें दीक्षांत समारोह में शुक्रवार को उन्हें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हाथों स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। राहुल ने विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन पाठ्यक्रम में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। राहुल की इस सफलता से उनके परिवार, गुरुजनों और पूरे जिले में खुशी का माहौल है। उनकी उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिलने वाला यह सम्मान उनकी लगन, अनुशासन और निरंतर मेहनत का परिणाम है। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मेधावी छात्र-छात्राओं को उपाधियां और पदक प्रदान करेंगी। स्थानीय लोगों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## दूसरी मंजिल से गिरी महिला की हुई मौत

**लालगंज, रायबरेली।** नगर के अंबेडकर मार्ग पर बुधवार रात जर्जर छज्जा टूटकर गिर जाने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के समय महिला छज्जे पर खड़े होकर अपने बेटे को आवाज दे रही थी। सोनी परिवार की 45 वर्षीय सुमन देवी पत्नी दयाशंकर सोनी मकान की दूसरी मंजिल पर खड़ी होकर नीचे खड़े अपने पुत्र शिवांशु सोनी को भोजन के लिए आवाज दे रही थी। इसी दौरान मकान का जर्जर छज्जा अचानक टूट गया और सुमन देवी छज्जे के साथ सड़क पर आ गिरीं। घटना रात 10 बजे की है। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें उठाकर लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण ड्यूटी पर मौजूद डॉ. अमल पटेल ने इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात सुमन देवी ने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद नगर में पुराने और जर्जर मकानों की सुरक्षा को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## विदाई समारोह आयोजित

**सलोन, रायबरेली।** उपडाकघर में सफल कार्यकाल के बाद जगतपुर का चार्ज मिलने पर निवर्तमान डाक सहायक रत्नेश मिश्रा का उपडाकघर परिसर में विदाई समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान स्टाफ कर्मी ने डाक सहायक को फूल माला शाल पहना कर तथा स्मृति चिन्ह देकर उन्हें विदा किया गया। लगभग ढाई साल तक वे सलोन डाकघर में डाक सहायक के पद पर तैनात रहकर कार्य किया। इस मौके पर पोस्टमास्टर राम कुमार ने कहा कि सहायक रत्नेश मिश्रा ने सलोन डाकघर में पूरी निष्ठा से अपने कार्य को अंजाम दिया है जो मेहनत और कर्मठता को दरसाता हैं और सभी लोगों से मिलजुल कर काम किया। उन्होंने कहा कि रत्नेश की जितनी प्रशंसा की जाए उनती कम है। अभिषेक ने कहा मिलनसार और कुशल व्यक्तित्व के सलोन उपडाकघर में तैनात रत्नेश मिश्रा रहे जिन्होंने जनता के दिलो पर राज किया है।

# पात्रों तक शत-प्रतिशत पहुंचे योजनाओं का लाभ : डीएम

### ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कराया जाये सत्यापन



**रायबरेली।** डीएम सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम्य विकास विभाग व पंचायती राज विभाग के अंतर्गत जनपद में संचालित ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना तथा वीबी जीरामजी कार्यक्रम सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के सभी पात्र किसानों को योजना का लाभ शत-प्रतिशत उपलब्ध कराया जाए। जिन लाभार्थियों को किसी तकनीकी अथवा अन्य कारणों से योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराते हुए उन्हें शीघ्र लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र किसान किसी भी स्थिति में योजना के लाभ से वंचित न रहें। वीबी जीरामजी कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विकास कार्य तत्काल प्रारंभ कराए जाएं।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में तालाबों की खुदाई, व्यापक वृक्षारोपण, विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में किचन गार्डन का विकास, विद्यालयों की बाउंड्रीवाल निर्माण जैसे जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। साथ ही प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम पांच उत्कृष्ट एवं मॉडल विकास कार्य चिन्हित कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं, ताकि अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी वे प्रेरणास्त्रोत बन सकें। ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई एवं ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, उप निदेशक कृषि हिमांशु पाण्डेय सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रद्धा व उल्लास से निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

**लालगंज, रायबरेली।** नगर में बुधवार को बड़े ही धूमधाम और भव्यता के साथ भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने रस्से के सहारे रथ को खींचकर भगवान के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा प्रकट की। जयकारों और भजन कीर्तन के साथ पूरा नगर भक्तिमय हो उठा।

रथ यात्रा का शुभारंभ श्री भैरवनाथ मंदिर, सराफा मंडी से हुआ। सज-धज कर तैयार रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी को विराजमान किया गया। पंडित अवध बिहारी शास्त्री सहित पुजारियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर यात्रा को रवाना किया। रथ यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री हनुमान मंदिर, बेहटा चैराहा पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया। बेहटा चैराहा पर भक्तों के लिए प्रसाद वितरण किया गया। कुछ देर विश्राम के बाद रथ यात्रा पुनः प्रारंभ हुई और वापस श्री भैरवनाथ मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में पुनः पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। भजन-कीर्तन और शंख ध्वनि के साथ यात्रा का समापन हुआ।



यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। पूरे मार्ग में जय जगन्नाथ के जयकारे गूंजते रहे। आयोजक मंडल के बच्चन लाल तिवारी, ओमी तिवारी, कैलाश बाजपेई ने बताया कि यह यात्रा हर वर्ष नगर में प्रेम, सौहार्द और धार्मिक एकता का संदेश देती है। रथ यात्रा को सफल बनाने में भाजपा नेता अनूप पांडे, कमल तिवारी, सुरेंद्र गुप्ता, मंटू बाजपेई, जय बाजपेई, अर्पित गुप्ता, बालेश्वर चैरसिया, कैलाश गुप्ता, समर्थगुप्ता, कृष्णा गुप्ता, राजू गुप्ता, पवन गुप्ता रमन गुप्ता, विभा तिवारी, सोनी तिवारी, किशोरी तिवारी सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी, स्थानीय व्यापारी और नगरवासियों का विशेष सहयोग रहा।

## ढाई करोड़ की लागत से चार सड़कों के निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास



**अयोध्या।** नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गुरुवार को लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली चार सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। त्वरित विकास योजना एवं पूर्वांचल विकास योजना के अंतर्गत बनने वाली इन सड़कों से विभिन्न वार्डों के लोगों को बेहतर संपर्क सुविधा मिलने के साथ आवागमन सुगम होगा। शिलान्यास की गई परियोजनाओं में दशरथपुर वार्ड में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग से निरंकारपुर होते हुए मक्खापुर तक 1.12 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 60.75 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। इसके अलावा रायबरेली रोड से सुल्तानपुर रोड तक 1.40 किलोमीटर लंबी सड़क 99.72 लाख रुपये की लागत से बनेगी। हनुमतनगर वार्ड में दीवान फूड के बगल से गौरव स्टेट होम होते हुए सर्वेश्वरी टावर शोरूम तक 300 मीटर लंबी सड़क का निर्माण 35.28 लाख रुपये की लागत से होगा। वहीं रानोपाली क्षेत्र में मणि पर्वत संपर्क मार्ग से श्री नारायण संस्कृत महाविद्यालय तक 370 मीटर लंबी सड़क का निर्माण 48.46 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। रानोपाली में आयोजित कार्यक्रम में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार शहर के प्रत्येक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से हजारों लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश भी दिए। उदासीन आश्रम के महंत भरत दास ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। उन्होंने कहा कि इन मार्गों के निर्माण से स्थानीय लोगों के साथ-साथ श्रद्धालुओं और विद्यार्थियों को भी बड़ी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रमों में महानगर उपाध्यक्ष हरभजन गौड, मीडिया प्रभारी अमित कुमार मिश्र, महेश श्रीवास्तव, निखिल श्रीवास्तव, रमाशंकर निषाद, उमाशंकर मुन्ना सिंह, विनेश मिश्र, लक्ष्मण वर्मा, संजय गुप्ता, दीपक सिंह, रूपेश सिंह, दीपक पाण्डेय, गौरव जायसवाल, सौरभ तिवारी, फूलचंद्र रावत, नितिन पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, अजय गौड, ओम प्रकाश सिंह सहित बडी संख्या में स्थानीय लोगो की मौजूदगी रही।

## सनातन परंपरा में श्रीराम का जीवन प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण: डॉ. बिजेंद्र सिंह

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग तथा श्रीराम शोधपीठ के संयुक्त तत्वावधान में पीएम-उषा योजना के अंतर्गत एक भव्य आयोजन किया गया। संत कबीर सभागार में प्रबंधन में भारतीयता भारतीय ज्ञान परंपरा का समकालीन महत्व विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का माँ सरस्वती की प्रतिमा पर मुख्य अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ उद्घाटन हुआ। उपस्थित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रख्यात प्रबंधन शिक्षाविद प्रो. एसएस खनका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास एवं महंत राजूदास ने विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. बिजेंद्र सिंह ने की। कुलपति प्रो. बिजेंद्र सिंह ने भारतीय ज्ञान और सनातन संस्कृति को प्रबंधन का मूल आधार बताया। उन्होंने कहा कि घ्प्रबंधन की सहजता ही इसका असली मूलमंत्र है और हमारी सनातन परंपरा इसका सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है। आज से 2000 वर्ष पूर्व आदि शंकराचार्य जी द्वारा चारों दिशाओं में मठ-मंदिरों की स्थापना और शिक्षा की जो व्यवस्था की गई थी, वह भारतीय संस्कृति की उस अद्भुत प्रबंधकीय शक्ति का प्रमाण है, जिसे आज की आधुनिक व उच्च वैज्ञानिक तकनीक से भी हासिल करना संभव नहीं है। कुलपति ने अयोध्या की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की यह पावन भूमि सदियों से गुरुकुल, ज्ञान और आचार्य परंपरा का केंद्र रही है, जिसने पूरी दुनिया को सही मायनों में प्रबंधन सिखाया है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे स्वयं को हर परिस्थिति के अनुरूप ढालें। शिक्षकों को चाहिए कि वे छात्र-छात्राओं को श्टास्क ओरिएंटेड असाइनमेंटश दें, ताकि वे व्यावहारिक रूप से समर्थवान और आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्य अतिथि प्रो. एस. एस. खनका ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिस प्रकार सही प्रबंधन और कठिन परिश्रम से एक बेडौल पत्थर को भी सुंदर प्रतिमा में बदला जा सकता है, ठीक वैसे ही मनुष्य अपने जीवन को संवार सकता है।

# डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



जिला संवाददाता (vol)

**चांदा, सुलतानपुर।** जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने गुरुवार को चांदा क्षेत्र के अमरूपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक, आवासीय एवं आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उनके विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, छात्रावास, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई, दैनिक दिनचर्या तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार एवं आवश्यक कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि विद्यालय से जुड़े सभी लंबित मामलों के समाधान के लिए उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई है, जो नियमित रूप से निरीक्षण कर समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्या का भी समाधान करा दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्राओं की सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ वातावरण तथा बेहतर आवासीय सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। प्रशासन का उद्देश्य विद्यालय को पूरी तरह सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाना है, ताकि छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता, एसडीएम प्रीति जैन, एसडीओ चांदा, ग्राम प्रधान अमरूपुर दिनेश चंद्र यादव, विद्यालय स्टाफ एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बूथ से बनेगी जीत की राह, 22 को होगा बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन

**अयोध्या।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक गतिविधियों को तेज कर दिया है। चुनावी रणनीति के तहत बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से भाजपा महानगर इकाई 22 जुलाई को अवध विश्व विद्यालय के विवेकानंद प्रेक्षागृह में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित करेगी। सम्मेलन में महानगर क्षेत्र के सभी बूथ अध्यक्षों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पार्टी ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने महानगर के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं। बैठक में प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को सम्मेलन स्थल तक पहुंचाने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्टी का लक्ष्य महानगर के शत-प्रतिशत बूथ अध्यक्षों की सम्मेलन में उपस्थिति सुनिश्चित करना है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत का आधार मजबूत बूथ संगठन होगा। उन्होंने कहा, बूथ अध्यक्ष संगठन की सबसे मजबूत कड़ी हैं। बूथ जितना सशक्त होगा, संगठन उतना ही प्रभावी होगा। सम्मेलन के माध्यम से बूथ अध्यक्षों को संगठन की आगामी रणनीति और जिम्मेदारियों से अवगत कराया जाएगा, ताकि 2027 के चुनाव में भाजपा फिर से ऐतिहासिक सफलता हासिल कर सके। भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सम्मेलन केवल एक संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आगामी चुनाव की तैयारियों का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने कहा, ष्हमारी योजना महानगर के 100 प्रतिशत बूथ अध्यक्षों की सम्मेलन में भागीदारी सुनिश्चित करने की है। बूथ स्तर तक सक्रिय और सशक्त संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। प्रत्येक पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है और सभी मिलकर सम्मेलन को सफल बनाएंगे। बैठक में परमानंद मिश्रा, शैलेंद्र कोरी, तिलक राम मौर्य, शिवम शुक्ला, प्रवीण दुबे, शशि प्रताप सिंह, अरविंद सिंह, रीना द्विवेदी, स्वाति सिंह, गरिमा मौर्य, रवि सोनकर, मुकेश, कपिल देव वर्मा, हेमंत जायसवाल, जय प्रकाश श्रीवास्तव, चंदन कसेरा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने किया विरोध-प्रदर्शन





- एसडीएम के स्थानांतरण की मांग को लेकर शुक्रवार को डीएम से मिलेगा प्रतिनिधि मंडल

**लंभुआ, सुलतानपुर।** एसडीएम के कार्य व्यवहार से नाराज अधिवक्ता गुरुवार को जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया और उनके स्थानांतरण की मांग को लेकर शुक्रवार को डीएम से प्रतिनिधि मंडल मुलाकात करेगा और अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक एसडीएम का स्थानांतरण नहीं हो जाता है तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

बार एसोसिएशन लंभुआ अध्यक्ष राम सागर पाठक एवं सचिव राज बहादुर श्रीमाली के नेतृत्व में अधिवक्ता तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं एसडीएम के कार्य व्यवहार से असंतुष्ट होकर गुरुवार को छठे दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहे तथा विरोध स्वरूप तहसील परिसर से दुगार्पुर जनपदीय मार्ग तक शांतिपूर्ण ढंग से नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और एसडीएम प्रीति जैन के स्थानांतरण तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। अधिवक्ताओं का कहना था कि तहसील के हर पटल पर भ्रष्टाचार व्याप्त है और अधिवक्ताओं के साथ एसडीएम का कार्य व्यवहार ठीक नहीं है। बिना सामंजस्य के अधिकारियों को न्याय कैसे दिला सकते हैं। जुलूस प्रदर्शन में भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया, जिसमें अध्यक्ष एवं महामंत्री के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्रनाथ शुक्ला, पीएन सिंह, राम आसरे प्रजापति, केपी सिंह, केदारनाथ यादव, पुनीत मिश्रा, रविंद्र सिंह, राजेश प्रताप सिंह, राम अवध यादव, भयेन्द्र जीत यादव, अर्जुन चौरसिया, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, चंद्रदेव मिश्रा, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, गायत्री प्रसाद पाण्डेय, चिंतामणि पांडेय, राम आसरे सिंह, साधु सिंह, दान बहादुर यादव, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, अशोक सरोज, सत्य प्रकाश यादव, कौशलेंद्र सिंह, देवेंद्र नाथ आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एक लाख की आबादी बिजली कटौती से त्रस्त

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** उमस भरी भीषण गर्मी के बीच बुधवार की रात लगभग ढाई घंटे घंटा बिजली कटौती से उपभोक्ता त्रस्त है। कटौती से किसानो मे पानी न होने धान की रोपाई मे पंपिंग सेट लगाकर जेब ढीली करने को मजबूर है। रात मे बिजली कटौती से सभी फीडरो पर एक लाख की आबादी रतजगा को बिवश रही।

- रातभर जागकर बिस्तर पर करवट बदलने को मजबूर है उपभोक्ता

दियरा विद्युत उपकेंद्र से संचालित मोतिगरपुर, पहाड़पुर सराय भीखम, दियरा, बरौसा व इंडोडच सहित पांच फीडरों की आपूर्ति सवा नौ बजे रात अचानक कटौती हुई तो रात साढे दस बजे तक बाधित रही। आई भी तो घंटेभर बाद फिर गुल हो गई। फिर दो बजे बाद आपूर्ति बहाल हुई, जिससे उमस भरी गर्मी में नींद टूटने से उपभोक्ता आधी रात को बिस्तर पर करवट बदलने को मजबूर होकर रात गुजारी। गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शासन स्तर से लगातार निर्देश जारी किए जा रहे हैं। सभी फीडर समान रहने के बाद भी लोगों को रात में यह दंस से झेलना पड़ रहा है। फिर भी कटौती के नाम पर विभाग की मनमानी जारी है। मुख्यमंत्री भी अधिकारियों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने और लापरवाही न बरतने के निर्देश दे चुके हैं। इसके बावजूद क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। हालांकि लंबे समय तक बिजली न रहने से घरों में छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग गर्मी से व्याकुल रहे। पर्याप्त नींद न मिलने से लोगों को अगले दिन भी थकान और परेशानी झेलनी पड़ रही है। बरसात के मौसम के चलते लोगों को जीव जंतुओं का भी भय बना रहा। उपकेंद्र जेई विवेक कुमार ने बताया कि रात में इमरजेंसी हुई थी। आपूर्ति मिलते ही सप्लाई बहाल कर दी गई। सभी फीडर नॉर्मल है।

## जल संरक्षण का करें संकल्प इसका कोई विकल्प नहीं





**अयोध्या।** भूगर्भ जल के उपयोग में लगातार वृद्धि एवं गिरते भूजल स्तर तथा उस पर आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुए जन-सामान्य में इसके संरक्षण, प्रबन्धन, विवेकयुक्त उपयोग एवं विकास तथा विनियमित दोहन के प्रति जागरूकता की दृष्टि सेशासन, द्वारा प्रत्येक वर्ष 16 जुलाई से 22 जुलाई के मध्य भूजल सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष इसका मुख्य विचार बिन्दु जल संरक्षण का करे संकल्प इसका नही है कोई विकल्प रखा गया है, जिस पर उक्त आयोजन केन्द्रित रहेगा जिसमें जनपद, तहसील एवं विकास खण्ड स्तर पर विभिन्न विभागों द्वारा तथा विशेष रूप से स्थानीय स्कूल, कालेजों / शैक्षिक संस्थाओं की व्यापक सहभागिता के साथ भूजल सप्ताह मनाया जाएगा। भूजल सप्ताह का शुभारंभ कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जल संरक्षण हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया जो जनपद के तहसील एवं विकास खण्डों में आम जन-मानस को जल संरक्षण हेतु प्रेरित करेगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संदेश दिया गया कि जल एक बहुमूल्य सम्पदा है जिसका विवेकयुक्त उपयोग एवं संरक्षण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है तथा आज की बचत कल की जरुरत पूरी करेगी। इसी विचार को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी का कर्तव्य है। इस दौरान भूगर्भ जल विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में दिहाड़ी मजदूर का नहर की पटरी पर मिला शव

**नसीराबाद, रायबरेली।** नगर पंचायत नसीराबाद में एक दिहाड़ी मजदूर का शव नहर की पटरी के पास मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पी एम हाउस भेज दिया। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत नसीराबाद के वार्ड नंबर -2 मोहल्ला डेला निवासी राम सिंह (35) पुत्र छोटेलाल सुबह घर में मजदूरी की बात कहकर निकला था। बुधवार शाम करीब 6 बजे वार्ड की कुछ महिलाएं, जिनमें खुशबू और गुड्डा सहित अन्य शामिल थीं, धान की रोपाई कर घर लौट रही थीं। इसी दौरान उनकी नजर नहर की पटरी के पास पड़े एक शव पर पड़ी। पास जाकर देखने पर शव की पहचान राम सिंह के रूप में हुई। महिलाओं ने इसकी सूचना मोहल्ले के युवक गौरव को दी। गौरव मौके पर पहुंचा और पहचान की पुष्टि होने पर मृतक की पत्नी श्यामकली को इसकी जानकारी दी। पति की मौत की खबर मिलते ही श्याम कली बदहवास होकर घटनास्थल पहुंच गई। पति का शव देखकर वह फूट-फूटकर रोने लगी। परिजनों द्वारा शव को बिना पुलिस को सूचना दिए घटना स्थल से घर ले आया गया, जहां पूरी रात शव रखा रहा। गुरुवार सुबह परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए पी एम हाउस रायबरेली भेज दिया। मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी श्यामकली के अलावा तीन छोटे बच्चेकृआर्यन (10 वर्ष), प्रीति (8) और रोमांस (6)कृहैं। पति की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। श्यामकली ने रोते हुए बताया कि उनके पति ईंट-गारा का काम कर परिवार का पालन-पोषण करते थे और बच्चों की पढ़ाई भी उसी आय से चल रही थी।

# बच्चों का चरित्र निर्माण कर रहे हैं शिक्षक

- स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने निकाली रैली

**रायबरेली।** प्रदेश सरकार द्वारा एक जुलाई से स्कूल चलो अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली एवं गोष्ठी का आयोजन प्राथमिक विद्यालय डीह प्रथम में किया गया। रैली में बच्चों ने भीषण उमस के बाद भी जोस के साथ रैली में प्रतिभाग किया।

डीह विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय डीह प्रथम में आयोजित स्कूल चलो अभियान समारोह में पहुंचे तरुण कुमार ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय डीह प्रथम, प्राथमिक विद्यालय डीह द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर व रोखा के बच्चो ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार ने कहा कि



बेसिक शिक्षा विभाग में पहले से अधिक परिवर्तन आ चुका है, यह अभियान मात्र अभियान नहीं है इस अभियान से आप सब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का चरित्र निर्माण का पुनीत कार्य करते हैं ताकि आने वाली पीढ़ी राष्ट्र सेवा के लिए तैयार हो सके। दस साल पहले सरकारी स्कूलों की स्थिति बदतर थी, कायाकल्प के माध्यम से स्कूलों में बदलाव आया है। बच्चों के भविष्य संवारने के लिए यह कार्य किया जा रहा है। अगर शिक्षक न हो तो विद्यार्थी को सफल बनाने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि आज बेसिक शिक्षा में बेहतर शिक्षा बच्चों को दी जा रही है समय से पुस्तक उपलब्ध कराई जा रही हैं अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। गोष्ठी में उपस्थिति शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा हर अभिभावक को जागरुक करना है इसके लिए पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि अपनी महती भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम आयोजक सुशील कुमार सिंह ने कहा अभिभावकों से सीधे संपर्क कर एवं स्कूल चलो अभियान रैली के माध्यम से विभाग में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बताते हुए उन्हें जागरूक कर बच्चों के नामांकन एवं उनकी शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु निरंतर प्रेरित करते रहना होगा तभी हम अपने उद्देश्यों को पूरा कर सकते है।

कार्यक्रम में नागेंद्र सिंह, आरबी सिंह, अमित सिंह, रंजीत कुमार, भूपेश सिंह, प्रदीप सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, सुनील मौर्य, अतुल मिश्रा, सत्यानंद मिश्रा, अनुराधा, ममता, स्मिता, प्रतिभा सिंह, राजू मिश्रा, कुणाल, पुष्पेंद्र सिंह, कुसुम चंद्र, एआरपी अंकुर मिश्रा, अतुल मिश्रा, आलोक मिश्रा, विकास पाल, विनय त्रिपाठी समेत बीआरसी स्टाफ उपस्थित रहे।

## डीएम ने की पंचायती राज, ग्राम्य विकास, पशुधन व खाद्य विभाग के अन्नपूर्णा भवन निर्माण की समीक्षा

**अयोध्या।** जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम्य विकास, जिला स्वच्छता समिति (पंचायती राज विभाग), पशुधन विभाग तथा जिला खाद्यान्न समिति (खाद्य एवं रसद विभाग) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। जिला स्वच्छता समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति पर विशेष जोर देते हुए लक्ष्य के अनुरूप सभी निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एस0एल0डब्ल्यू0एम0 के अंतर्गत अवशेष धनराशि ग्राम पंचायतो को एलोकेट करने के निर्देश दिए। साथ ही शेष भुगतान हेतु आवश्यक धनराशि का समय से प्रस्ताव शासन को भेजा जाए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष शत-प्रतिशत शौचालय निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विकास खंड सोहावल में सर्वाधिक लंबित प्रकरण पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कर प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। गोबर गैस प्लांट की स्थापना के लिए एजेंसी चयन प्रकिया की प्रगति जानी। गो आश्रय स्थलों पर वर्मी कंपोस्ट क्रियाशीलता की भी समीक्षा हुई। पशुधन विभाग की समीक्षा के दौरान पशुओं के टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य सेवाओं, नेपियर एवं हरे चारे की उपलब्धता तथा जनसहभागिता की विस्तार से समीक्षा की गई।

संक्षेप

## चकबंदी निरस्त होने पर पिपरा बिट्ठल में जश्न

भटनी (देवरिया)। विकासखंड भटनी की ग्राम पंचायत पिपरा बिट्ठल में चकबंदी निरस्त होने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में गांव के लोग एकत्र हुए और एक-दूसरे को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

ग्रामीणों ने इसे गांव की एकता, धैर्य और वर्षों के संघर्ष की ऐतिहासिक जीत बताया।ग्रामीणों ने कहा कि चकबंदी निरस्तीकरण के लिए लंबे समय से चल रहे आंदोलन में गांव के अनेक लोगों ने तन, मन और धन से सहयोग किया। इस अभियान में अशोक गिरि, आशीष सिंह विशेन, छट्ठू यादव, वीरेंद्र गिरि, महिपाल सिंह, हरिशंकर सिंह, धनंजय सिंह, पारसनाथ सिंह, शिव औतार सिंह, शंकर प्रसाद, रामपाल सिंह, राकेश सिंह, मिंटू सिंह सहित समस्त ग्रामवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह के सहयोग के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

# बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य ही समाज की वास्तविक प्रगति

जिला संवाददाता

**देवरिया।** महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ₹सुरक्षित बेटियाँझसशक्त परिवार, समृद्ध समाज₹ विषयक विशेष संवाद एवं जनजागरूकता कार्यक्रम यूट्यूब लाइव के माध्यम से आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री मधुसूदन हुल्गी ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति उसकी बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और आत्मनिर्भरता से मापी जाती है।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा महिलाओं और बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, पोषण एवं पुनर्वास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी संभव है जब ग्राम स्तर तक इनके बारे में व्यापक जानकारी पहुंचे और प्रत्येक पात्र व्यक्ति इनसे जुड़ सके। उन्होंने ग्राम प्रधानों, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, स्वयं सहायता समूहों, शिक्षकों एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान चलाकर प्रत्येक पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं।

- **सुरक्षित बेटियां सशक्त परिवार, समृद्ध समाज के लिए जिला प्रशासन का व्यापक जनजागरूकता अभियान**

उन्होंने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम, महिला हिंसा, मानव तस्करी, बाल भिक्षावृत्ति एवं लैंगिक भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध समाज को सामूहिक रूप से आगे आना होगा। केवल कानून के माध्यम से नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता, शिक्षा और संवेदनशीलता के माध्यम से ही इन समस्याओं का स्थायी समाधान संभव है।



जिलाधिकारी ने विशेष रूप से कहा कि पंचायत स्तर पर बालिकाओं की आयु का सत्यापन, जन्म पंजीकरण तथा विद्यालयों में नियमित नामांकन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी बालिका शिक्षा से वंचित न रहे और बाल विवाह जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। महिला कल्याण एवं प्रोबेशन विभाग ने दी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी * कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) एवं स्पॉन्सरशिप योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि निराश्रित बच्चों, बाल श्रम अथवा भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गए बच्चों तथा असाध्य रोगों से प्रभावित परिवारों के बच्चों के लिए शासन द्वारा आर्थिक सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराया जाता है।

उन्होंने बताया कि किसी भी बच्चे को गोद लेने की प्रक्रिया केवल विधिक रूप से निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत ही की जानी चाहिए। इसके लिए केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (उअफ्क्ष) के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी संकटग्रस्त अथवा संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे की सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें, ताकि समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जा सके।बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की अध्यक्ष डॉ. सावित्री राय ने कहा कि बाल कल्याण समिति ऐसे बच्चों के संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए कार्य करती है जिन्हें देखभाल एवं सुरक्षा की आवश्यकता होती है। उन्होंने बालिकाओं के पलायन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखें, उनकी समस्याओं को समझें तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि परिवार का सहयोग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत आधारशिला है।वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं की दी गई जानकारी कार्यक्रम में बताया गया कि घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न अथवा किसी भी प्रकार की हिंसा से प्रभावित महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से एक ही स्थान पर चिकित्सकीय सहायता, पुलिस सहायता, विधिक परामर्श, मनोसामाजिक परामर्श तथा अस्थायी आश्रय जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

## राजकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए 4 अगस्त तक करें ऑनलाइन आवेदन

**देवरिया।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया के.के. राम ने बताया है कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी), उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा सत्र 2026 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

इच्छुक अभ्यर्थी 4 अगस्त, तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संस्थान में टाटा टेक्नोलॉजी के व्यवसायों में भी प्रवेश उपलब्ध है।

# एनएच पर उग्रसेन सिंह पुल में बड़ा होल



**बरहज, देवरिया।** राष्ट्रीय राज मार्ग रामजानकी मार्ग पर कपरवार स्थित राप्ती नदी पर उग्रसेन सिंह सेतु में बड़ा होल बन जाने से गोरखपुर, देवरिया और बिहार, मध्यप्रदेश के बीच आवागमन प्रभावित हो गया।पुल की क्षति को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल यातायात पर रोक दिया और वैकल्पिक मार्ग से वाहनों का आवागमन शुरू कराया।पीईयू (टङ्गफ्ळ्ल) के परियोजना निदेशक नुसरतउल्ला खां के निर्देश पर गोरखपुर के बड़हलगंज चौराहे पर बड़े वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है। देवरिया के कपरवार तिराहे पर बैरिकेडिंग कर सभी प्रकार के वाहनों को रोकते हुए मदनपुर मार्ग की ओर डायवर्ट किया जा रहा है।करीब 660 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण वर्ष 1986 में उत्तर प्रदेश सेतु निगम ने किया था।

- **गोरखपुर-देवरिया समेत बिहार का संपर्क प्रभावित***
- **तीसरी बार हुआ क्षतिग्रस्त हुआ पुल***
- **प्रशासन ने यातायात रोका, मदनपुर मार्ग से कराया डायवर्जन**

पुल में 13 पाए हैं। गोरखपुर, देवरिया के साथ बिहार, मध्यप्रदेश जाने वाले वाहनों का भी प्रमुख मार्ग है। पुल में बड़ा होल होने से भारी वाहनों का संचालन पूरी तरह ठप हो गया है।छोटे वाहनों का आवागमन भी जोखिम भरा माना जा रहा है।भागलपुर पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद से उग्रसेन सिंह सेतु पर दबाव बढ़ गया था।पुल पर ओवरलोड के कारण लोग क्षतिग्रस्त होने की चिंता जता चुके थे। विभाग की अनदेखी अब पुल पर भारी पड़ गई।पुल की तत्काल मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।पुल क्षतिग्रस्त होने से दोनों जनपदों के अलावा बिहार जाने वाले यात्रियों और मालवाहक वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### तीसरी बार उग्रसेन सेतु में बना बड़ा होल

भेज, देवरिया। 19 मार्च 2019 में पश्चिमी छोर के पांचवें डेक में बड़ा होल हो गया था।सरिया और नीचे की जमीन तक दिखाई देने लगी थी। 24 जनवरी 2023 को पुल के मध्य भाग में दोबारा होल हुआ। मरम्मत में करीब तीन महीने लगे और इस दौरान भारी वाहनों का संचालन बंद रहा। 17 जुलाई 2026 को तीसरी बार पुल में बड़ा होल होने के बाद प्रशासन ने तत्काल यातायात रोककर डायवर्जन लागू कर दिया।

# रथ यात्रा में गूंजा भगवान जगन्नाथ का जयघोष



**कुशीनगर।** जिले के कसया कस्बे में हरेकृष्ण मंदिर के तत्वावधान में गुरुवार को ओड़िसा के जगन्नाथपुरी मंदिर की तर्ज पर लगातार तीसरे साल भव्य जगन्नाथ रथयात्रा जयकारे के साथ निकली।यात्रा निकालने के पूर्व मंदिर परिसर में विधि विधान के साथ ढोल नगाड़ों और जयकारों के बीच भगवान जगन्नाथ को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। पूजन व आरती पश्चात रथ पर आसीन कराया गया। रथ पर भ्राता बलभद्र, माता सुभद्रा और हनुमान जी को विराजमान कराया गया। व्यवस्थापक गोविंद गोपाल दास के नेतृत्व में निकली रथ यात्रा में विधायक पी एन पाठक , नगरपालिका अध्यक्ष किरण जायसवाल, प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार, सपा नेता राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी राव, ओम प्रकाश जायसवाल, सभासद राजेश मद्धेशिया आदि सहित सहित यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिला पुरुष भक्तजन ने रथ की रस्सी पकड़कर खींची और अपने को धन्य माना। रथ यात्रा चित्रतूली गली से मुख्य मार्ग, गोलाबाजार, ओवरब्रिज चौराहा होते हुए पुनः उसी मार्ग से गांधी चौक , शहीद चौक होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। जहां भक्तों में महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। इस दौरान यात्रा का भक्तों ने पुष्प बरसाकर स्वागत किया। अनेक स्थानों पर जलपान कराया गया। रथ यात्रा की व्यवस्था अमन मद्धेशिया, अमित उर्फ भोला जायसवाल, संजय मद्धेशिया, जय जायसवाल, रामेश्वर वर्मा, विजय मद्धेशिया, दीपक वर्मा, विजय वर्मा, भोलू ने संभाली। कार्यक्रम में ईओ अंकिता शुक्ला सभासद पवन जायसवाल, उमेश चंद गुप्ता, विनोद जायसवाल, घनश्याम त्रिपाठी, ओमप्रकाश जायसवाल, विशाल गुप्ता, पूनम देवी, सुधा रानी जायसवाल, उषा सोनी, पूजा देवी, रश्मि देवी, सविता वर्मा,राज पाठक,दीपक, राजन, अंकित, शुभम ,प्रिया जायसवाल, मनीष श्रीवास्तव,प्रभावती, अमन, दीपक मद्धेशिया, आदित्य, अनुभव वर्मा, बांके बिहारी, राजेश्वर चौबे आदि ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की। रथयात्रा मार्ग पर नगरपालिका कर्मचारी साफ सफाई को लेकर सुबह से ही सक्रिय हो गए थे। यात्रा के पूर्व दर्जनों की संख्या में लगे कर्मचारियों ने सड़क की सफाई और कूड़ा करकट हटाने का कार्य किया। इस दौरान प्रशासन के निर्देश प्रणसुरक्षा और यातायात को पुलिस तैनात रही।

## श्रीलंका बुद्ध विहार में एक दिवसीय विपश्यना शिविर का हुआ आयोजन



**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित श्रीलंका बुद्ध विहार में एक दिवसीय विपश्यना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भिक्षुओं और उपासकों को बुद्ध के पंचशील के सिद्धांत पर चलने के लिए प्रेरित किया गया।रविवार को बुद्ध बिहार में भिक्षुओं ने तथागत बुद्ध की विशेष पूजा अर्चना की। आयोजित शिविर में बुद्ध बिहार के प्रमुख भंते डॉ. नन्द रतन महाथेरो ने बताया कि विपश्यना भारत की प्राचीन पद्धति है।यह आत्म- अवलोकन के माध्यम से आत्म-परिवर्तन का एक तरीका है. यह मन और शरीर के बीच गहरे अंतरसंबंध पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसे शरीर के चेतना का निर्माण करने वाली भौतिक संवेदनाओं पर सीधे ध्यान देकर अनुभव किया किया जा सकता है और शांति व आनंद की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर भंते सुमेध थेरो, डॉ. भिक्षु तेजेन्द्र, डॉ निगम मौर्य, राम कृपाल, ब्रजेश, फूल बदन, संतोष, विजय, संजीत, अंगद, आजाद, पुरुषोत्तम सहित उपासक उपस्थित रहे।

## 91 वाहनों का चालान, 2 वाहन सीज



**देवरिया** ।पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर बस स्टैंड, गोरखपुर ओवर ब्रिज एवं कसया ओवर ब्रिज पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले बस,ऑटो, ई-रिक्शा तथा बस स्टैंड पर अभियान चलाकर बिना हेलमेट एवं तीन सवारी बाइक से चलने वालो व सलेमपुर रोड पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों तथा बिना ड्राईविंग लाइसेंस एवं बिना फिटनेस के चलने वाले आटो एवं ई रिक्शा वाहनों के विरुद्ध एमवी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा कुल 91 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहन को सीज किया गया।*

# सोनूघाट बरहज मार्ग के बदहाली को लेकर युवा कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**देवरिया।** सोनुघाट से बरहज तक बनने वाले फोर लेन सड़क के निर्माण कार्य में हो रहे विलम्ब और बदहाली को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हर्षित सिंह के नेतृत्व में बरहज से जिलाधिकारी कार्यालय तक ₹गांधी सत्याग्रह पद यात्रा ₹ निकाल कर प्रदर्शन कर अपना मांग पत्र जिलाधिकारी कार्यालय पर नायब तहसीलदार को सौंपा।इस दौरान सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजयशेखर मल्ल रोशन ने कहा कि सोनुघाट से लेकर बरहज तक सड़क पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो गई है, इस सड़क पर रोज मार्ग दुर्घटना होने के कारण लोग घायल और असमय काल कलवित हो रहे हैं। अगर सड़क का निर्माण कार्य शुरू नही हुआ तो कांग्रेस कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे।इसके लिए जोरदार आंदोलन किया जाएगा। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गोविन्द मिश्र ने कहा कि भाजपा सरकार में इस सड़क को लेकर बड़े बड़े दावे किए जा रहे हैं लेकिन सड़क अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। मुख्यमंत्री के शिलान्यास के बाद भी अब तक निर्माण कार्य शुरू नही हुआ है यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हर्षित सिंह ने कहा कि इस सड़क पर चलने वाले लोगों की पीड़ा कोई सुनने वाला नही है, आज की पदयात्रा के बाद भी निर्माण शुरू नही हुआ तो अगर जरूरत पड़ी तो आगे भी हम आंदोलन करेंगे। यह सरकार पेट्रोल में निर्धारित मात्रा से ज्यादा एथनाल मिलाकर देश की जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है। यह कांग्रेसी बर्दाश्त नहीं करेंगे। पदयात्रा में युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सत्यम पांडेय, राष्ट्रीय प्रवक्ता अंकुर भारती,सूफी सलीम,रजत सिंह, धनन्जय यादव, धनन्जय पांडेय, सत्यप्रकाश मिश्र,मनीष रजक,अवनीश चौरसिया, अब्दुल जब्बार, नागेंद्र शुक्ल,दीनदयाल प्रसाद,मिर्जा खुर्शीद,विनोद दूबे,पन्नालाल पाठक,धर्मेन्द्र कुमार पांडेय,कमलेश मिश्र आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# राष्ट्र निर्माण की कार्यशाला है शिविर: प्रो. विनोद




**कुशीनगर।** बुद्ध डिग्री कालेज, कुशीनगर में 50 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी पडरौना की ओर से आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर द्वारा आयोजित दस दिवसीय राष्ट्र रक्षा के संकल्प के साथ हो गया। मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक में सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया।

प्रतिभागी कैडेट्स को प्रमाणपत्र, मेडल और ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए कर्नल हरीश चंद ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान हर क्षेत्र में आपको अलग पहचान देंगे। रोशनी गर खुदा को हो मंजूर तो आँधियों में चिराग जलते हैं। प्रशिक्षण अनुशासन, संस्कार, सेवा, आत्मबल और प्रेरणा देता है। डिग्री कालेज प्रबंध समिति सचिव वीरेंद्र सिंह आहलूवालिया ने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण राष्ट्र प्रेम, रक्षा और मुश्किल समय में मार्ग दिखाता है। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्रा ने कहा कि शिविर राष्ट्र निर्माण की कार्यशाला होते हैं। अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार ने एनसीसी न केवल अनुशासन और देशभक्ति की भावना विकसित करती है, बल्कि विद्यार्थियों में छिपी कलात्मक प्रतिभाओं को भी निखारती है। इस अवसर पर कैडेट्स प्रीति सिंह, अरुण, बबली, प्रीति विश्वकर्मा, श्रेयांश, सत्येंद्र, निकेश, हिमांशु, सन्नी, रोहित, चांदनी, बरखा, अर्चना, डाली आदि राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत गीत, शेरों, शायरी, गजल और नृत्य प्रस्तुत किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जी सीआई धन्नो गुप्ता ने संचालन किया। इस दौरान ए एन ओ कैप्टन वेद प्रकाश मिश्र, डॉ० सौरभ द्विवेदी, लेफ्टिनेंट सुनील कुमार यादव, लेफ्टिनेंट बृजेश कुमार सिंह, सेकंड ऑफिसर अनुपम कुमार पांडेय, प्रोफेसर गौरव तिवारी, लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सिंह और रिसालदार मेजर हरजीत सिंह, सूबेदार प्रहलाद कुमार, त्रिलोक सिंह, हरपिंदर सिंह, संतोष फदटरे, हवलदार दीपक सिंह, सिविल स्टाफ प्रधान सहायक लल्लन सिंह, मोहम्मद अशरफ, अली ऋषि,धनंजय कुमार, राजेश कुमार गौतम, सर्वजीत सिंह,रमेश लामा, राम बहादुर मल्ल, गिरजा शंकर बिष्ट गोविंद सिंह, मनदीप सिंह, निर्मल सारु, प्रवीण सती, मन बहादुर थापा, हितेंद्र सिंह सहित कैडेट्स उपस्थित रहे।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। गृहकलह से आहत एक नवविवाहिता ने कथित तौर पर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना से गांव में शोक का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए देवरिया मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, सिंहपुर निवासी अमित चौरसिया का विवाह गत 25 अप्रैल को वरियारपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा गांव निवासी संजय चौरसिया की पुत्री नेहा के साथ हुआ था। परिवार के अनुसार बुधवार शाम घर पर कुछ रिश्तेदार आए थे। भोजन के बाद उनके लौट जाने पर रात में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इसी के बाद गुरुवार भोर में नेहा ने घर के अंदर फांसी लगा ली।सुबह जब परिजनों ने उसे फंदे से लटका देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना की सूचना मिलते ही मृतका की मां और छोटा भाई परिजनों के साथ सिंहपुर पहुंचे। मृतका के पिता संजय चौरसिया गोवा में होने के कारण मौके पर नहीं पहुंच सके। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था और पूरे गांव में मातम पसरा रहा।पुलिस के अनुसार, अभी तक मृतका के मायके पक्ष की ओर से कोई लिखित. तहरीर नहीं दी गई है। परिजनों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।थानाध्यक्ष पंकज गुप्त ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा विधायक के वार से ब्लॉक प्रमुख के अधिकार सीज

## विधायक के एक शिकायती पत्र ने हिला दी कुर्सी, ब्लाक प्रमुख पर राजभवन की गाज

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** तमकुहीराज की राजनीति में जो लड़ाई अब तक बंद कमरों और राजनीतिक गलियारों तक सीमित थी, वह अब सरकारी फाइलों से निकलकर राजभवन तक पहुंच गई है। नतीजतन भाजपा विधायक असीम कुमार की शिकायत पर ब्लाक प्रमुख अनुराधा राय की वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज होने के बाद जिले की राजनीति में भूचाल आ गया है। इस कार्रवाई ने न सिर्फ पंचायत राजनीति को झकझोर दिया है, बल्कि भाजपा के भीतर चल रहे शक्ति संघर्ष को भी खुली किताब बना दिया है।

- **असीम कुमार की शिकायत ने छीने ब्लॉक प्रमुख के अधिकार**

कहना ना होगा कि जिस मामले को कुछ लोग स्थानीय विवाद मान रहे थे, वह अब सत्ता पक्ष के भीतर की सबसे बड़ी राजनीतिक टकराहट के रूप में सामने आया है। सबब यह है कि शिकायत किसी विपक्षी नेता ने नहीं, बल्कि भाजपा के ही विधायक ने की और कार्रवाई सीधे राजभवन के आदेश पर हुई।

### विधायक ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ खोला मोर्चा

तमकुहीराज के मुन्नीपट्टी गांव में स्कूल और अस्पताल के लिए आरक्षित भूमि पर खेल मैदान निर्माण तथा मनरेगा और 15वें वित्त आयोग की धनराशि के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आया तो भाजपा विधायक असीम कुमार ने इसे सीधे शासन के दरबार तक पहुंचा दिया। सवाल उठने लगे कि आखिर विधायक को अपनी ही पार्टी की ब्लाक प्रमुख के खिलाफ शिकायत करने की नौबत क्यों आई? क्या यह केवल सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला था, या फिर इसके पीछे तमकुहीराज की बदलती राजनीतिक बिसात भी काम कर रही हे?

### शिकायत बना सियासी ब्रह्मास्त्र

राजनीति में आरोप लगते रहते हैं, लेकिन हर शिकायत राजभवन तक नहीं पहुंचती। इस मामले में विधायक की शिकायत केवल एक पत्र नहीं, बल्कि ऐसा राजनीतिक ब्रह्मास्त्र साबित हुई जिसने पूरे समीकरण को बदल दिया। जांच शुरू हुई, रिपोर्ट बनी और आखिरकार राज्यपाल ने ब्लाक प्रमुख के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए। इस एक आदेश ने साफ कर दिया कि मामला केवल आरोपों तक सीमित नहीं था। चर्चा है कि विधायक की शिकायत ने वह कर दिखाया जो विपक्ष वर्षों में नहीं कर पाया।

### शुरू हुई वर्चस्व की लड़ाई

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह लड़ाई केवल एक निर्माण कार्य या वित्तीय अनियमितता की नहीं है, बल्कि राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई भी है।एक तरफ क्षेत्र के विधायक हैं, जिनके पास जनादेश और संगठन की ताकत है। दूसरी तरफ ब्लाक प्रमुख का पद और पंचायत स्तर पर मजबूत राजनीतिक नेटवर्क है। ऐसे मेंराजभवन की कार्रवाई के बाद पहली बार इस संघर्ष में पलड़ा विधायक के पक्ष में झुकता दिखाई दे रहा है।

### पार्टी के लिए भी असहज स्थिति

इस घटना ने भाजपा संगठन को भी असहज स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। अब विपक्ष भी अब सवाल उठा रहा है कि जब भाजपा विधायक की शिकायत पर भाजपा की ही ब्लाक प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है, तो जिले में और कितने मामलों की जांच होनी चाहिए?वहीं संगठन के सामने चुनौती यह भी है कि अंदरूनी खींचतान का संदेश जनता तक न पहुंचे।

### आगे की क्या होगी कार्रवाई

बतादे कि राज्यपाल ने डीएम को अंतिम जांच का जिम्मा सौंपा है। यदि अंतिम जांच में भी आरोपों की पुष्टि होती है तो मामला और गंभीर हो सकता है।

राजनीतिक नुकसान के साथ-साथ कानूनी और वित्तीय कार्रवाई की आशंकाएं भी बढ़ सकती हैं।

### अब नजर अंतिम जांच रिपोर्ट पर

तमकुहीराज की चाय की दुकानों से लेकर राजनीतिक चौपालों तक एक ही चर्चा है क्या असीम कुमार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी है, या फिर यह भाजपा के भीतर सत्ता और प्रभाव की सबसे बड़ी जंग का नया अध्याय है?जो भी हो, इतना तय है कि विधायक की शिकायत ने तमकुहीराज की राजनीति में ऐसी हलचल पैदा कर दी है, जिसकी गूंज आने वाले पंचायत और विधानसभा चुनावों तक सुनाई दे सकती है। राज्यपाल की कार्रवाई ने इस लड़ाई को नया मोड़ दे दिया है और अब सबकी नजर अंतिम जांच रिपोर्ट पर टिकी है।

क्योंकि यह सिर्फ एक ब्लाक प्रमुख के अधिकारों का मामला नहीं है, बल्कि यह भाजपा के भीतर ताकत, प्रभाव और राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई का खुला मैदान बन चुका है।

## जन शिकायत निवारण शिविर 31 जुलाई तक

*देवरिया मुख्य आयकर आयुक्त, इलाहाबाद प्रभार के निर्देशन में आयकर विभाग, देवरिया द्वारा जिले के करदाताओं की लंबित कर संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए 15 जुलाई से 31 जुलाई, 2026 तक ह्यबकाया मांग एवं जन शिकायत निवारण शिविरह्न आयोजित किया जा रहा है।यह शिविर आयकर अधिकारी, देवरिया के कार्यालय में लगाया जाएगा।

## भटनी थाने का आरक्षी बना उपनिरीक्षक, थाने और परिवार में खुशी की लहर

भटनी (देवरिया)। कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर भटनी थाने में तैनात आरक्षी मानवेन्द्र सिंह यादव ने उपनिरीक्षक (एसआई) की परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता का नया मुकाम हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से पुलिस विभाग के साथ-साथ उनके पैतृक गांव में भी खुशी का माहौल है और उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं।आजमगढ़ जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र के मौना गांव निवासी मानवेन्द्र सिंह यादव वर्ष 2025 बैच के आरक्षी हैं और वर्तमान में भटनी थाने में तैनात हैं। प्रशिक्षण के दौरान ही उन्होंने उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी थी। नियमित ड्यूटी के साथ कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर उन्होंने परीक्षा में सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया कि सच्ची लगन के सामने कोई लक्ष्य असंभव नहीं होता।उनकी इस उपलब्धि पर प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्त, उपनिरीक्षक कमलेश गुप्ता, आरक्षी जितेंद्र यादव सहित भटनी थाने के सभी पुलिसकर्मियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथियों ने कहा कि मानवेन्द्र की सफलता अन्य पुलिसकर्मियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।मानवेन्द्र सिंह यादव की सफलता ने यह संदेश दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो सीमित संसाधनों और व्यस्त दिनचर्या के बावजूद भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

## क्षेत्रीय प्रबंधक से शिकायत

बांदा। परिवहन विभाग के कर्मी बीसी पवन कुमार गुप्ता ने क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र दिया है। कहा कि उसके स्थानान्तरण के तत्काल बाद एक सोची.समझी रणनीति के तहत बिना किसी प्रारम्भिक जांच के सीधे आरोप पत्र जारी किया गया है। वह रोड़वेज कर्मचारी संगठन का क्षेत्रीय मंत्री है। उसकी यही स्पष्टवादिता और कर्मचारियो के प्रति निष्ठा अधिकारियों को व्यक्तिगत खलती है।

# सभ्यताओं का टकराव

बीते एक सप्ताह में जिस तरह अमेरिका ने 500 से अधिक विनाशक, विध्वंसक हमले ईरान पर किये हैं उससे निश्चित ही ईरान को बहुत नुकसान हुआ होगा। इसके बावजूद मोर्चे पर ईरान डटा है और अमरीकी सेना के हमलों के पलटवार में खाड़ी देशों में सक्रिय अमरीका के सैन्य अड्डों को तबाह भी कर रहा है। यदि अमरीकी हमलों ने चाबहार, सिरिक, असालुयेह, यासूज, कोनारक, बुशहर आदि बंदरगाहों, सैन्य और परमाणु संयंत्र के करीबी ठिकानों पर विनाशक प्रहार करके बुनियादी ढांचे को बर्बाद किया है, तो खाड़ी देशों में अमरीका के 17 सैन्य बेस ईरान ने इस कदर तबाह किए हैं कि आने वाले कुछ वक्त तक वहां से ऑपरेशन करना कठिन होगा। अब यह युद्ध अनैतिकता, अहंकार, सभ्यताओं के टकराव और ईसाई बनाम शिया मुसलमान का युद्ध बनता जा रहा है। युद्ध थोपने के अमरीका-इजरायल के जो मंसूबे, मकसद थे, वे नाकाम होकर काफी पीछे छूट गए हैं और होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर युद्ध केंद्रित हो गया है। ईरान ने ओमान तट पर एक कार्गो जहाज पर हमला किया। पलटवार में अमरीकी हमलों ने ईरान में धुआं-धुआं कर दिया। ईरान खंडहर में तबदील होता जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ईरानी सभ्यता को ही मिटा देने की धमकी देते हैं। वह ईरान को पाषाणकाल में धकेल देना चाहते थे, उन्होंने ऐसा बयान कई बार दोहराया था। अब ट्रंप का दावा है कि होर्मुज खुला है, जहाज-टैंकर आ-जा सकते हैं, लेकिन ईरान के आईआरजीसी ने ऐलान किया है कि होर्मुज फिलहाल बंद है। वैसे भी जो जहाज होर्मुज पार कर निकलना चाहते हैं, वे ईरानी अथॉरिटी से इजाजत लें। यदि होर्मुज के बजाय ओमान रूट से जहाज-टैंकर गुजरना चाहेंगे, तो उन



पर मिसाइल-ड्रोन हमले किए जाएंगे। बीते 15 दिनों में 70-80 जहाज चीन की ओर निकले हैं, उन पर हमले क्यों नहीं किए गए? बीती 10 जुलाई को 19 जहाज होर्मुज से निकले थे, जाहिर है कि उन्होंने ईरानी टोल दिया होगा! बहरहाल जिस जहाज पर ईरान ने हमला किया था और अमरीका ने पलटवार में 140 हमले किए, उस जहाज पर साइप्रस देश का झंडा लगा था, लेकिन चालक दल में 11 भारतीय भी थे। ओमान ने लाइफ बोट के जरिए 10 भारतीयों सहित कुल 23 नाविकों को बचाया, लेकिन एक भारतीय नाविक लगातार लापता बताया जा रहा है। असीम समंदर में लापता के मायने समझे जा सकते हैं। इससे पहले, जून माह में ही, अमरीकी सेना ने हमला कर 3 भारतीय नाविकों को मार दिया था। हम इसे हत्या ही मानते हैं, क्योंकि आज के विकसित, तकनीकी सम्पन्न परिवेश में तमाम डाटा उपलब्ध होता है कि किस जहाज पर क्या माल लदा है? उसका गन्तव्य क्या है? उसके नाविकों में किस देश के नागरिक हैं? सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कार्गो जहाज को लगातार चेतावनी दी जाती है और उसके जवाब की प्रतीक्षा की जाती है। एकदम जहाज के इंजन रूम पर मिसाइलें दागने का समुद्री आवागमन की कोई भी वैश्विक रणनीति नहीं है। इस युद्ध में सब कुछ अंधाधुंध चल रहा है। कोई नैतिकता नहीं, कोई युद्ध नीति और आचार संहिता नहीं। अंतरराष्ट्रीय संगठन और संस्थाएं तो मृतप्रायः हैं। बहरहाल खाड़ी देशों में ही 18,000 से अधिक भारतीय विभिन्न जहाजों पर नाविक का दायित्व निभा रहे हैं। विश्व भर के समंदर पर 3 लाख से अधिक भारतीय नाविक जहाजों का संचालन कर रहे हैं। क्या वे सभी मरने के लिए जहाजों पर नौकरी कर रहे हैं? यदि आंख मूंद कर मिसाइल -ड्रोन दागे जाएंगे, तो समुद्री मार्ग ही जहाज विहीन होने लगेगा। वैश्विक व्यापार और सप्लाई चेन का क्या होगा? देश भूखों मरने लगेंगे, बीमारी की स्थिति में दवाइयां नसीब नहीं होंगी, रक्षा उत्पाद, कृषि के अन्न, मशीनरी, दुर्लभ खनिज कैसे आ-जा सकेंगे? करीब 90 फीसदी वैश्विक व्यापार समुद्री मार्ग से ही होता है। भारत का करीब 95 फीसदी व्यापार मात्रा में और 70 फीसदी मूल्य के हिसाब से समुद्री मार्गों से ही संचालित होता है। क्या अमरीका और ईरान ऐसे व्यापक व्यापार को ठप कर देने पर आमादा हैं? कुल मिलाकर मिडिल ईस्ट में एक ऐसी युद्ध लड़ी जा रही है जिसकी जरूरत नहीं है।

## विचार

एक बार जो भूल हो गयी उसे हृदय से बुरा समझकर पुनः कदापि न करना चाहिए, इसके लिए सतत् प्रयत्नशील होकर अपनी गलती को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए।
-मुनि गणेश वर्णी.

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता, वह तो अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।
-महात्मा गांधी.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।
-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाये तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।
-तिरुवल्लुवर.

जो कुछ भी तुम आज कर सकते हैं उसको कल के भरोसे पर कभी मत छोड़िये।
-फ्रेंकलिन.

# वैश्विक रैंकिंग में चीन पर भारी आईएएफ



संजय श्रीवास्तव

वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट की ताजा रिपोर्ट बताती है कि भारतीय वायुसेना कम विमानों के बावजूद चीनी वायुसेना से ताकत तथा प्रभावशीलता में आगे है। यह उत्साहवर्धक रिपोर्ट कुछ और भी आंकड़े देती है, इसे समग्रता में कैसे पढ़ा जाना चाहिए और इसके संकेतों से क्या सीख लेनी चाहिए?

वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट यानी डब्ल्यूडीएमएमए 2026 की रिपोर्ट उत्साह वर्धक है। हालांकि पिछले साल भी इसकी रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग यही थी। 2024 में चीन तीसरे स्थान पर था और भारत चौथे स्थान पर लेकिन एशिया के सामरिक संतुलन में बदलाव के साथ 2025 में भारत ने बाजी मार ली। डब्ल्यूडीएमएमए की हालिया रिपोर्ट ने एक बार फिर दर्शाया कि स्वतंत्र वायुसेना के रूप में भारतीय वायुसेना लगातार दुनिया की तीसरी सबसे शक्तिशाली वायुसेना बनी हुई है। इस साल डब्ल्यूडीएमएमए ने अपनी रैंकिंग का प्रारूप बदला है, इसके चलते असल में भारतीय वायुसेना छठे स्थान पर है पर शुरूआती दो पायदान पर अमेरिका के एयरफोर्स और नेवी काबिज हैं। फिर तीसरे नंबर पर रूस की वायुसेना तथा फिर चौथे और पांचवें नंबर पर अमेरिका की ही थल सेना और अमेरिकी मरीन सेना का कब्जा है। इस तरह से देखें तो छठे नंबर पर होने के बावजूद भारतीय वायुसेना अमेरिका और रूस के बाद तीसरे नंबर पर है। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि चीनी वायुसेना सातवें स्थान पर है, एक बार फिर और लगातार दूसरे साल भारत से पीछे। संभवतः इसीलिए इस बार पिछले साल की रिपोर्ट से ज्यादा चर्चा इस बार हो रही है।

चर्चा की बड़ी वजह यह भी है कि पिछले कुछ महीनों से मीडिया में इस बाबत कई रिपोर्ट छपी कि भारत के पास विमानों की, स्क्वाड्रन की संख्या आवश्यकता से कम है, भारतीय वायुसेना के पास वर्तमान में स्वीकृत 42 स्क्वाड्रन के मुकाबले केवल 29 लड़ाकू स्क्वाड्रन हैं। बहुत से विमान बूढ़े होते जा रहे हैं। खरीदारी और आपूर्ति में देरी के चलते इन विमानों को नई पीढ़ी के लड़ाकू विमानों से बदला नहीं जा पा रहा और देश के भीतर विकसित होने वाले विमानों की खेप मिलने, तैनाती होने में अभी समय लगेगा। भारतीय वायुसेना की हालत बहुत बेहतर नहीं है। ऐसे में यदि युद्ध जैसी आशंका बन जाएं, तो हमारे सामने कठिनाइयां पेश आयेंगी और यदि युद्ध दो मोर्चों पर हो जिसमें चीन भी परोक्षतः शामिल हो तो वायुसेना के लिये स्थिति विकट होगी। इस रिपोर्ट में चीनी वायुसेना के पास कार्यरत जंगी जहाजी बेड़ों की भारी भरकम संख्या



और टेक्निकल अपग्रेडेशन का भी जिक्र किया गया है। मगर संख्या बल में चीन से आधी से भी कम होने के बावजूद भारतीय वायुसेना की रैंकिग चीन से बेहतर होना, इन आकलनों को धता बताता है। रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर उत्साहित मीडिया ने इस तरह के आकलन भी पेश किये हैं कि यदि युद्ध की स्थिति आ जाए तो फिलहाल भारत चीन पर हावी रहेगा। पर क्या सचमुच में ऐसा है? शायद इस सवाल का जवाब सीधा नहीं है, क्योंकि युद्ध बहुआयामी होता है। सामान्यतः वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट की रैंकिंग को इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटजिक स्टडीज, रायल युनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट, सेंटर फोर स्ट्रेट्जिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज जैसे बड़े थिंक टैंकों, सीपरी अथवा जेंस डिफेंस जैसी संस्थागत पत्रिकाओं या रक्षा मंत्रालयों की औपचारिक मान्यता प्राप्त, आधिकारिक रक्षा-आकलन सूची में शामिल नहीं किया जाता।

## वायुसेना रैंकिंग

डब्ल्यूडीएमएमए खुद अपनी साइट पर इसे मनोरंजक तथा सूचनात्मक संदर्भ तक सीमित रखने की चेतावनी देते हुए कहता है कि वह आधुनिक सैन्य वायु सेवाओं की ताकत को एक व्यापक दृष्टि देता है और वर्तमान शक्तियों तथा अंतर्निहित कमजोरियां को ट्रैक करता है, लेकिन इसे हथियार-प्रणाली के व्यवहारिक उपयोग या आधिकारिक ऑपरेशनल निष्कर्ष के रूप में नहीं पढ़ना चाहिए। कई पश्चिमी और चीनी थिंक-टैंक इस आधार पर इसकी आलोचना करते हैं, क्योंकि यह पूरी तरह से गुप्त सैन्य डेटा या क्लासीफाइड आंकड़ों तक पहुंच नहीं रखता और ओपन-सोर्स इनपुट्स पर निर्भर करता है। इसके बावजूद वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट की रैंकिंग को ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस और तमाम सैन्य एवं रक्षा विश्लेषकों के बीच काफी प्रतिष्ठित, सराहनीय और व्यवहारिक इंडेक्स माना जाता है, क्योंकि यह 'क्वांटिटी' यानी संख्या की बजाय क्वालिटी अथवा गुणवत्ता और प्रभावशीलता पर ध्यान केंद्रित करता है।

यह कागजी संख्या के बजाय वास्तविक युद्धक क्षमता बताता है। इसका विमानन डेटाबेस भी व्यापक माना जाता है। भले ही इसे आधिकारिक सैन्य आकलन का विकल्प नहीं माना जाए फिर भी रक्षा विश्लेषकों द्वारा उपयोगी विश्लेषणात्मक संकेतक और संदर्भ के रूप में उपयोग अक्सर किया जाता है। ऐसे में डब्ल्यूडीएमएमए की ताजा रिपोर्ट को गंभीरता से लिया जाना चाहिए, क्योंकि भारतीय वायुसेना के बारे में उसके आकलन वाकई तार्किक और बहुत सटीक हैं। वायुसेना में केवल लड़ाकू विमान और उनकी संख्या ही नहीं बल्कि लॉजिस्टिक्स या परिवहन, हेलीकॉप्टर, रीफ्यूलर्स और अवाक्स अथवा हवाई चेतावनी प्रणाली जैसे 'फोर्स मल्टीप्लायर्स' का सही अनुपात आवश्यक है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत का फ्लीट चीन के मुकाबले अधिक संतुलित है। किसी वायुसेना की युद्धक क्षमता बनाए रखने, युद्ध के समय विमानों को लगातार उड़ान भरने के लिए कलपुर्जों की उपलब्धता और उनके रख-रखाव, कठिन परिस्थितियों में आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने की क्षमता महत्व रखती है। भारत इस मामले में भी चीन से आगे है। जहां तक विमानों की वास्तविक मारक क्षमता, तकनीकी विविधता और युद्ध का व्यवहारिक अनुभव का प्रश्न है, भारतीय वायुसेना के पास पश्चिमी देशों के फ्रांसीसी रफाल, मिराज-2000, रूसी सुखोई 30 एमकेआई, मिग-29 और स्वदेशी तेजस, तकनीकों का इसे बहुमुखी बनाने में समर्थ संयोजन है, चीन काफी हद तक अपनी स्वदेशी री-इंजीनियरिंग और रूसी डिजाइन पर निर्भर है, जिसकी वास्तविक युद्ध प्रभावशीलता अभी पूरी तरह परीक्षित नहीं है। चीन ने 1950 के बाद कोई वास्तविक जंग नहीं लड़ी, जबकि भारतीय वायुसेना के पास दो पूर्ण युद्ध और कई सैन्य ऑपरेशन का तजुर्बा है। बेड़े में शामिल तकनीकों का आधुनिक स्तर और स्वदेशी रक्षा उत्पादन की क्षमता में भारत पीछे नहीं है। ऊंचाई पर हवा का घनत्व होने के चलते चीनी लड़ाकू विमान अपनी पूरी क्षमता के साथ भारी मात्रा में हथियार और ईंधन लेकर उड़ान नहीं भर सकते। जबकि भारतीय विमान अपनी फुल पेलोड क्षमता के साथ उड़ान भर सकते हैं। इसके अलावा भारत को ब्रह्मोस और अस्त्र जैसे बेहतर मिसाइल तकनीक, लड़ाकू पायलटों की उच्च स्तरीय ट्रेनिंग चीन के 'पायलट-टू-एयरक्राफ्ट रेशियो' और ट्रेनिंग के मुकाबले में बढ़त देती है।

हालांकि चीन का नेवल एविएशन रैंक 15 है और हमारा 27, जबकि चीन की आर्मी एविएशन रैंक 35 और भारत की 36। नेवल और आर्मी एविएशन में चीन की बढ़त का समग्र प्रभाव निस्संदेह अधिक है। रिपोर्ट में देश का गुणवत्ता आधारित मूल्यांकन में चीन से आगे आना अत्यधिक उत्साहवर्धक और मनोबल बढ़ाने वाला है, खास तौर पर तब, जब हम कई बरसों से शीर्ष के देशों में बने हुए हैं। यह वैश्विक स्तर पर इस बात को स्थापित करता है कि भारतीय वायुसेना की प्लानिंग, उसकी ट्रेनिंग और उसका लॉजिस्टिक ढांचा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ देशों में शुमार है। पर भारत केवल अपनी 'रणनीतिक और गुणात्मक बढ़त' के भरोसे हमेशा नहीं बैठ सकता। यदि समय रहते स्क्वाड्रनों की घटती संख्या को नये विमानों से नहीं भरा गया तो चीन की संख्यात्मक ताकत लंबे समय के युद्ध में इस गुणात्मक बढ़त को कम कर सकती है।

## सोशल मीडिया



देश के टूटे हुए एजुकेशन सिस्टम में आपने जो देखा, सुना और झेला है...वो समस्या का सतह मात्र है। असली सचाई इससे कहीं ज्यादा गहरी है। राहुल गांधी.



मेरठ में नृशंस हत्या कांड के बाद पीड़ित परिवार से मिला आम आदमी का प्रतिनिधि मंडल, पीड़ित परिवार को न्याय और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग उठायी। संजय सिंह.



कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल अपनी अकर्मण्यता, अक्षमता और आलस्य के कारण मिलने वाली राजनीतिक विफलता का दोष लोकतंत्र, चुनाव आयोग व न्यायपालिका पर मढ़ रहे। सुधांशु त्रिवेदी.

# अभावों का सामना

मनुष्य के रास्तों को कभी कठिनाइयां रोक नहीं पाती हैं। दुनिया के फलक पर ऐसे सितारों की बड़ी संख्या है जो तमाम अभावों का सामना करके आगे आये अपनी तीक्ष्ण बुद्धि, प्रतिभा, त्याग और उपदेश से पूरी दुनिया का मार्गदर्शन किया। विषम स्थितियों से सामना होने पर मनुष्य की भौतिक अंतः प्रतिभा जाग्रत होती है। सुप्त शक्तियों का विकास होता है। पत्थर पर रगड़ खाने वाला चाकू तेज होता है और वह अपने काम में अधिक कारगर साबित होता है। उसका स्वभाव, अनुभव और दिमाग मंज कर साफ हो जाता है, जिससे आगे बढ़ने में उसे बहुत सफलता मिलती है। इसके विपरीत जो लोग अमीर और साधन सम्पन्न घरों में पैदा होते हैं उन्हें जीवन की आवश्यक सामग्रियां प्राप्त करने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता। लाड़, दुलार, ऐश, आराम के कारण उनकी प्रतिभा निखरती नहीं, वरन बंद पानी की तरह सड़ जाती है। यह निष्क्रिय चाकू की तरह जंग लगकर निकम्मी हो जाती है। आमतौर पर आजकल ऐसा देखा जाता है कि अमीरों के लड़के अपने जीवन में असफल रहते हैं और गरीबों के लड़केआगे चलकर चमक जाते हैं। पुराने जमाने में राजा रईस अपने लड़कों को ऋषियों के आश्रम में इसलिए भेज देते थे कि यहां रहकर अभावग्रस्त जीवन व्यतीत करें और अपनी प्रतिभा को तीव्र बनायें। हमारा उद्देश्य यह कहने का नहीं है कि अमीरी कोई बुरी चीज नहीं है और अमीरों के घर में पैदा होने वाले उन्नत जीवन नहीं बिता सकते। जहां साधन है वहां तो और भी जल्दी उन्नति होनी चाहिए।

अंतर्दृष्टि

बढ़ई के पास बढ़िया लकड़ी और अच्छे औजार हों तब तो वह बहुत ही सुंदर फर्नीचर तैयार करेगा यह तो निश्चित है। हमारा तात्पर्य केवल यह कहने का है कि यदि जिन्दगी जीने की कला आती हो तो अभाव, कठिनाई या विपरीत परिस्थिति भी कुछ बाधा नहीं डाल सकती। गरीबी या कठिनाई में साधनों की कमी का दोष है तो प्रतिभा को चमकाने का गुण भी है। अमीरी में साधनों की बाहुल्यता है तो लाड़ दुलार और ऐशो आराम के कारण प्रतिभा के कुन्द हो जाने का दोष भी है। दोनों ही गुण दोषयुक्त हैं। किन्तु जो जीवन जीना जानता है, वह चाहे अमीर हो या गरीब, अच्छी परिस्थितियों में अनुकूलता और आनन्द प्राप्त कर सकता है। आनन्दमय जीवन बिताने के लिए धन, विद्या, अच्छा सहयोग, स्वास्थ्य आदि की आवश्यकता है। परन्तु ऐसा न समझना चाहिए कि इन वस्तुओं के होने से ही जीवन आनन्दमय बन सकता है। एक अच्छी पुस्तक लिखने के लिए कागज, दवात, कलम की आवश्यकता है।

# ये गरीबों की मदद करने वाले

व्यंग्यलोक

गरीब को थाली में भोजन परोस कर लाने वाले गिरोह सक्रिय हो गये हैं। अब झुण्ड के झुण्ड नेताओं के गरीबों के घरों पर वोटों के लिए दस्तक दे रहे हैं। विकास की बातें फिर वे ही लोग कर रहे हैं, जिन्होंने गरीब को और अधिक गरीब बनाया था। अपना-अपना वोट बैंक सुनिश्चित करने की चालें और जनता की आंखों में धूल झोंकने का तमाशा शुरू हो गया है। चुनावी आगाज हो गया है। उन्हें केवल दिल्ली चाहिए ताकि वे मुखिया बनकर देश की बागडोर संभालें तथा देश को अपने ढंग से हांक सकें। दिल्ली की गद्दी के लिए घमासान फिर शुरू हुआ है। अगला साल जैसे कल ही आने वाला हो। इतनी जल्दबाजी और ताबड़तोड़ भागा-दौड़ी। पहले नहीं देखा था ऐसा नजारा। अब तो सबको दरकिनार करके वे आह्वान करने की मुद्रा में आ गये हैं। उनके आह्वान पर वोट न्यौछावर होंगे या नहीं यह तो वक्त बतायेगा, लेकिन वे देश पर इस समय पूरी तरह फना है। वे जनता से कहलवा रहे हैं 'यस वी कैन, यस वी विल डू'। देशभक्ति उनकी रग-रग में समा गई है। कुछ भी कहो अंदाज उनका अपना मौलिक है। दुश्मनों को ललकारा तो केन्द्र की सत्तारूढ़ सरकार को डूब मरने के लिए कहा। उनकी नीतियां विकास की हैं। बिना-विकास के समस्याओं का समाधान संभव नहीं। मैं खुशी से पगला रहा हूँ कि रामराज की तस्वीर दिखाने वाले इस बार कहीं इसे साकार ही न कर दें। यह घड़ी बड़ी अद्भुत है। वोटर की परेशानी यह है कि वह किस ओर जायें। लुभावनी बातें दोनों ओर हैं। मुझे लगता है एक बार फिर निर्दलियों की पौ बारह होगी। क्योंकि इनके नारों में केवल छलावा है और धोखा है। एक पार्टी का राज मिल जायेगा, कहना कठिन है। वैसे वे एक पार्टी से मुक्त भारत का सपना देख रहे हैं। उनका सपना यही तो है कि केवल उनकी पार्टी सत्ता में हो। सुराज भी तभी आता बताया। वे तालियां बजा रहे हैं, हाथ उठवा रहे हैं और सामने बैठे हजारों-लाखों को बेवकूफ समझने की भूल भी कर रहे हैं। मन करता है ऐसी कायापलट करने वाली सरकार तो अगले वर्ष की एवज में इसी वर्ष बन जाये तो मजा आ जाये। उन्हें वोट के अलावा कुछ नहीं चाहिए। बाकी चीजें तो इसी भरोसे पर वे सब बटोर लेंगे। आंखें चुंधिया रही हैं। विकास का उजाला फैला हुआ दिखाई दे रहा है। दिक्कत एक ही दिखाई दे रही है कि उनकी टांग खींचने वालों को रोक लीजिये, वरना वे लड़खड़ा कर गिर जायेंगे और सरकार नहीं बना पायेंगे रामराज वाली। अलादीन का चिराग लेकर आये हैं ये लोग।



पूरन सरमा

# पांच दशक में खत्म हो गयी दो-तिहाई जैव विविधता



जैव विविधता

डॉ.अनिता राठौर

वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर की लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2020 के मुताबिक पिछले पांच दशकों में धरती की 68 फीसदी जैव विविधता नष्ट हो चुकी है। इस तरह 10 जैव विविधत प्रजातियों में 7 का विनाश हो चुका है, यह बेहद चिंतित करने वाली रिपोर्ट है। भारत आदिकाल से ही जैव विविधता के मामले में एक सम्पन्न देश रहा है। अपने यहां करीब पौधों की 40 से 45 हजार और जीवों की 85 से 90 हजार प्रजातियां मौजूद हैं। लेकिन अब अपने देश में भी बहुत तेजी से जैव विविधता लुप्त हो रही है। दो साल पहले आरटीआई के जरिये हासिल एक सूचना के मुताबिक एक दशक में 148 जीव और करीब 132 वनस्पतियां लुप्त हो गई हैं और 500 से ज्यादा जीवों और वनस्पतियों पर लुप्त होने की तलवार लटकी हुई है।

कुछ साल पहले वन विभाग ने पाया था कि राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व और मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में सुनियोजित ढंग से चल रही शिकार की गतिविधियों के कारण उनकी संख्या में तेजी से कमी आ रही है। टाइगर, तेंदुए और ओर्टर को उनकी चमड़ी के लिए मारा जाता है। चीन और दूसरे अन्य देशों में भारत में पाये जाने वाले इन दुर्लभ प्रजातियों के पशु और पक्षियों की बहुत मांग है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक द्रव्यों की तस्करी, मनुष्य की तस्करी और अन्य दूसरी चीजों की तस्करी के बाद अवैध वन्य जीवों का शिकार कर उनके अंगों की तस्करी का व्यापार चौथे स्थान पर है। यूनाइटेड नेशंस ऑफिस द्वारा ड्रग एंड क्राइम विषय पर जारी एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 132,144 वन्य जीवों की अवैध तस्करी से जुड़े मामले दर्ज किये गये, जिनमें पूरी दुनिया के 120 देशों में लगभग पिछले एक दशक में हजारों वन्यजीवों की ऐसी प्रजातियां हैं जो लुप्त हो चुकी हैं। 1,291 वन्यजीवों की तस्करी से जुड़े मामलों में 180 प्रजातियों के प्रतिबंधित वन्यजीव जिनमें 48 स्तनधारी, 71 प्रजाति के पक्षी, 33 सरीसृप और पेड़ों की 4 ऐसी प्रजातियों से जुड़े मामले दर्ज किये गये, जिनमें लाल चंदन की अवैध तस्करी के मामले सबसे ज्यादा दर्ज किये गये। इसमें तेंदुए के शिकार के 182 मामले, एशियाई हाथी की अवैध तस्करी के 138 मामले, एक सींग वाले दरियाई घोड़े के 124 मामले और बंगाल टाइगर के अवैध शिकार के 113 मामले दर्ज किये गये थे। इनमें हिरण, बारहसिंगा, जंगली गाय, सुअरों के अवैध शिकार के 60 मामले दर्ज हुए, जिनमें देश के विभिन्न भागों में इनके मांस के लिए इनका अवैध शिकार किया जाता है।

पैंगोलिन एक ऐसा स्तनधारी जीव है जिसकी चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के विभिन्न देशों में बहुत मांग है। इसके मांस, त्वचा और पूर्वी एशियाई देशों में दवाएं बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। इसका सबसे ज्यादा अवैध व्यापार होता है। इसके अलावा कछुए, ताजे पानी के कछुए, स्टार कछुए, झीलों में पाये जाने वाले कछुओं की भारत और दूसरे पड़ोसी देशों में पालतू जानवरों के बाजार में भारी मांग के चलते इनका अवैध शिकार किया जाता है। कई मामलों में हजारों लोगों को रेलवे के प्लेटफॉर्मों, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर इन्हें इन जानवरों के अंगों के साथ इन्हें अवैध रूप से पकड़ा जाता है। ज्यादातर पक्षियों और पालतू जानवरों के बाजार या मांस के लिए इन्हें बेचे जाने के लिए इनकी अवैध तस्करी होती है। भारतीय पक्षियों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारी मांग है। भारत में भले ही मोर के शिकार को अवैध करार दिया गया है इसके बावजूद इन्हें इनके सुंदर पंखों के लिए मौत के घाट उतार दिया जाता है। समुद्री जीव जंतुओं की तस्करी के 50 मामले दर्ज किये गये जिनमें समुद्री घोड़े मूंगा, घोंघे और सी-क्यूकैम्बर की अवैध तस्करी के मामले दर्ज किये गये। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सी-क्यूकैम्बर का इस्तेमाल चीनी व्यंजनों और दवाईयों में होता है। पूरी दुनिया में इसकी बढ़ती मांग के कारण इसकी कई प्रजातियां खत्म हो चुकी हैं। लेकिन हम इस बात को समझने के लिए तैयार ही नहीं हैं कि यदि इसी तरह इनका अवैध शिकार होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब इन जलीय जीव जंतुओं का समुद्र से पूरी तरह सफाया हो जायेगा। प्रतिबंधित एवं दुर्लभ वन्य जीव प्रजातियों की अवैध तस्करी के बढ़ते मामले इस बात का सबूत है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन तमाम वन्य जीवों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अवैध तस्करी का यह काम एक बड़े नेटवर्क के रूप में सुनियोजित ढंग से संचालित होता है।

## आप की बात

### प्राधिकरणों की मनमानी

प्रदेश में विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास की कारस्तानी के कारण अब आम आदमी को घर मिलना मुश्किल हो गया है। विकास प्राधिकरणों के इंजीनियरों ने कमीशन के खेल में बड़े-बड़े अपार्टमेंट खड़े कर दिये जिन्हें न तो कोई लेने वाला मिल रहा है और न ही लेना आर्थिक रूप से व्यवहारिक है। शहरों को विकसित कर सजाने संवारने की जिम्मेदारी जिन प्राधिकरणों पर है वे पूरी तरह भ्रष्टाचार के अड्डे बन गये हैं। सबसे बड़े प्रदेश की राजधानी में अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैल रहा है। इनमें अनेक समस्याएं पैदा होती हैं लेकिन प्राधिकरण के इंजीनियर और बाबू इसे चलने देते हैं। जब कोई अदालती आदेश आता है तो बेमन से कार्रवाई करते हैं। विकास प्राधिकरणों में जब कोई अभियंता या बाबू घोटाले में पकड़ा जाता है तो सौ, दो सौ करोड़ की संपत्ति मिलना आम बात है। नोएडा अथॉरिटी में यादव सिंह और उनके परिजनों के भारी गोलमाल की जांच और मुकदमा अभी चल ही रहा है। सवाल है कि विकास प्राधिकरणों में घोटालों की इतनी छूट कैसे मिल जाती है कि जो भी बाबू, अभियंता या अधिकारी पकड़ा जाता है वह करोड़ों का खेल कर चुका होता है। आज विकास प्राधिकरण प्राइवेट एजेंसियों से महंगे फ्लैट बेच रहे हैं। ऐसे में इनकी जरूरत क्या है? जब गरीबों को घर दे नहीं पाते तो इनको खत्म किया जाये। जब विकास प्राधिकरण ही जनता को चूना लगाने पर तुले हों तो इनको खत्म कर प्राइवेट क्षेत्र को ही आगे बढ़ाया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना कई सालों से चल रही है लेकिन प्राधिकरणों एवं आवास एजेंसियों की कारस्तानी के कारण ही गरीबों को घर नहीं मिल रहा है। दूसरे गरीबों के घर को इतना छोटा कर दिया गया है कि महज 20-22 मीटर में ही बना दिया जाता है। इससे घर मिल भी जाता है तो भी शांति नहीं मिलती है। इसलिए अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के घरों को कम से कम 35 मीटर रखना चाहिए।

प्रमोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.

### सामाजिक बदलाव

शिक्षा आर्थिक प्रगति और सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम है। जैसी शिक्षा होगी वैसा ही समाज भविष्य में बनेगा। इसलिए शिक्षा पर समाज को फोकस बढ़ाना चाहिए। भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार हरेक बच्चे को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराये। एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण का वाहक बन सकता है। अशिक्षा व्यक्ति को अंधकार में रखती है और इसी कारण समाज में तमाम तरह की बुराई भी पनपती हैं। इसलिए शिक्षा पर सरकार फोकस बढ़ाये।

प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.

संक्षेप

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बांदा।** बीते दिवस बबेरू क्षेत्र के अछाह गांव के पास दो बाईकों की आमने सामने टक्कर हो जाने से चार लोग गंभीर हो गए थे। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। अनिल की हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर कर दिया। रास्ते में ले जाते समय मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के अछाह गांव के पास आमने-सामने दो बाईकों से जोर दार टक्कर हो जाने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें कस्बे के रहने वाले 34 वर्षीय अनिल यादव पुत्र दुर्विजय यादव को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया गया था। जहां ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। अनिल यादव की मौत की खबर सुनकर कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है। मृतक प्राइवेट मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर जीवन यापन करता था।

## संदिग्ध हालत में दो माह के बच्चे की मौत



**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सिमौनी गांव में संदिग्ध अवस्था पर दो माह के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सिमौनी गांव निवासी फल्लू यादव के 2 माह के पुत्र सत्यम की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई। परिजनों के द्वारा इलाज के लिए गुरुवार कि सुबह सीएचसी बबेरू लाया गया। डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिजन हतप्रभ रह गए। मृतक के चाचा मुन्ना यादव ने बताया कि बच्चे को कल वैक्सीन टीकाकरण हुआ था। वह दिन भर हंसता खेलता रहा। वह जानकारी नहीं हो रही कि वैक्सीन टीकाकरण लगने की वजह से मृत्यु हुई है, या फिर किसी जहरीले कीड़े के काटने से हुई है। इसकी जानकारी को हमें पोस्टमार्टम करवाना है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है जांच की जा रही है।

## युवक का रेलवे ट्रैक के पास मिला शव

**बहराइच।** रिसिया थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक दो दिन पहले ससुराल से बहराइच जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। गुरुवार सुबह उसका शव रेलवे पटरी के पास मिलने की सूचना परिजनों को मिली। घटना रिसिया रेलवे स्टेशन के पश्चिमी समपार फाटक संख्या-51 के निकट की है। सुबह स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही रिसिया पुलिस और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की शव की पहचान विजय बहादुर (30) पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम सिदिलपुर, थाना दोस्तपुर, जनपद सुल्तानपुर के रूप में हुई। विजय बहादुर की ससुराल मटेरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर-शंकरपुर गांव निवासी गोपाल सिंह के यहां है। करीब छह वर्ष पूर्व उसका विवाह गोपाल सिंह की पुत्री रेखा के साथ हुआ था। दंपती के दो पुत्र रुद्र और कान्हा हैं परिजनों के अनुसार, गोपाल सिंह परिवार सहित रिसिया कस्बे में किराए के मकान में रहते हैं। विजय बहादुर भी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ यहीं रह रहा था। दो दिन पहले वह बहराइच जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन उसके बाद घर वापस नहीं लौटा। इसी बीच गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे उसका शव मिलने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

# एचपीवी टीकाकरण में बहराइच को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सीडीओ सुनील कुमार धनवंता को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

जिला संवाददाता




**बहराइच।** किशोरी बालिकाओं को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बहराइच को राज्य स्तर पर सम्मान मिला है। जिले में अभियान के प्रभावी संचालन, बेहतर समन्वय और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए मुख्य विकास अधिकारी आईएएस सुनील धनवंता को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल महोदया ने एस.जी.पी.जी.आई. परिसर स्थित श्रुति प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रबंध निदेशक आईएएस नेहा शर्मा भी मौजूद रहीं मुख्य विकास अधिकारी ने बताया यह सम्मान स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग तथा जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

जिले में विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और समुदाय स्तर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभिभावकों की शंकाओं का समाधान किया गया और किशोरी बालिकाओं तक टीकाकरण की सुविधा पहुंचाने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए।सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम का प्रभावी माध्यम है एचपीवी टीकारू-मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में सर्वाइकल कैंसर एक प्रमुख कारण है और इसके लगभग 99 प्रतिशत मामलों में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण की भूमिका पाई जाती है। उन्होंने कहा कि यह वायरस सामान्य संपर्क, हाथ मिलाने, साथ बैठने या भोजन साझा करने से नहीं फैलता, बल्कि यौन संपर्क के दौरान त्वचा और श्लेष्मा झिल्ली के निकट संपर्क से फैलता है।

उन्होंने बताया कि एचपीवी संक्रमण के शुरूआती चरण में सामान्यतः कोई लक्षण दिखाई नहीं देते। अधिकांश मामलों में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता वायरस को समाप्त कर देती है, लेकिन कुछ महिलाओं में संक्रमण लंबे समय तक बना रहता है। ऐसे मामलों में 10 से 15 वर्षों के दौरान गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में धीरे-धीरे बदलाव होते हैं, जो आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर का रूप ले सकते हैं।सीएमओ ने कहा कि 9 से 14 वर्ष की आयु में एचपीवी वैक्सीन सबसे अधिक प्रभावी होती है। इस आयु में टीकाकरण कराने पर शरीर में वायरस के विरुद्ध मजबूत प्रतिरक्षा विकसित होती है, जिससे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर का खतरा काफी कम हो जाता है।

उन्होंने कहा कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है तथा इसे लेकर फैलने वाली अफवाहों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है।

डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि 13 जुलाई 2026 तक जिले में 2,508 विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। 41,723 पात्र किशोरियों के लक्ष्य के सापेक्ष 7,814 किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण किया गया, जो 18.73 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और विद्यालयों के सहयोग से बड़ी संख्या में किशोरियों को टीकाकरण से जोड़ा गया।

मुख्य विकास अधिकारी सुनील धनवंता ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित आयु वर्ग की प्रत्येक किशोरी का समय पर एचपीवी टीकाकरण कराकर उसे भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित बनाने में सहयोग करें।

## विद्युत टीम पर हमला, तीन आरोपी हिरासत में



**बांदा।** बुधवार को अतर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम बरेहंडा गांव में आईजीआरएस की शिकायत पर जांच करने गई विद्युत टीम पर शिकायतकर्ता ने पुत्रों, भाई के साथ मिलकर फाटक के अंदर कमरे में बंधक बनाकर मारपीट कर दी। इस पर जान से मारने के षड्यंत्र को लेकर पहले पांच आरोपियों राजेश कुशवाहा व उसके भाई राजेंद्र प्रसाद, अमित के अलावा राजेश के पुत्र मनीष कुमार और विवेक कुमार के विरुद्ध तीनों जेई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराने की बात कही गई है। जेई अजय कुमार कनौजिया ने बताया कि थाने के एक उपनिरीक्षक के बताने के अनुसार राजेंद्र प्रसाद और अमित दोनों एक ही व्यक्ति है। अलग-अलग नहीं है ऐसी स्थिति में मुकदमा दर्ज करने के पूर्व राजेंद्र प्रसाद का नाम हटाकर चार लोगों राजेश कुमार कुशवाहा व उसके छोटे भाई अमित, राजेश के पुत्र मनीष और विवेक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। आरोपी राजेश के पुत्र मनीष के मुताबिक शिकायत के जांच के नाम पर लगे फाटक के अंदर आई टीम ने पूछने पर न तो कोई अपना आईडी दिखाया। न ही कोई जांच आदेश की कॉपी। ऐसी स्थिति में संदेह होने पर वाद विवाद जरूर हुआ है। अन्य आरोप गलत हैं। दूसरी तरफ एसडीओ विमलेश सिंह के निर्देश पर ग्राम बरेहंडा के राजेश कुशवाहा के घर गई जांच टीम के जेई अजय कुमार कनौजिया, विजय बहादुर व संजय गुप्ता सहित दो संविदा कर्मियो ने आरोपियों पर बंधक बनाने और कमरे मे बंद कर गैस सिलेंडर का रेगुलेटर खोल जान से मारने की बात कही है। जेई ने बताया कि अगर समय पुलिस नही पहुंचती तो स्थिति गम्भीर हो सकती थी।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जनपद भ्रमण की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में चाँदपुर एवं सदर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के संबंध में 17 जुलाई को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जनपद भ्रमण की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विदुर सभागार में बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड से संबंधित सभी व्यवस्थाएं आज ही पूर्ण कर ली जाएं।

उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर व्यापक साफ-सफाई सुनिश्चित कराने, झाड़ियों की कटाई कराने तथा समुचित सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, शौचालय एवं पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए एंबुलेंस एवं मेडिकल टीम की तैनाती भी समय से कर ली जाए।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि लोकार्पण एवं शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं की सूची शीघ्र तैयार कर ली जाए। इसके अतिरिक्त प्रमाण पत्र, टूलकिट एवं चेक प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की सूची भी समय से तैयार कर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की जाएं। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाए जाएं, जिससे आमजन को शासन की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध हो सके।

सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा में अपनी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) देवेंद्र पाल सिंह, न्यायिक शरदपाल सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार चौबे ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र ...

शहजाद अंसारी

**नगीना, बिजनौर।** विकास कार्यो के नाम पर ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा सरकारी धन के दुरुपयोग एंव घोटाले की जांच के मांमले में सचिव द्वारा पिछले 14 महीने से घोटाले से संबन्धित फाइलें न देने पर जांच अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार चैबे ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी बिजनौर को पत्र लिखा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को पत्र लिखने से घोटालेबाज प्रधान व सचिव की अल्टी गिनती शुरु हो गई है।

**▶घोटालेबाज ग्राम प्रधान को बचाने के लिए भ्रष्ट सचिव 14 महीनों से नही दे रहा फाइलें**

नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी शगुफ्ता अंजुम, सईदुद्दीन सलमानी, विरेन्द्र कुमार एंव शाहरुख सलमानी आदि ने 12 अप्रैल 2025 को जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर के समक्ष पेश होकर एक शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि ग्राम पंचायत कल्याणपुर विकास खण्ड कोतवाली की ग्राम प्रधान नसीम फातिमा व सचिव आशुतोष कुमार ने सरकारी स्कूलों में रंगाई पुताई, टाईल्स, गिरोटिंग, सी0सी रोड, कस्तूरबा स्कूल में दरवाजों व खिडकी मरम्मत, सरकारी नलों के रिबोर, नाला-नाली निर्माण, मनरेगा, शौचालय एंव चैनल आदि का हवाला देकर विकास कार्यो के नाम पर लाखों रुपए के सरकारी धन के दुरूपयोग एंव घोटाला किया है। जिलाधिकारी ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए 09 मई 2025 को समिति का गठन कर जांच के आदेश दिये थे। शिकायत की जांच नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव को सौंपी गई थी। जांच अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव ने घोटालेबाज प्रधान व सचिव से हमसाज होकर घोटाले से संबन्धित फाइलें बिना देखे ही क्लीनचीट देने की नाकाम कोशिश की थी।

जिला विद्यालय निरीक्षक का कारनामा उजागर होने के बाद जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मांमले का संज्ञान लेते हुए 24 जनवरी 2026 को जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार चैबे की देखरेख में नई कमेटी का गठन कर पुनः जांच के आदेश दिये थे। जांच अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार चैबे ने समय से जांच करने के लिए घोटाले के आरोपी ग्राम सचिव अशुतोष कुमार को घोटाले से संबन्धित फाइलें उनके सुपुर्द करने के लिए कई बार पत्र भेजा लेकिन सचिव द्वारा घोटाले से संबन्धित एक भी फाइल कार्यक्रम अधिकारी को उपलब्ध नही कराई गई। जांच अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार चैबे ने 10 जुलाई 2026 को डीपीआरओ, मुख्य विकास अधिकारी एंव जिलाधिकारी को भेजे गए अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि ग्राम सचिव को कई बार पत्र भेजकर घोटाले से संबन्धित फाइलें मांगी गई लेकिन आज तक उन्हे फाइलें नही मिली है जिस कारण निष्पक्ष जांच होना संभव नही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार चैबे द्वारा अधिकारियों को पत्र लिखने से घोटालेबाज प्रधान व सचिव अशुतोष कुमार की अल्टी गिनती शुरु हो गई है।

## ममता गुप्ता को श्रद्धांजलि बच्चों का सम्मान



**फतेहपुर।** श्रीराम राज्याभिषेक मंडल की संस्थापिका एवं अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा मरणोंपरांत महिला वैश्य रत्न से सम्मानित स्व० ममता गुप्ता की तृतीय पुण्य तिथि पर भावना विकलांग केंद्र के दिव्यांग बच्चों को उपहार देकर किया सम्मानित, खुशी से चहके बच्चे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित दिव्यांग जनसशक्तिकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं ममता गुप्ता के तैलीय चित्र में मल्यार्पण के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। भावना विकलांग केंद्र के बच्चों ने ईश प्रार्थना की तथा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। स्व०ममता गुप्ता के व्यक्तित्व में प्रकाश डालते हुये परिषद के संरक्षक गिरधारी लाल गुप्ता ने कहा कि स्व० ममता गुप्ता का जीवन सामाजिक चिंतन के प्रति सदैव रहा है उन्होंने संगठन में सदैव सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हुये संगठन के कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। उनका असमय हम लोगों से बिछडना अत्यंत कष्टकारी है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दिव्यांग जनसशक्तिकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा ने कहा कि समाज में ऐसे अनगिनत दिव्यांग लोग हैं आप उन्हें कुछ आर्थिक सहयोग के साथसाथ जिस क्षेत्र मे वो निपुण हो उससे संबंधित उन्हें रोजगार दिलाये और उन्हें स्वावलंबी बनाये ।परिषद के संरक्षक संजय गुप्ता ने कहा कि मनुष्य का भौतिक शरीर न रहने पर उसकी यश कीर्ति रूपी देह सदैव बनी रहती है। आपका कार्यशील जीवन वन्दनीय था। आपके उंचे एवं सच्चे आदर्श आज भी हमारा जीवन पथ आलोकित कर रहे है। हम उन्ही आदर्शों का अनुकरण करते हुये संगठन के सभी पदाधिकारी आपको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। श्रीराम राज्याभिषेक मंडल के अध्यक्ष फरहत अली सिददीकी ने कहा कि भावना विकलांग केंद्र के बच्चों ने कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है उसके लिये विद्यालय परिवार का योगदान सराहनीय है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नगर अध्यक्ष सभासद संजय लाला, रामस्वरूप गुप्ता, नारायण गुप्ताआदि उपस्थित रहे।

# जगन्नाथ रथयात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

एस पी मिश्रा



**बहराइच।** भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य एवं दिव्य रथयात्रा गुरुवार को बहराइच की सड़कों पर निकली तो पूरा शहर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के रंग में रंग गया। श्री सिद्धनाथ महादेव मठ मंदिर से प्रारंभ हुई इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान के दर्शन किए और पुण्य लाभ अर्जित किया ।श्री सिद्धनाथ पीठाधीश्वर, वरिष्ठ महामंडलेश्वर एवं जूना अखाड़ा के संत अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महंत स्वामी रवि गिरी जी महाराज के पावन सान्निध्य और अगुवाई में निकली रथयात्रा के दौरान नगर की फिजा ₹जय जगन्नाथ₹, ₹हरि बोल₹ और ₹जय श्रीकृष्ण₹ के जयघोषों से देर तक गुंजायमान रही ।प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु का पूजन-अर्चन और श्री सिद्धनाथ महादेव की परिक्रमा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद सायंकाल भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा को आकर्षक पुष्पों और मनोहारी सजावट से सुसज्जित भव्य रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया ।रथयात्रा श्री सिद्धनाथ मंदिर परिसर से निकलकर छोटी बाजार, गुरुनानक चौक, डिगिहा चौराहा, अग्रसेन चौक, छावनी बाजार और घंटाघर सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। घरों की छतों, बालकनियों और प्रतिष्ठानों के बाहर खड़े लोग भगवान जगन्नाथ की एक झलक पाने को उत्सुक दिखाई दिए ।सबसे भावुक और आकर्षक दृश्य वह था जब श्रद्धालु स्वयं भगवान के रथ की रस्सियों को थामकर उसे आगे बढ़ा रहे थे। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है, यही कारण रहा कि श्रद्धालुओं में रथ खींचने को लेकर अद्भुत उत्साह दिखाई दिया ।पूरे मार्ग में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर रथयात्रा का स्वागत किया गया। अनेक स्थानों पर भगवान की आरती उतारी गई और श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई।

## एसपी ने की वर्चुअल जनसुनवाई



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई की गई। इसके अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। 16 जुलाई 2026 को जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकताओं की समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## रेल दोहरीकरण से कई ट्रेनें निरस्त, कुछ के समय में बदलाव

**बांदा।** रेल दोहरीकरण कार्य के चलते कई ट्रेनें रहेंगी निरस्त करने की सूचना विभाग ने जारी की है वहीं कुछ के संचालन में बदलाव की भी बात कही है। उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-मानिकपुर रेलखंड पर चल रहे दोहरीकरण व नान-इंटरलाकिंग कार्य के कारण 21 से 24 जुलाई तक कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। रेल प्रशासन के अनुसार यात्रियों की सुरक्षा और भविष्य में बेहतर रेल संचालन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। बताया गया है कि 11801 ग्वालियर-प्रयागराज एक्सप्रेस 22 व 23 जुलाई को, 11802 प्रयागराज-ग्वालियर एक्सप्रेस 23 व 24 जुलाई को, 64601 मानिकपुर-कानपुर सेंट्रल और 64602 कानपुर सेंट्रल-मानिकपुर मेमू 21 से 23 जुलाई तक इसके अतिरिक्त आंशिक निरस्त-शॉर्ट टर्मिनेट 14109 चित्रकूटधाम कर्वी-कानपुर सेंट्रल और 14110 कानपुर सेंट्रल-चित्रकूटधाम कर्वी 22 व 23 जुलाई को केवल बांदा तक ही चलेंगी ।इसके अलावा 18203 दुर्ग-कानपुर सेंट्रल, 19484 अहमदाबाद मार्ग की ट्रेन, 26506 सहरसा-अहमदाबाद सहित अन्य लंबी दूरी की ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर 40 मिनट से 120 मिनट तक रोका जाएगा।

## मवई बुजुर्ग में आवास योजना को लेकर बैठक



**बांदा।** भूमि अर्जन से प्रभावित काश्तकारों-भूस्वामियों की आपत्तियों की आज शहर के नरैनी रोड स्थित राजा पैलेस में सुनवाई की गई। आवास एवं विकास परिषद, भूमि अर्जन अनुभाग ने गुरुवार को भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या-2 मवई बुजुर्ग बांदा के संबंध में नियोजन समिति की बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य योजना के तहत भूमि अर्जन से प्रभावित काश्तकारों और भूस्वामियों की आपत्तियों को सुनना और उनका निस्तारण करना था। आवास विकास परिषद मवई बुजुर्ग क्षेत्र में गृहस्थान योजना-2 के तहत नए आवासीय प्लाट विकसित कर रहा है। इसके लिए भूमि अर्जन की प्रक्रिया चल रही है। इसी क्रम में प्रभावित किसानों की शिकायतों और मुआवजे संबंधी आपत्तियों को सुनने के लिए नियोजन समिति की बैठक बुलाई गई। बैठक का आयोजन अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड-बुंदेलखंड 02, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, सर्वोदय नगर द्वारा किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में प्रभावित किसान और भूमि स्वामी पहुंचे। अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। अधिकारियों ने सभी को आश्वासन दिया कि नियमों के अनुसार उचित मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी।

## बहराइच में यातायात नियमों के उल्लंघन पर चला अभियान, 1098 वाहनों का चालान


**बहराइच।** जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस एवं यातायात विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 1098 वाहनों का चालान किया गया तथा उनके विरुद्ध 13 लाख 34 हजार 600 रुपये की धनराशि अधिरोपित की गई ।कार्रवाई के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर 04 वाहनों को सीज भी किया गया। वहीं, अस्पष्ट अथवा फाल्टी नम्बर प्लेट लगाकर वाहन संचालित करने वाले 10 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई ।इसके अलावा सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाकर चलने वाले 73 वाहन चालकों के विरुद्ध भी एमवी एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की गई ।यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप नम्बर प्लेट का उपयोग करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

## दो पासपोर्ट बनवाने पर एक गिरफ्तार



**बांदा।** बबेरू पुलिस ने फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल कर एक से अधिक भारतीय पासपोर्ट बनवाकर शासन एवं क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को गुमराह करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ विदेश मंत्रालय ने स्थानीय पुलिस को एक पत्र भेजा। इसमें आवेदक जिब्राइल पुत्र कल्लू खान निवासी ग्राम बगेहटा थाना बबेरू को एक से अधिक पासपोर्ट जारी कराए जाने के संबंध में जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करने की बात कही गई थी। थाना बबेरू पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी ने कूटरचित एवं भ्रामक दस्तावेजों का प्रयोग कर दो अलग-अलग भारतीय पासपोर्ट प्राप्त किए। पूर्व में जारी पासपोर्ट की जानकारी छिपाकर पुनः फ्रेश श्रेणी में आवेदन प्रस्तुत किया। उ0नि0 रमेश कुमार ने बताया कि यह कृत्य शासन, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय एवं संबंधित विभागों को गुमराह कर धोखाधड़ी करने की श्रेणी में पाया गया। थाना बबेरू पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर बगेहटा चैराहे के पास से आरोपी जिब्राइल पुत्र कल्लू खान निवासी ग्राम बगेहटा थाना बबेरू को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## समीक्षा बैठक में संगठन पर सख्ती




**फतेहपुर।** जिला कार्यालय चित्रांश नगर में एस सी एसटी मंच की शिव प्रकाश रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में पूरी कमेटी गठित न होने पर एस सी एस टी जिला अध्यक्ष शिव प्रकाश रावत को कड़ी फटकार लगाई और उनको हिदायत दी गई कि 7अगस्त को जिले की मासिक बैठक में अपने मंच की कार्यकारणी के साथ सहभागिता करें अगर ऐसा करने में असफल होते है तो इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित जिला अध्यक्ष द्वारा की जायेगी जिसकी जिम्मेदारी एस सी एसटी मंच जिला अध्यक्ष शिव प्रकाश रावत की होगी इसी क्रम में एस सी एस टी मंच हुसैन गंज विधान सभा का अध्यक्ष समदा सहोदरा पुर निवासी सोनू पासवान को बनाया गया है और खागा विधान सभा एस सी एस टी मंच रोहित कुमार को बनाया गया इसी क्रम में मेन बाडी के मीडिया सचिव पप्पू वर्मा गंगा नगर निवासी को बनाया गया बैठक में मुख्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। शैलेन्द्र पटेल जिला अध्यक्ष बृजेश पाल जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राणा जिला उपाध्यक्ष पप्पू वर्मा शिव प्रकाश रावत सर्वेश पटेल राज बहादुर पासवान सोनू पासवान रोहित कुमार डॉ ठफशर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पांच हजार का इनामी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 15 जुलाई 2026 को अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा गठित पुलिस टीम ने पांच हजार रुपये के इनामिया वांछित अभियुक्त करन कंजर पुत्र स्वर्गीय मूलचन्द्र, उम्र लगभग 26 वर्ष, निवासी पिलखनी थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को हमीरपुर चुंगी टेम्पो स्टैंड के पास यात्री प्रतीक्षालय से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी की गयी धनराशि में 1270 रुपये बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी उपरान्त जेल भेजा दिया गया है।

संक्षेप

## 22 को पेश होगी नयी गैलेक्सी वॉच

नई दिल्ली। सैमसंग का लक्ष्य एआई को लोगों की दैनिक जिंदगी का ऐसा हिस्सा बनाना है, जो बिना किसी जटिलता के उनकी जरूरतों के मुताबिक काम करे और हर कदम पर उपयोगी साबित हो। इसी दिशा में कंपनी अपने पूरे गैलेक्सी इकोसिस्टम में एआई आधारित स्मार्ट फीचर्स का विस्तार कर रही है। इसमें गैलेक्सी वॉच की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी, जो हमेशा सक्रिय रहकर यूजर्स को उनकी सेहत से जुड़ी व्यक्तिगत और उन्नत जानकारी उपलब्ध कराएगी। नई गैलेक्सी वॉच यूजर्स को बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के बेहतर हेल्थ मॉनिटरिंग का अनुभव देगी। यह बैकग्राउंड में लगातार काम करते हुए सेहत से जुड़ी जानकारियां जुटाएगी और हेल्थ मॉनिटरिंग को रोजमर्रा की दिनचर्या का सहज हिस्सा बना देगी। सैमसंग 22 जुलाई को शाम 6:30 बजे (भारतीय समयानुसार) आयोजित गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में नई गैलेक्सी वॉच से पर्दा उठाएगा।

## आईईएसए ने सेमीकॉन 2.0 के लॉन्च का स्वागत किया

नई दिल्ली। इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन केन्द्रीय मंत्रिमंडल के आज के फैसलों का स्वागत करती है। जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में कुल मिलाकर 2,19,353 करोड़ के परिव्यय का वादा किया गया है। इसमें भारत के सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए दो बड़ी घोषणाएं शामिल है। सेमीकॉन 2.0, जिसके लिए 1,27,500 करोड़ का परिव्यय मंजूर किया गया है, और नई मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम, जिसके लिए पांच साल में 62,500 करोड़ के परिव्यय को स्वीकृति दी गई है। सेमीकॉन 2.0, नीतिगत इरादे से लेकर बड़े पैमाने पर उसे लागू करने तक भारत की यात्रा में एक अहम कदम है।

## भारतीयों को इंश्योरेंस की जरूरत समझ में आयी: बंधन लाइफ

नई दिल्ली। बंधन ग्रुप की लाइफ इंश्योरेंस कंपनी बंधन लाइफ इंश्योरेंस का कहना है कि आज के समय में भले ही भारतीय परिवारों के पास किसी न किसी तरह का इंश्योरेंसयाबीमा है, लेकिन असली चुनौती यह है कि क्या वो बीमा उनके परिवार की सुरक्षा के लिए पर्याप्त है या नहीं। अब इंश्योरेंस को लेकर बातचीत सिर्फ इस बात पर नहीं होनी चाहिए कि आपके पास बीमा है या नहीं, बल्कि इस पर होनी चाहिए कि क्या वो पर्याप्त है। जीवन बीमा को कमाई का जरिया रुक जाने पर मिलने वाली मदद यानी इनकम रिप्लेसमेंट टूल के रूप में देखा जाना चाहिए। अब सवाल यह नहीं है कि परिवारों के पास इंश्योरेंस है या नहीं, बल्कि सवाल यह है कि क्या उनके पास अपने आर्थिक भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा हैया नहीं।

## लॉक अपः सच या सजा में अर्जुन कपूर की एंट्री

नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स के कैप्टिव रियलिटी शो लॉक अपः सच या सजा के कोर्टरूम में एक नई हस्ती प्रवेश करने वाली है। लोगों के बढ़ते रोमांच के बीच लॉक अप में चौथे जजमेंट डे के लिए पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (जनता की आवाज) के रूप में अर्जुन कपूर एंट्री कर रहे हैं, जो इनमेट्स को स्कैनर के नीचे लाने के लिए तैयार हैं। अर्जुन, जो मुश्किल सवाल पूछने के लिए जाने जाते हैं। अर्जुन कपूर ने कहा कि मुझे हमेशा ऐसी भूमिकाएँ निभाना पसंद रहा है, जहाँ सामने वाले को समझना, उन्हें चुनौती देना और हर पल सतर्क रखना पड़ता है। इनमेट्स सच्चाई की अपनी कहानी के साथ पूरी तरह से तैयार होकर आए।

## जी 5 लाया है बच्चों के लिए नयी सौगात

नई दिल्ली। जी5 पर बच्चों को बिना किसी चिंता के सुरक्षित, मजेदार और उनके पसंदीदा वीडियो उपलब्ध कराने वाले किड्स ने सदियों पुरानी कहानी पर आधारित एक नए एनिमेटेड शो, शिवलोक के कुंडक्का मंडक्का के लॉन्च के साथ बच्चों के कंटेंट पोर्टफोलियो को और मजबूत किया है। जाने-माने लेखक, आनंद नीलकंठन की बच्चों के लिए लिखी गई और सबसे ज्यादा बिकने वाली किताब 'द वेरी, एक्सट्रीमली, मोस्ट नॉटी असुरा टेल्स फॉर किड्स' पर आधारित शिवलोक के कुंडक्का मंडक्का के जरिए पुराणों कि उस दुनिया को स्क्रीन पर पेश किया गया है। 17 जुलाई को प्रीमियर होने वाले इस शो की कहानी कुंडक्का और मंडक्का नाम के दो शरारती असुर जुड़वां भाइयों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी चुलबुली शरारतें उन्हें हिम्मत, दोस्ती और नई सीख से भरे एक अनोखे सफर पर ले जाती हैं।

# सेंसेक्स में 1.44 अंकों की उछाल



मुंबई। भू-राजनीतिक तनाव के बीच बृहस्पतिवार को एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में मुनाफावसूली का जोर रहने से स्थानीय शेयर बाजार अपनी तेजी को बरकरार नहीं रख पाया और स्थिर स्तर पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और एशियाई बाजारों में कमजोरी का भी घरेलू शेयर बाजार पर असर पड़ा। आईटी शेयरों में खरीदारी ने बाजार को एक हद तक समर्थन दिया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1.44 अंक की मामूली बढ़त के साथ 77,186.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 394.26 अंक चढ़कर 77,579.69 अंक तक चला गया था, लेकिन सत्र के अंत में इसने अपनी पूरी बढ़त गंवा दी। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 5.75 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,072.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, इटर्नल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84.62 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और एशियाई बाजारों में कमजोरी के कारण निवेशक सतर्क रहे, जिससे बाजार सीमित दायरे में रहा। अमेरिका में मुद्रास्फीति नरम पड़ने से ब्याज दरों को लेकर चिंताएं कुछ कम हुई हैं, जिससे बाजार को निचले स्तर पर समर्थन मिला। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.21 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.07 प्रतिशत की सुस्ती रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में टिकाऊ उपभोक्ता खंड ने 1.13 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की जबकि फोकस आईटी खंड में 0.58 प्रतिशत, आईटी खंड में 0.58 प्रतिशत और वाहन खंड में 0.30 प्रतिशत की तेजी रही। दूसरी तरफ, वित्तीय सेवा, औद्योगिक, निजी बैंक सूचकांक एवं उपयोगिता खंड में गिरावट रही। वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर निवेशक धारणा नरम रही। पश्चिम एशिया में तनाव से सतर्कता का रुख रहा लेकिन बेहतर तिमाही नतीजों ने खरीदारी को भी प्रोत्साहन दिया। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच रुपये में चौथे दिन भी गिरावट



मुंबई। रुपया बृहस्पतिवार को आठ पैसे की गिरावट के साथ 96.33 (अस्थायी) पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और डॉलर के मजबूत होने के बीच रुपया लगातार चौथे कारोबारी सत्र में कमजोर हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली से भी रुपये पर दबाव बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.28 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 96.22 के उच्च स्तर और 96.37 के निचले स्तर के बीच घूमता रहा। अंत में यह पिछले बंद भाव की तुलना में आठ पैसे की गिरावट के साथ 96.33 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। रुपया बुधवार को नौ पैसे टूटकर 96.25 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच हमलों के कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बढ़ते खतरे ने ईरान युद्ध समाप्त करने के अंतरिम समझौते पर अनिश्चितता पैदा कर दी है, जिससे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका-ईरान के बीच तनाव और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये में कमजोरी का रुख बना रह सकता है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान से कि ईरान, अमेरिका के साथ समझौता करना चाहता है, वैश्विक बाजार धारणा में कुछ सुधार हो सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का हस्तक्षेप भी निचले स्तर पर रुपये को समर्थन दे सकता है। कारोबारियों की नजर अमेरिका के खुदरा बिक्री और साप्ताहिक बेरोजगारी दावों के आंकड़ों पर रहेगी। डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 96.10 से 96.60 के दायरे में रह सकती है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 100.50 पर रहा।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84.62 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## सेबी ने 5000 से अधिक निवेशकों की शिकायतों का निपटारा किया

नयी दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने जून में अपनी ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली स्कोर्स के माध्यम से 5,000 से अधिक शिकायतों का निपटारा किया। यह जानकारी नियामक की ओर से जारी एक सूचना में दी गई।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के अनुसार, जून के अंत तक स्कोर्स पर तीन महीने से अधिक समय से लंबित 17 शिकायतें थीं। इनमें आदित्य बिड़ला मनी लिमिटेड, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज और एचबीएल पावर सिस्टम्स जैसी इकाइयों से संबंधित शिकायतें शामिल हैं। सेबी ने बुधवार को जारी सूचना में यह जानकारी दी कि जून में नियामक के शिकायत निवारण मंच पर 5,035 नई शिकायतें मिलीं जबकि 5,037 शिकायतों का निपटारा किया गया। इसके परिणामस्वरूप लंबित शिकायतों की संख्या घटकर 30 जून, 2026 तक 5,537 से 5,524 रह गईं। बाजार नियामक ने बताया कि जून में निवेशकों की शिकायतों पर संबंधित इकाइयों ने कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करने में औसतन चार दिन का समय लिया जबकि पहली स्तर की समीक्षा वाली शिकायतों के निस्तारण में औसतन आठ दिन लगे। सेबी ने स्पष्ट किया कि लंबित शिकायतों की संख्या में वे शिकायतें भी शामिल हैं।

## चांदी में 1500 रुपये की गिरावट, सोना स्थिर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें लगातार दूसरे दिन 146,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं, जबकि वैश्विक बाजार में सुस्ती के कारण चांदी में 1,500 रुपये की गिरावट आई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। हालांकि, चांदी लगातार चौथे दिन दबाव में रही और 1,500 रुपये टूटकर 2,24,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) के स्तर पर आ गई, जो दो सप्ताह से ज़्यादा का निचला स्तर है। बुधवार को यह 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी का भाव आखिरी बार 29 जून को इस स्तर के आसपास था, जब यह 2,24,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। पिछले चार दिन में इसमें 12,500 रुपये या 5.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। 10 जुलाई को इसका भाव 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। स्थानीय मांग संतुलित होने के कारण सोने की कीमत एक सीमित दायरे में रही, जबकि लगातार मुनाफावसूली और उद्योग की तरफ से कम लिवाली के कारण चांदी दबाव में रही। बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन सोने की कीमत एक सीमित दायरे में रही, क्योंकि निवेशकों ने उम्मीद से कम अमेरिकी महंगाई के आंकड़ों और पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की।

## एआई के बढ़ते प्रभाव से वैश्विक अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि

नयी दिल्ली। वैश्विक अर्थव्यवस्था में के आकार की वृद्धि देखने को मिल रही है, जहां कृत्रिम मेधा (एआई) में तेजी कुछ देशों और उद्योगों को आगे बढ़ा रही है, जबकि अन्य पीछे छूट रहे हैं। मूडीज एनालिटिक्स ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

के आकार की वृद्धि एक ऐसी स्थिति है जहां मंदी या संकट के बाद अर्थव्यवस्था के अलग-अलग हिस्से अलग-अलग गति से आगे बढ़ते हैं। इसमें एक वर्ग तेजी से आगे बढ़ता है, जबकि दूसरा वर्ग नीचे गिरता जाता है। अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि उसे उम्मीद है कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर 2026 में धीमी होकर 2.5 प्रतिशत रह जाएगी और 2027 में मामूली सुधार के साथ 2.8 प्रतिशत पर पहुंच सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, एआई की बढ़ती मांग ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को और अधिक गंभीर सुस्ती की चपेट में आने से बचा लिया है। हालांकि, भू-राजनीतिक जोखिमों, संपत्तियों के बढ़े हुए मूल्यांकन और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता के कारण यह परिदृश्य धीमी वृद्धि से बदलकर सुस्ती में भी तब्दील हो सकता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था दो अलग-अलग रफ्तार से चल रही है। एआई में आए उछाल के कारण कुछ क्षेत्रों में वृद्धि उम्मीद से बेहतर रही है, लेकिन जो अर्थव्यवस्थाएं और उद्योग इस एआई क्षेत्र से कम जुड़े हैं।

## कमजोर मानसून से पेट्रोल-डीजल की बिक्री में उछाल

नयी दिल्ली। कमजोर मानसून और बारिश में देरी के बीच किसानों एवं वाहन चालकों की तरफ से मांग बढ़ने से जुलाई के पहले पखवाड़े में देश की सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की पेट्रोल एवं डीजल बिक्री में तेज वृद्धि दर्ज की गई।

प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की पेट्रोल बिक्री एक से 15 जुलाई के दौरान 22.9 प्रतिशत बढ़कर 16.3 लाख टन हो गई, जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 13.3 लाख टन थी। इस दौरान देश में आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख संकेतक माने जाने वाले डीजल की बिक्री सालाना आधार पर 20.9 प्रतिशत बढ़कर 34.6 लाख टन हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 28.7 लाख टन थी। हालांकि, मासिक आधार पर तुलना करें तो पेट्रोल और डीजल दोनों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। जून के पहले पखवाड़े की तुलना में पेट्रोल बिक्री 4.4 प्रतिशत और डीजल बिक्री 12.1 प्रतिशत कम रही। आमतौर पर मानसून के आगमन के साथ ईंधन की मांग घट जाती है। इसकी वजह यह है कि खेतों की सिंचाई के लिए पंप का उपयोग कम हो जाता है और सड़क यातायात भी धीमा पड़ जाता है। लेकिन इस वर्ष मानसून में देरी के चलते किसानों को सिंचाई के लिए डीजल चालित पंप का अधिक उपयोग करना पड़ा, जिससे डीजल की मांग बढ़ी। हालांकि, मासिक आधार पर जुलाई में बिक्री जून के मुकाबले कम रहती है।

## सैमसंग ने फोल्डेबल डिस्प्ले को बेहतर बनाने के लिए फ्लेक्स टाइटेनियम तकनीक पेश की

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड ने आज अगली पीढ़ी के गैलेक्सी फोल्डेबल डिवाइसेस के लिए नई फ्लेक्स टाइटेनियम तकनीक पेश की। फोल्डेबल नवाचार और इंजीनियरिंग में सात पीढ़ियों के अनुभव पर आधारित यह नई डिस्प्ले संरचना बेहतर मजबूती और कम दिखाई देने वाली फोल्ड लाइन के साथ अधिक सधा हुआ देखने का अनुभव देती है। सैमसंग के लंबे समय से विकसित डिस्प्ले कौशल की मदद से बनी इस तकनीक में टाइटेनियम आधारित दो हिस्से शामिल हैं, एक टाइटेनियम एलॉय फिल्म और एक टाइटेनियम प्लेट ये दोनों मिलकर फोल्डेबल डिस्प्ले की संरचना में पतलेपन, लचीलापन और मजबूती के बीच संतुलन बनाते हैं। फोल्डेबल श्रेणी में सैमसंग की ताकत उपयोगकताओं की जरूरतों को ऐसी तकनीक से जोड़ने में है।

## रॉयल एनफील्ड ने पेश की 2026 क्लासिक 350

नई दिल्ली। रॉयल एनफील्ड ने अपनी आईकोनिक क्लासिक 350 में राईडर पर केंद्रित दो फीचर पेश किए हैं, जिससे राईडिंग का अनुभव बेहतर होगा और मोटरसाईकल का टाईमलेस कैरेक्टर भी बरकरार रहेगा।हर राईड को ज्यादा आसान बनाने के लिए 2026 क्लासिक 350 में ज्यादा आसान क्लच एक्शन के लिए असिस्ट व स्लिपर क्लच दिया गया है, जिससे शहर की सड़कों पर और लंबी दूरी की राईड बहुत सरल बन जाती है। यह फीचर ज्यादा स्मूथ अपशिफ्ट और डाउनशिफ्ट प्रदान करता है, जिससे विभिन्न तरह की राईडिंग के दौरान राईडर का आत्मविश्वास और कम्फर्ट बढ़ता है। रोजमर्रा की राईड के लिए इसे और अधिक व्यावहारिक बनाने के लिए क्लासिक 350 में यूएसबी टाईप-सी फास्ट चार्जिंग पोर्ट भी दिया गया है।

## कॉल प्रबंधन नियमों में बदलाव की तैयारी, ऐप को साझा करना पड़ सकता है स्पैम का डेटा

नयी दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई और ट्रूकॉलर कंपनी के बीच जारी विवाद ने दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम में प्रस्तावित संशोधनों पर ध्यान केंद्रित कर दिया है, जिनमें कॉल प्रबंधन करने वाले ऐप को उपयोगकर्ताओं द्वारा रिपोर्ट किए गए स्पैम की जानकारी दूरसंचार कंपनियों के साथ साझा करने की बात कही गई है। मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि वाणिज्यिक संचार को नियंत्रित करने वाले इन नियमों में बदलावों को अगले कुछ सप्ताह में अंतिम रूप दिया जा सकता है। फिलहाल उपयोगकर्ताओं द्वारा चिह्नित स्पैम कॉल की जानकारी ऐप के पास ही रहती है और इसे दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के साथ साझा नहीं किया जाता। लेकिन टीसीसीसीपीआर में संशोधन होने के बाद स्थिति बदल सकती है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 13 मार्च, 2026 को टीसीसीसीपीआर (तीसरा संशोधन) विनियम, 2026 पर एक परामर्श पत्र जारी किया था, जिसमें स्पैम कॉल एवं संदेशों पर अंकुश लगाने के लिए नियमों को सख्त करने तथा दूरसंचार कंपनियों, संदेश भेजने वालों और कॉल प्रबंधन ऐप की जवाबदेही बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया था। सूत्रों ने बताया कि इस बारे में हितधारकों से सुझाव लेने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और नियामक फिलहाल प्राप्त टिप्पणियों की समीक्षा कर रहा है। प्रस्तावित संशोधन के तहत कॉलर पहचान सेवा देने वाले ट्रूकॉलर जैसे ऐप को उपयोगकर्ता द्वारा सूचित स्पैम से जुड़े चार प्रमुख मानकों की जानकारी साझा करनी होगी। इसमें संदिग्ध नंबर, कॉल की तारीख एवं समय और प्राप्तकर्ता से जुड़ी जानकारी शामिल हो सकती है। इससे दूरसंचार कंपनियों को स्पैम कॉल की पुष्टि करने और आवश्यक कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। इस बीच, 1600 नंबर शृंखला से आने वाली कॉल की पहचान को लेकर ट्राई और ट्रूकॉलर के बीच विवाद बढ़ने की वजह से स्पैम कॉल पर नियंत्रण के ढांचे को मजबूत करने का मुद्दा फिर चर्चा में आ गया है। ट्राई ने पिछले शुक्रवार को कहा था कि कोई भी ऐप 1600 नंबर शृंखला से आने वाली कॉल को ब्लॉक नहीं कर सकता, क्योंकि ये नंबर सरकारी संस्थाओं एवं विनियमित इकाइयों द्वारा नागरिकों से संपर्क के लिए निर्धारित हैं।

## पेज एक का शेष

### चढ़ावा चोरी

एक वरिष्ठ अधिकारी ने रिपोर्ट के महत्व पर पूछे जाने पर पीटीआई-भाषा से कहा, हां, इसका इंतजार है। पहले इसे सौंप देने दीजिए। एसआईटी ने 23 जून को सरकार को अपनी नौ पन्नों की प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके बाद मामले में कई अहम कार्वाई हुईं, जिनमें प्राथमिकी दर्ज होना, मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी और मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों के इस्तीफे शामिल हैं। ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने एक पत्र में कहा था कि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही वह इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ेंगे।

उन्होंने उसी पत्र में यह सवाल भी उठाया था कि एसआईटी की गोपनीय प्रारंभिक रिपोर्ट सार्वजनिक कैसे हुई। इस मामले की जांच उच्चतम न्यायालय के संज्ञान में भी है। शीर्ष अदालत ने 13 जुलाई को कथित चोरी के मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किया था। न्यायालय ने साथ ही एसआईटी को जांच की स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने एसआईटी से स्थिति रिपोर्ट तलब की थी। एसआईटी में लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक किरण एस और विशेष सचिव (वित्त) नील रतन शामिल हैं।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज ने 14 जुलाई को पुणे में कहा था कि उन्हें एसआईटी जांच और मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी, दोनों पर भरोसा है। उन्होंने कहा था कि ट्रस्ट जांच में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करेगा और दोषी पाए जाने वालों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### पूरे देश

तक लाया जाता है। ये रथ मंदिर के सिंह द्वार के सामने खड़े किए जाते हैं, ताकि उन्हें श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जा सके। इस 12वीं सदी के मंदिर से लगभग 2.6 किलोमीटर दूर स्थित श्री गुंडिचा मंदिर को इन देवी-देवताओं का जन्मस्थान माना जाता है। मंदिर प्रशासन के अनुसार रथ यात्रा के अनुष्ठान पूर्वाह्न नौ बजे शुरू हुए।

अधिकारियों ने बताया कि बड़ा डंडा से बारिश का पानी निकालने और रथों को बिना किसी बाधा के आगे बढ़ाने के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए हैं, क्योंकि भक्त भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को मंदिर से श्री गुंडिचा मंदिर तक इसी रास्ते से खींचकर ले जाएंगे। मंदिर के एक पदाधिकारी ने बताया कि पूर्ववर्ती पुरी रियासत के राजा गजपति महाराजा दिब्यसिंह देब द्वारा पारंपरिक छेरा पहरा (रथों में झाड़ू लगाने की रस्म) करने और पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के आने के बाद, शाम चार बजे भक्त रथ खींचना शुरू करेंगे। उन्होंने बताया कि हर साल उड़िया महीने आषाढ़ शुक्ल तिथि (चंद्रमा के बढ़ने वाले पखवाड़े) के दूसरे दिन आयोजित होने वाली रथ यात्रा ही वह एकमात्र मौका है, जब भाई-बहन के रूप में पूजे जाने वाले देवी-देवताओं के विग्रहों को रत्न सिंहासन से उतारकर मंदिर से बाहर लाया जाता है। पुरी में हो रही भारी बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई और वे बड़ा डंडा पर नृत्य करते और रथ यात्रा का जश्न मनाते हुए देखे गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी के अनुसार, पुरी में पिछले 48 घंटों में 233 मिमी बारिश हुई है और समुद्र के किनारे बसे इस शहर में दिन के दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इससे पहले दिन में, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने तैयारियों का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा पर ज़ोर दिया। बारिश की वजह से जल-जमाव एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा, इसलिए उन्होंने पुरी जिला प्रशासन, नगरपालिका अधिकारियों और संबंधित विभागों को हाई अलर्ट पर रहने और पानी निकालने के लिए तुरंत कार्वाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### रोबोटिक्स

और युवाओं को अनुसंधान से उद्यमिता तक आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हों। इसका संचालन पूरी तरह पेशेवर, परिणामोन्मुख और वैश्विक सर्वोत्तम मानकों के अनुरूप किया जाए। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में लखनऊ और नोएडा में दो यू हब स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आईआईटी कानपुर के निदेशक की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय डीप टेक इकोसिस्टम का अध्ययन कर इसकी अवधारणा, संरचना और संचालन मॉडल तैयार किया है। नोएडा यू हब को क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर डिजाइन, फिजिकल एआई, रोबोटिक्स, रक्षा प्रौद्योगिकी तथा उन्नत जैव प्रौद्योगिकी का केंद्र बनाया जाएगा, जबकि लखनऊ यू हब में एप्लाइड एआई, गवटेक, औद्योगिक एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के एआई समाधान, बायोसाइंस तथा एग्री बायोटेक्नोलॉजी पर विशेष फोकस रहेगा। यू हब के माध्यम से प्रदेश में डीप टेक स्टार्टअप, अनुसंधान आधारित नवाचार, प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण तथा उच्च मूल्य के निवेश को नई गति मिलेगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप कौशल उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, डेटा साइंस तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों में विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं प्रमाणन की व्यवस्था विकसित की जाए। उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल विकास कार्यक्रम तैयार किए जाएं तथा तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, उद्योग जगत और कौशल विकास संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। मुख्यमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग को निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी आईटी, डिजिटल सेवाओं और नवाचार केंद्र बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाए।

### आतंकी वित्तपोषण

का खुलासा हुआ जिसमें कुछ परमार्थ न्यास और संस्थाएं शामिल हैं, जिन पर कथित तौर पर विदेशी चंदा प्राप्त करने और राशि अवैध गतिविधियों को संचालित करने में मदद के लिए कई बैंक खातों, बिचौलियों के खातों और जटिल लेनदेन के माध्यम से स्थानांतरित करने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान संदिग्ध लाभार्थियों द्वारा नकद निकासी और कम मूल्य के अंतरण किए जाने की भी जानकारी मिली।

### धामी ने हरेला

स्थित वृद्ध जागेश्वर धाम सदियों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा और शांत वातावरण देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को विशेष अनुभूति कराता है। राज्य सरकार इस धरोहर के संरक्षण के साथ-साथ यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं के विस्तार पर भी विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश के प्रमुख मंदिरों और तीर्थस्थलों पर आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के दौरान धार्मिक स्थलों की प्राचीनता, सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक गरिमा को अक्षुण्ण रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री ने परिसर का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग और अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था को प्रभावी और समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करे।

### जौहर विश्वविद्यालय

मुख्य प्रवेश द्वार से दूसरे छोर तक 450 एकड़ के परिसर से होकर गुजरती है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 2019 में मुख्य द्वार बंद करने के बाद से प्रवेश प्रतिबंधित था, यहां तक कि पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को भी प्रवेश करने से रोक दिया गया था।

पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता किशन वीर सिंह ने कहा कि विभाग ने अब इस सड़क पर आम रास्ता दर्शाने वाले बोर्ड लगा दिए हैं, जिससे आम लोगों को इस मार्ग पर बिना किसी रोक-टोक के आने-जाने की अनुमति मिल गई है।

सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि विश्वविद्यालय द्वार से चार लेन की सीमेंट-कंक्रीट सड़क को पीडब्ल्यूडी द्वारा 2016 में लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई थी। इसमें करीब 13.5 करोड़ रुपये के सिविल निर्माण कार्य कराए गए, जबकि शेष राशि करों और अन्य मदों पर खर्च की गई।

### अमेरिकी ने

बंद कर दी थी। इसके कारण तेल, उर्वरक और कई अन्य वस्तुओं की कीमतें पश्चिम एशिया से बाहर भी तेजी से बढ़ गई थीं। होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बंद करने से बातचीत के दौरान ईरान की स्थिति मजबूत हो गई थी। ईरानी सेना के खातम अल-अंबिया सेंट्रल मुख्यालय के प्रवक्ता कर्नल इब्राहिम जुल्फिकारी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका ईरान के पुलों और बिजली संयंत्रों पर हमला करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनियों पर अमल करता है, तो ईरान क्षेत्र में बुनियादी ढांचों पर बड़े पैमाने पर हमले कर सकता है। जुल्फिकारी ने कहा, "यदि ट्रंप की धमकी पर अमल किया गया तो क्षेत्र का पूरा बुनियादी ढांचा ईरान के शक्तिशाली सशस्त्र बलों के हमलों से तबाह हो जाएगा"। उन्होंने कहा, "हम किसी भी स्थिति में और किसी भी तरीके से अमेरिका जैसे बाहरी देश को होर्मुज जलडमरूमध्य में दखल नहीं देने देंगे।

### मजबूत

अपनाने और विश्व-स्तरीय बुनियादी ढांचा बनाने, राष्ट्रीय सुरक्षा को लगातार मज़बूत करने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के सरकार के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए बीआरओ की सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि भविष्य में प्रौद्योगिकी-आधारित युद्ध में भी सीमावर्ती बुनियादी ढांचा अपरिहार्य रूप से अहम बना रहेगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नवाचार, अनुसंधान और काम को बेहतरीन ढंग से पूरा करना भविष्योन्मुखी रणनीतिक अवसंरचना के लिए जरूरी है। सिंह ने कहा भले ही युद्ध के बदलते स्वरूप से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए रक्षा बलों में अत्याधुनिक हथियार और अन्य उपकरण शामिल किए जा रहे हों, फिर भी भविष्य में बंदरगाह, हवाई पट्टियां, सड़कें और सुरंगें अहम भूमिका निभाती रहेंगी। बुधवार को शुरू हुए दो दिन के इस सम्मेलन में कई अहम विषयों पर चर्चा हुई, जैसे-नई प्रौद्योगिकी, नवोन्मेषी इंजीनियरिंग समाधान, उत्पादकता बढ़ाने के लिए नियोजन, परियोजना निगरानी और काम पूरा करने में डिजिटल बदलाव, टिकाऊ निर्माण के तरीके और भारत के सीमावर्ती इलाकों में रणनीतिक अवसंरचना के विकास को तेज गति प्रदान करने के लिए अपनाए जाने वाले सबसे अच्छे तरीके। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, नीति निर्माता, अवसंरचना विशेषज्ञ, बीआरओ के अधिकारी, उद्योग जगत की हस्तियां और प्रौद्योगिकी साझेदार एक साथ आए, ताकि रणनीतिक अवसंरचना के विकास के भविष्य पर मिलकर चर्चा कर सकें। दुनिया के सबसे सम्मानित संगठनों में से एक के रूप में पहचान बनाई है।




# भारत ने इंग्लैंड को दिया 234 रन का लक्ष्य

## विराट कोहली और श्रेयस अय्यर की फिफ्टी, आर्चर-एटकिंसन को 3-3 विकेट

एजेंसी

कार्डिफ। भारत ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को 234 रन का टारगेट दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम 44 ओवर में 233 रन पर ऑलआउट हो गई। कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में श्रेयस अय्यर ने 66 रन बनाए। विराट कोहली ने 65 रन की पारी खेली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। आखिर में जसप्रीत बुमराह ने नाबाद 20 रन बनाकर टीम को 230 के पार पहुंचाया। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर और गस एटकिंसन ने 3-3 विकेट लिए। भारत ने एक समय 3 विकेट पर 178 रन बना लिए थे। इसके बाद 55 रन के भीतर 7 विकेट गंवा दिए। रोहित शर्मा (26) और विराट कोहली ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। कप्तान शुभमन गिल ने 31 रन बनाए। श्रेयस अय्यर के 66 रन के बावजूद भारत की पारी 44 ओवर में 233 रन पर सिमट गई। श्रेयस का विकेट गिरने के बाद गस एटकिंसन ने प्रसिद्ध कृष्णा को बोल्ड कर पारी समाप्त कर दी। इंग्लैंड के लिए गस एटकिंसन और जोफ्रा आर्चर ने 3-3 विकेट, साकिब महमूद ने 2 विकेट लिए।





जसप्रीत बुमराह ने साकिब महमूद के एक ही ओवर में 3 चौके और 1 छक्का जड़ते हुए 18 रन बटोर लिए। उन्होंने ओवर की आखिरी बॉल पर पुल करके सिक्स लगाया। भारत का आठवां विकेट गुरनूर बरार के रूप में गिरा। साकिब महमूद की ऑफ स्टंप के बाहर फुल गेंद पर गुरनूर ने इनसाइड-आउट शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे गस एटकिंसन के हाथों में डीप पॉइंट पर चली गई। गुरनूर 15 गेंदों में 7 रन बनाकर आउट हुए। 38वें ओवर में श्रेयस अय्यर ने जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट गेंद पर क्रीज के अंदर मूव करते हुए बेहतरीन पुल शॉट खेला और गेंद को फाइन लेग बाउंड्री के बाहर भेज दिया। जोफ्रा आर्चर ने एक ही ओवर में भारत के दो विकेट लिए। पहले अक्षर पटेल शॉर्ट गेंद पर विकेटकीपर जोस बटलर को कैच दे बैठे। अगली ही गेंद पर शिवम दुबे बिना खाता खोले आर्चर को सीधा कैच थमा बैठे। श्रेयस अय्यर ने छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेलते हुए गेंद को फाइन लेग बाउंड्री के पार भेज दिया। साकिब महमूद की शॉर्ट गेंद पर वाशिंगटन सुंदर आउट हुए। विकेटकीपर जोस बटलर ने आसान कैच लेकर उनकी पारी का अंत किया।

वॉशिंगटन 5 गेंदों में 2 रन बनाकर आउट हुए। विराट कोहली की बेहतरीन पारी का अंत जोफ्रा आर्चर ने किया। पिछली गेंद पर ऊफर से बचने के बाद कोहली अगली ही गेंद पर पुल शॉट खेलते हुए टॉप एज दे बैठे। आदिल रशीद ने डीप थर्ड मैन पर आसान कैच लपक लिया। कोहली ने 66 गेंदों में 65 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके शामिल रहे। विराट कोहली ने गस एटकिंसन के ओवर की पहली गेंद पर आगे बढ़कर मिड-ऑन के ऊपर से चौका जड़ा। इसके साथ ही कोहली ने 62 गेंदों में 8 चौकों की मदद से 65 रन बना लिए। विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपना 78वां वनडे अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने सैम करन की ओवरपिच गेंद पर बेहतरीन स्ट्रेट ड्राइव लगाकर चौके के साथ फिफ्टी पूरी की। यह वनडे क्रिकेट में 132वीं बार है, जब कोहली ने 50 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया है। 24 ओवर के बाद भारत का स्कोर 3 विकेट पर 123 रन है। विराट कोहली 46 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं, जबकि श्रेयस अय्यर 8 रन पर उनका साथ दे रहे हैं। इंग्लैंड के स्पिनर विल जैक्स ने अपने इस ओवर में कसी हुई गेंदबाजी की और सिर्फ 3 रन दिए। भारत को एक और झटका ईशान किशन के रूप में लगा। सैम करन की 128 किमी/घंटा की शॉर्ट गेंद पर ईशान पुल शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद बल्ले के टो-एंड से उछलकर हवा में चली गई। करन ने आसान रिटर्न कैच लेकर उनकी पारी का अंत किया। ईशान 8 गेंदों में सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हुए।

रोहित शर्मा 26 रन बनाकर आउट हो गए। विल जैक्स ने एंगल बदला और रोहित स्लॉग स्वीप में टॉप एज दे बैठे। विकेटकीपर जोस बटलर ने आसान कैच लेकर कोहली के साथ 60 रन की साझेदारी तोड़ दी। रोहित की पारी में 1 चौका और 1 छक्का शामिल रहा। विराट कोहली शानदार लय में बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने गस एटकिंसन के ओवर में एक और स्ट्रेट ड्राइव पर चौका जड़ा। इसके साथ ही कोहली ने 29 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 35 रन पूरे कर लिए, जबकि भारत का स्कोर भी 100 रन के पार पहुंच गया। रोहित शर्मा दूसरे छोर से उनका अच्छा साथ निभा रहे हैं। 15वें ओवर में विराट कोहली ने स्पिनर आदिल रशीद पर चौका लगाया। उन्होंने घुटने के बल बैठकर स्लॉग स्वीप खेला और गेंद को डीप मिडविकेट बाउंड्री के पार चार रन के लिए भेज दिया। रोहित शर्मा ने गस एटकिंसन के ओवर में पुल शॉट खेलते हुए अपना पहला छक्का जड़ा। एटकिंसन की शॉर्ट गेंद पर रोहित ने फ्रंटफुट से डीप स्क्वेयर लेग के ऊपर गेंद भेज दी। विराट कोहली ने पहले जोफ्रा आर्चर पर फ्रंटफुट ड्राइव से चौके के साथ खाता खोला, फिर गस एटकिंसन के अगले ओवर में दो और बेहतरीन चौके जड़ दिए। एक चौका लॉन्ग-ऑन की दिशा में खेला, जबकि दूसरा उनका ट्रेडमार्क कवर ड्राइव रहा। भारत को 8वें ओवर में पहला झटका लगा। शानदार लय में दिख रहे शुभमन गिल 31 रन बनाकर आउट हो गए। गस एटकिंसन की हाफ वॉली पर गिल ने कवर ड्राइव खेला, लेकिन गेंद सीधे बेन डकेट के हाथों में चली गई। गिल ने 30 गेंदों की पारी में 6 चौके लगाए।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में विश्वनाथ और गंगा ने जीते स्वर्ण

जकार्ता। भारतीय जूनियर मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा) और गंगा (55 किग्रा) ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अंडर-23 पुरुष फाइनल में भारत ने दो स्वर्ण पदक हासिल कर प्रभावित किया।

मौजूदा सीनियर एशियाई चैंपियन विश्वनाथ ने पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में जापान के डायची इवाई पर 3-2 से जीत दर्ज कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं गंगा ने भी कजाखस्तान के बेजुलाटन बोरानबेक पर समान अंतर से जीत दर्ज की। वंशज (65 किग्रा) ने फाइनल में चुनौती पेश की लेकिन उज्बेकिस्तान के इखोमजोन अर्गाशेव से 1-4 से हारकर रजत पदक से संतोष किया।

अंडर-19 पुरुषों के फाइनल में भारतीय मुक्केबाजों ने जुझारू प्रदर्शन किया लेकिन रजत पदक ही जीत सके। आदित्य (55 किग्रा) को उज्बेकिस्तान के एलियोर रूस्तामोव से 0-5 से जबकि शुभम राजपूत (90 किग्रा) को उज्बेकिस्तान के असादबेक सुल्तानबोएव से इसी अंतर से पराजय मिली।

## सिंधू विश्व में नंबर पांच हान यू को हराकर जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में



तोक्यो। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को चीन की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी हान यू को सीधे गेम में हराकर जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जो उनका मौजूदा सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। विश्व रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर के मुकाबले में अपने से उच्च रैंकिंग वाली चीनी शटलर को केवल 35 मिनट में 21-16, 21-14 से पराजित किया। गैर-वरीयता प्राप्त सिंधू ने धीमी शुरुआत के बाद पहले गेम के बीच में लय हासिल की। उन्होंने शटल को सटीक रूप से हिट किया और रैलियों पर हावी होकर बढ़त बना ली। इसके बाद पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने दूसरे गेम में पूरी तरह से दबदबा बनाया और 8-0 की बढ़त हासिल करने के बाद आसानी से मुकाबला जीत लिया।

इस जीत से सिंधू ने हान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा, जिन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी आन से-यंग के दूसरे दौर के मैच से हटने के बाद वॉकओवर मिल गया था। तनीशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी के प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद सिंधू अब टूर्नामेंट में भारत की एकमात्र खिलाड़ी बची हैं।

## संक्षेप

### भारत अंडर 19 और श्रीलंका के बीच पहला युवा टेस्ट ड्रॉ

गॉल। भारत अंडर 19 और श्रीलंका अंडर 19 टीम के बीच पहला युवा टेस्ट बृहस्पतिवार को ड्रॉ पर रहा जिसमें सलामी बल्लेबाज लक्ष्य रायचंदानी का पहली पारी का दोहरा शतक आकर्षण का केंद्र रहा। अपने कल के स्कोर 196 रन से आगे खेलते हुए रायचंदानी 324 गेंद में 207 रन बनाकर आउट हुए। विकेटकीपर बल्लेबाज मानव कृष्णा ने 153 गेंद में 100 रन बनाये और वह आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे। भारत ने पहली पारी में 576 रन बनाकर 152 रन की बढत ले ली थी। श्रीलंका अंडर 19 टीम ने पहली पारी नौ विकेट पर 424 रन पर घोषित की थी। दूसरी पारी में श्रीलंका अंडर 19 टीम ने छह विकेट पर 178 रन बना लिये थे जिसके बाद पारी की घोषणा की। मैच का कोई नतीजा नहीं निकलता देख इसे ड्रॉ घोषित किया गया।

### हर्षित की फिटनेस व वरुण के भविष्य पर उठे सवाल

नयी दिल्ली। घुटने की सर्जरी से वापसी के बाद अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ही मांसपेशियों में खिंचाव (हैमस्ट्रिंग) का शिकार हुए तेज गेंदबाज हर्षित राणा की फिटनेस कार्यक्रम पर सवाल उठने लगे हैं और शीर्ष सूत्रों के अनुसार रिहैबिलिटेशन के दौरान उनका वजन बढ़ गया था जिसकी वजह से शायद उन्हें यह चोट लगी। सूत्रों के मुताबिक इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे के टी20 चरण के लिए टीम से जुड़ने के समय 24 वर्षीय हर्षित का वजन बढ़ा हुआ था। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ दो और इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच खेले, लेकिन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सिर्फ पांच मैच के बाद ही उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा। बीसीसीआई ने तब विज्ञप्ति में कहा था, ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान हर्षित राणा को दाहिनी पैर में अचानक दर्द महसूस हुआ। बाद में कराई गई स्कैन जांच में ग्रेड-। हैमस्ट्रिंग चोट की पुष्टि हुई। इस चोट के कारण वह तीन मैच की वनडे श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए जबकि इसमें उनके अहम भूमिका निभाने की उम्मीद थी। हालांकि गौतम गंभीर के टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयन समिति के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है कि घुटने की सर्जरी, रिहैब और बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिटर्न टू प्ले प्रोटोकॉल पूरी करने के बावजूद हर्षित का वजन क्यों बढ़ गया।

## राजस्थान रॉयल्स को छोड़ना भावनात्मक रूप से मुश्किल था : संजू सैमसन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने खुलासा किया कि राजस्थान रॉयल्स से एक दशक से अधिक समय तक जुड़े रहने के बाद इस आईपीएल फ्रेंचाइजी को छोड़ना उनके करियर के सबसे मुश्किल फैसलों में से एक था।

हालांकि महेंद्र सिंह धोनी और रुतुराज गायकवाड़ के साथ उनके मजबूत रिश्ते ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में उनका सफर आसान बना दिया। सैमसन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले ट्रेड के जरिए सीएसके में शामिल हुए। पांच वर्षों तक राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करने वाले इस खिलाड़ी ने जियोस्टार के कार्यक्रम सुपरस्टार्स में कहा, राजस्थान रॉयल्स से आगे बढ़ना मेरे लिए बहुत बड़ा फैसला था।

जब आप किसी टीम के लिए लंबे समय तक खेलते हैं, तो आपको लगने लगता है कि यह आपकी टीम है और कोई आपको यहां से नहीं हटा सकता। लेकिन मुझे हमेशा यह अहसास था कि हर किसी का एक जगह पर समय सीमित होता है। उन्होंने कहा, आप अपना काम करते हैं और फिर आगे बढ़ जाते हैं।

## पुजारा ने भारत में अधिक जीवंत विकेट तैयार करने की वकालत की

नयी दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने भारत में अधिक जीवंत विकेट बनाने की वकालत की ताकि उससे गेंदबाजों को भी मदद मिल सके क्योंकि भारतीय बल्लेबाज इंग्लैंड जैसे देशों में तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर जूझ रहे हैं। भारतीय बल्लेबाजों को उछाल और गति का सामना करने में काफी परेशानी हुई और बेलफास्ट में कम रैंकिंग वाली आयरलैंड से 0-2 से हारने के बाद उसे इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 0-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय बल्लेबाजों ने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन ब्रिटेन दौरे में वह परिस्थितियों से तालमेल बिठाने में नाकाम रहे।

## लॉर्ड्स में ऐतिहासिक जीत, क्रांति गौड़ को किया सम्मानित

एजेंसी



भोपाल। मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बृहस्पतिवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की इंग्लैंड पर लॉर्ड्स में ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को सम्मानित किया। मध्यप्रदेश की रहने वाली क्रांति गौड़ ने टेस्ट मैच में कुल सात विकेट लेकर भारत की 270 रन की शानदार जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सारंग ने यहां टीटी नगर स्टेडियम में क्रांति गौड़ से मुलाकात की और कहा कि उन्होंने मध्यप्रदेश का ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा, क्रांति की यह उपलब्धि प्रदेश की बेटियों और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर क्रांति गौड़ ने कहा, लॉर्ड्स में भारत की जीत का हिस्सा बनना मेरे और मेरे परिवार के जीवन का सबसे बड़ा क्षण है। उन्होंने कहा कि लॉर्ड्स के प्रतिष्ठित ऑनर्स बोर्ड पर अपना नाम अंकित देखकर उन्होंने तुरंत वीडियो कॉल के माध्यम से यह ऐतिहासिक पल अपने परिवार के साथ साझा किया। क्रांति ने कहा, हर क्रिकेटर का सपना होता है कि उसका नाम ऑनर्स बोर्ड पर दर्ज हो। वहां अपना नाम दर्ज कराने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर होने पर मैं गौरवान्वित हूं। यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि मेरे परिवार, मेरे प्रशिक्षकों, मध्यप्रदेश और पूरे देश की है।

### वनडे में स्मृति, टी20 में शेफाली को कप्तान बनाने के पक्ष में मिताली

नयी दिल्ली। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज का मानना है कि हरमनप्रीत कौर के बाद स्मृति मंधाना को वनडे क्रिकेट में और शेफाली वर्मा को टी20 में भारत की कप्तानी सौंपी जानी चाहिये। सैंतीस वर्ष की हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप जीता लेकिन 2018 से अब तक टी20 प्रारूप में आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत सकी है। मिताली ने पीटीआई से बातचीत में कहा, हम लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सके लेकिन सिर्फ इसी आधार पर यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि कप्तान बदलने की जरूरत है। मेरा मानना है कि कई मानदंडों को देखना चाहिये कि खिलाड़ी उन पर खराब उतरा है या नहीं।

## फीफा विश्व कप : अर्जेंटीना का मुकाबला स्पेन से



एजेंसी

न्यूयॉर्क। विश्व कप फाइनल के लिए मंच सज चुका है जिसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण वाली टीम अर्जेंटीना का सामना स्पेन की उस टीम से होगा जिसकी रक्षापंक्ति की मजबूती का कोई सानी नहीं है। खिताबी मुकाबले में खेल की दो अलग-अलग शैलियों का टकराव देखने को मिलेगा। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना रविवार को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में स्पेन की मजबूत रक्षात्मक टीम से भिड़ेंगे। स्पेन के पास मेस्सी को टक्कर देने के लिए लामिन यामल के रूप में युवा स्ट्राइकर है। स्पेन ने मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में फ्रांस को हराया।

इस टूर्नामेंट में वापसी करने में माहिर अर्जेंटीना ने बुधवार को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर जीत हासिल की। अर्जेंटीना अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है और ब्राजील के बाद लगातार दो बार विश्व कप चैंपियन बनने की ओर अग्रसर है, जिसने 1958 और 1962 में यह उपलब्धि हासिल की थी। स्पेन 2010 में जीतने के बाद अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है। अर्जेंटीना ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 19 गोल किए हैं जबकि टूर्नामेंट में सबसे कम गोल खाने के मामले में स्पेन सबसे आगे है। उसने सिर्फ एक गोल खाया है। दक्षिण अमेरिकी चैंपियन अर्जेंटीना और यूरोपीय चैंपियन स्पेन को मार्च के अंत में कतर के दोहा में फाइनलिस्सिमा में एक दूसरे का मुकाबला करना था लेकिन मध्य पूर्व में जारी जंग के कारण यह मैच नहीं हो पाया। और अब संयोग देखिए कि विश्व कप फाइनल में यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी। यह फुटबॉल के वर्तमान और भविष्य के बीच एक मुकाबला होगा। साथ ही उन टीमों के बीच भी मुकाबला होगा जो विश्व कप से पहले फीफा की विश्व रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर काबिज थीं - अर्जेंटीना नंबर एक और स्पेन नंबर दो पर।

साल 2007 में ली गई एक मशहूर तस्वीर है जब मेस्सी यूनिसेफ के एक कार्यक्रम का हिस्सा थे और उन्होंने एक बच्चे के साथ पोज दिया था। वह बच्चा कोई और नहीं बल्कि यामल है जो अब अपने आदर्श खिलाड़ी को टक्कर देने के लिए तैयार है।



स्पेन ने फाइनल तक के सफर में छह जीत हासिल की और एक ड्रॉ खेला। उसने अब तक 13 गोल किए हैं और केवल एक गोल खाया है। स्पेन ने ग्रुप चरण में केप वर्दे से गोल रहित ड्रॉ खेलने के बाद सऊदी अरब को 4-0 से और उरुग्वे को 1-0 से हराया।

उसने नॉकआउट चरण में ऑस्ट्रिया को 3-0 से, पुर्तगाल को 1-0 से, बेल्जियम को 2-1 से, फ्रांस को 2-0 से हराया। अर्जेंटीना अपने सभी सात मैच जीत कर फाइनल तक पहुंचा है। उसने अब तक 19 गोल किए हैं और सात गोल खाए हैं। अर्जेंटीना ने ग्रुप चरण में अल्जीरिया को 3-0 से, ऑस्ट्रिया को 2-0 से और जॉर्डन को 3-1से हराया। उसने नॉकआउट चरण में केप वर्दे को 3-2 से, मिस्र को 3-2 से, स्विट्जरलैंड को 3-1 से और इंग्लैंड को 2-1 से हराया। वहीं दूसरी ओर कप्तान लियोनल मेस्सी ने पहले हाफ में जूझने के बाद दूसरे हाफ के अंतिम लम्हों में अपना जलवा बिखेरा और दो गोल करने में मदद की जिससे गत चैंपियन अर्जेन्टीना ने बुधवार को यहां फुटबॉल विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की। लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रवेश करने वाला तीन बार का चैंपियन अर्जेन्टीना रविवार को न्यूजर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में होने वाले फाइनल में 2010 के चैंपियन स्पेन से भिड़ेगा और 1958 तथा 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दो विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बनने का प्रयास करेगा।

### बराड़ को चेतावनी और एक डिमैरिट अंक दिया

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में खेले गए पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच दौरान अनुचित और खतरनाक तरीके से गेंद फेंकने के लिए चेतावनी दी है और उनके खाते में एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया है। बराड़ को आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2-9 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो लेवल एक का अपराध है। आईसीसी ने बयान में कहा, इसके अलावा बराड़ के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया है। यह उनका पिछले 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था।

## एएफसी : भारत महिला टीम का मुकाबला इराक व सीरिया से

एजेंसी

कुआलालंपुर। भारतीय अंडर17 महिला फुटबॉल टीम को पांच से 11 अक्टूबर तक यहां होने वाले एएफसी अंडर17 एशियाई कप क्वालीफायर में मलेशिया, सीरिया और इराक के साथ ग्रुप ई में रखा गया है।


एशियाई फुटबॉल महासंघ (एएफसी) हाउस में बृहस्पतिवार को ड्रॉ निकाला गया। भारत अपने अभियान की शुरुआत इराक के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह सीरिया और मलेशिया का सामना करेगा। ग्रुप की विजेता टीम अगले वर्ष 31 मार्च से 17 अप्रैल तक चीन के सूज़ौ में होने वाले अंडर17 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करेगी।

भारत ने पिछली बार इस प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी। पिछली चैंपियनशिप में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीम मौजूदा चैंपियन उत्तर कोरिया, उपविजेता जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीन ने प्रतियोगिता के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है। उनके साथ क्वालीफायर में आठ ग्रुप की विजेता टीम भाग लेगी। महिला एशियाई कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमें अगले साल मोरक्को में होने वाले फीफा अंडर17 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## एशियाई खेलों के लिए तैयार है शूटर सोनम मस्कर

एजेंसी

नयी दिल्ली। कभी शौकिया तौर पर निशानेबाजी अपनाने वाली कोल्हापुर की सोनम उत्तम मस्कर अब इस साल सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। इस 23 वर्षीय 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज ने 2024 में विभिन्न प्रतियोगिताओं में तीन रजत पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई।



इसमें नयी दिल्ली में आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में उनका शानदार प्रदर्शन भी शामिल है। सोनम चीन के हांगझोऊ में 20 जुलाई से शुरू होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप और उसके बाद सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में भी यह लय बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सोनम ने कहा, मुझे शुरू से ही खेलों में दिलचस्पी थी और मैं शतरंज भी खेलती थी। मैं कुछ अलग करना चाहती थी, इसलिए मैंने शौकिया रूप में निशानेबाजी शुरू की। लेकिन जल्द ही यह एक ऐसा शौक बन गया जिसे मैं अपना करियर बनाना चाहती थी।

सोनम ने मुंबई में कॉमर्स की पढ़ाई के दौरान 2018 में पहली बार राइफल उठाई थी। कोविड-19 महामारी और इसके कारण उनके परिवार पर पड़े आर्थिक दबाव से इसमें बाधा भी आई। उन्होंने 2021 में कोल्हापुर शूटिंग रेंज में गंभीरता से प्रशिक्षण फिर से शुरू किया। उन्होंने कहा, एक समय ऐसा था जब हम आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे थे, खासकर लॉकडाउन के दौरान। जब यह स्पष्ट हो गया कि मुझे अपने खुद के उपकरण की जरूरत है तो मेरे पिता ने कुछ संपत्ति बेच दी।

# 5470 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे मोदी

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई को पंजाब के दौरे पर 5,470 करोड़ रुपये की रेल और सड़क अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम जालंधर में आयोजित होगा। इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में संपर्क व्यवस्था को मजबूत करना, यात्रियों की सुविधाओं में सुधार करना और आर्थिक विकास को गति देना है। इस वर्ष फरवरी में डेरा सचखंड बल्लां के दौरे के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी का जालंधर का दूसरा दौरा होगा। वर्ष 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा अपने दम पर लड़ने की तैयारी के बीच प्रधानमंत्री का यह दौरा राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बृहस्पतिवार को जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए जालंधर को ड्रोन उड़ान के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया है। प्रधानमंत्री शुक्रवार को जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित 75 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। लगभग 1,570 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इन स्टेशनों को आधुनिक और यात्री-अनुकूल सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। विरासत भी, विकास भी की भावना के अनुरूप इन स्टेशनों के पुनर्विकास में स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला की झलक भी शामिल की गई है। पंजाब के जिन चार स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया है, उनमें जालंधर कैंट, एस.ए.एस. नगर (मोहाली), श्री मुक्तसर साहिब और श्री आनंदपुर साहिब शामिल हैं। प्रधानमंत्री नंगल बांध-तलवाड़ा-मुकेरियां नयी रेल लाइन परियोजना के



तहत लगभग 830 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दौलतपुर चौक-करतोली नयी रेल लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, इससे पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा तथा होशियारपुर और ऊना जिलों को विशेष लाभ मिलेगा। यह नयी रेल लाइन श्री आनंदपुर साहिब और माता चिंतपूर्णी मंदिर जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों तक बेहतर संपर्क उपलब्ध कराएगी। साथ ही दूरदराज के क्षेत्रों तक तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय रेल सेवा पहुंचाने में भी मदद करेगी। प्रधानमंत्री करतोली-अंबाला रेल सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच रेल संपर्क बेहतर होगा। इसके अलावा वह अमृतसर (छेहरटा)-वाराणसी रेल सेवा की भी शुरुआत करेंगे, जिससे देश के दो प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्रों के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित होगा। प्रधानमंत्री 3,070 करोड़ रुपये से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि वह चार लेन वाले दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के 30.9 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड पैकेज-6 का उद्घाटन करेंगे। इससे विशेष रूप से भारी वाहनों की आवाजाही आसान और तेज होगी, साथ ही ईंधन की खपत और परिचालन लागत में कमी आएगी। प्रधानमंत्री 25.2 किलोमीटर लंबे छह लेन वाले ग्रीनफील्ड दक्षिणी लुधियाना बाईपास की आधारशिला भी रखेंगे। इससे लुधियाना और बठिंडा के बीच यात्रा की दूरी और समय कम होगा तथा अन्य प्रमुख आर्थिक केंद्रों से संपर्क भी बेहतर होगा।

# दिल्ली को शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा: रेखा



नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि स्कूली बच्चों में राष्ट्र देवो भव की भावना पैदा की जानी चाहिए ताकि वे इसे उच्च शिक्षा में आगे लेकर जा सकें और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकें।

दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह कॉलेज के हीरक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि देशभक्ति का अर्थ समझने वाले लोग ही देश को आगे ले जा सकते हैं और यह विकसित भारत के दृष्टिकोण में योगदान देगा। गुप्ता ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक कॉलेज को अपने आसपास की बस्तियों से जुड़कर वहां के बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने का प्रयास करना चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के बारे में गुप्ता ने कहा, हमें अवसर विकसित करने होंगे ताकि छात्रों को देश के भीतर अच्छी शिक्षा मिल सके और दिल्ली इसका केंद्र बन सके। हम दिल्ली को शिक्षा के एक केंद्र के रूप में विकसित करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के प्रस्तावित नए परिसर में दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए भी छात्रावास विकसित करने की योजना है। गुप्ता ने शहीद भगत सिंह कॉलेज को स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय पिछले छह दशकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को आत्मसात करते हुए विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रथम की भावना का विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी युवा शक्ति और शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करती है और इसमें शहीद भगत सिंह कॉलेज जैसे संस्थान देश के भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने साल भर चलने वाले हीरक जयंती कार्यक्रमों के कैलेंडर और कॉलेज के डिजिटल आर्काइव्स के क्यूआर कोड का अनावरण भी किया।

## संक्षेप

### ब्राजील के कुछ उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगायेगा अमेरिका

वॉशिंगटन। अमेरिका ने दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ब्राजील की कुछ व्यापारिक नीतियों को अनुचित करार देते हुए वहां से आयातित कुछ उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया है। यह शुल्क 22 जुलाई से प्रभावी होगा। आदेश के तहत ऐसे उत्पादों को शुल्क से छूट दी गई है, जिनका उत्पादन अमेरिका में नहीं होता या जिन पर शुल्क लगाने से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने की आशंका है। इन उत्पादों में कॉफी, गोमांस, संतरा और संतरे का रस, तेल एवं गैस क्षेत्र के कुछ ऊर्जा उत्पाद तथा एयरोस्पेस क्षेत्र के कलपुर्जे व घटक शामिल हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कार्यालय ने एक वर्ष तक चली जांच के बाद निष्कर्ष निकाला कि ब्राजील में भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों का कमजोर अनुपालन, अनुचित शुल्क तथा अन्य ऐसी व्यापारिक नीतियां हैं जिन्हें अनुचित एवं अव्यावहारिक माना गया। अमेरिका का ब्राजील के साथ वस्तु व्यापार में कई वर्षों से अधिशेष बना हुआ है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने बयान में कहा कि अमेरिकी कामगारों और कंपनियों के लिए समान प्रतिस्पर्धी अवसर सुनिश्चित करने के लिए यह कदम आवश्यक है।

# यूएनएससी में भारत की दावेदारी पर गौर किया है : चीन

बीजिंग। चीन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने 2028-29 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अस्थायी सदस्यता हासिल करने की भारत की दावेदारी से जुड़ी प्रासंगिक खबरों पर गौर किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता के लिए भारत के आधिकारिक प्रचार अभियान की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के राजदूत, राजनयिक और अधिकारी शामिल हुए थे।

जयशंकर ने अपने संबोधन में कहा था कि संयुक्त राष्ट्र के प्रति भारत का दृष्टिकोण शांति अर्थात मानदंडों, विश्वास और सत्यनिष्ठा के जरिये समग्र प्रगति सुनिश्चित करने पर आधारित है। उन्होंने सुरक्षा परिषद में भारत के संभावित कार्यकाल की प्राथमिकताओं का भी विस्तार से उल्लेख किया था।



सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता के लिए चुनाव लड़ने की भारत की घोषणा पर चीन के रुख के बारे में पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन ने इससे जुड़ी खबरों पर गौर किया है। चीन सुरक्षा परिषद के वीटो अधिकार प्राप्त पांच स्थायी सदस्यों में शामिल है लेकिन उसने अभी तक भारत की दावेदारी का समर्थन नहीं किया है। इसके विपरीत, पांच स्थायी सदस्यों में शामिल अन्य चार देश-अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और फ्रांस-सुधार के बाद गठित होने वाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का स्पष्ट रूप से समर्थन कर चुके हैं। सुरक्षा परिषद में 2028-29 के कार्यकाल के लिए चुनाव अगले साल जून में होंगे। इसमें एशिया-प्रशांत समूह की एकमात्र सीट के लिए भारत और ताजिकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। भारत पिछली बार 2021-22 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य बना था। यह संयुक्त राष्ट्र के 15 सदस्यीय इस शक्तिशाली निकाय में भारत का आठवां कार्यकाल था। इससे पहले भारत 1950-1951, 1967-1968, 1972-1973, 1977-1978, 1984-1985, 1991-1992 और 2011-2012 में सुरक्षा परिषद का सदस्य रह चुका है।

# कांग्रेस राम मंदिर, पेपर लीक और एथनॉल के मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी में

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को फैसला किया कि वह संसद के आगामी मानसून सत्र में केंद्र सरकार को शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी अनियमितता, पेपर लीक, राम मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी, एथनॉल से जुड़े विषय तथा कई अन्य मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगेगी।

पार्टी का यह भी कहना है कि वह इस सत्र में विदेश नीति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यकों के अधिकारों से जुड़े विषय प्रमुखता से उठाएगी। पार्टी की संसदीय रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास 10, जनपथ पर बृहस्पतिवार पूर्वाह्न एक बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल, राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि चंदा चोरीआस्था से धोखा, प्रश्नपत्र लीक और शिक्षा व्यवस्था का सुनियोजित पतन, संस्थानों पर कब्जा, राजनीतिक दलों को तोड़ना, अनेक घोटाले और भ्रष्टाचार के आरोप, कमरतोड़ महंगाई, विदेश नीति की विफलताएं और रणनीतिक भूलें, 3.5 करोड़ वाहन मालिकों पर एथेनॉल मिश्रण (ब्लेंडिंग) थोपना, बेलगाम वनों की कटाई तथा एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर लगातार हमले ऐसे प्रमुख मुद्दे हैं।

# आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक बढ़ाकर 384 किया

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने अचल संपत्ति, प्रतिभूतियों और आभूषणों की बिक्री पर होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना के लिए चालू वित्त वर्ष का लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) बढ़ा दिया है। करदाता पूंजीगत परिसंपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की गणना मुद्रास्फीति के प्रभाव के समायोजन के बाद करने के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) का उपयोग करते हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की अधिसूचना के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक 384 निर्धारित किया गया है।

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह सूचकांक 376 था। लागत मुद्रास्फीति सूचकांक की वार्षिक अधिसूचना यह दर्शाती है कि नई कर व्यवस्था के तहत जहां भी सूचकांकण (इंडेक्सेशन) का लाभ जारी है, वहां सरकार मुद्रास्फीति समायोजन की निष्पक्ष व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे करदाताओं, मूल्यांकनकर्ताओं और कर विशेषज्ञों को सूचीकृत लागत की गणना में स्पष्टता मिलती है और व्याख्या से जुड़े विवाद कम होते हैं। लागत मुद्रास्फीति सूचकांक की अधिसूचना आयकर अधिनियम, 1961 के तहत हर वर्ष जारी की जाती है। इसका उपयोग किसी पूंजीगत परिसंपत्ति की बिक्री पर पूंजीगत लाभ की गणना करते समय सूचकांकित अधिग्रहण लागत निर्धारित करने के लिए किया जाता है। आमतौर पर किसी परिसंपत्ति को दीर्घकालिक पूंजीगत परिसंपत्ति की श्रेणी में आने के लिए 36 महीने से अधिक समय तक रखा जाना आवश्यक होता है।

# देश में 100 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आये

नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश में सामाजिक सुरक्षा का दायरा 2015 के 25 करोड़ लोगों से बढ़कर 2026 में 100 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंच गया है। मंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा देश की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को मिली महत्वपूर्ण मान्यता का उल्लेख किया।

मांडविया ने लिखा, भारत ने सामाजिक सुरक्षा के विस्तार में एक अरब (100 करोड़) का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा दायरे के विस्तार के लिए भारत के प्रयासों को मान्यता देने पर आईएलओ के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. हौंगबो का आभार व्यक्त किया। मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सामाजिक सुरक्षा दायरा 2015 के 25 करोड़ नागरिकों (19 प्रतिशत) से



बढ़कर 2026 में 100 करोड़ से अधिक नागरिकों (68.4 प्रतिशत) तक पहुंच गया है। यह सबका साथ, सबका विकास के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इन आंकड़ों के अनुसार, भारत ने एक दशक से कुछ अधिक समय में अपनी आबादी के पांचवें हिस्से से भी कम लोगों तक सीमित सामाजिक सुरक्षा दायरे को बढ़ाकर दो-तिहाई से अधिक आबादी तक पहुंचा दिया है, जो दुनिया में सामाजिक सुरक्षा के सबसे तेज विस्तारों में से एक है। आईएलओ के अनुसार, वर्ष 2025 तक सामाजिक सुरक्षा दायरा 2015 के 19 प्रतिशत से बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गया था और 94 करोड़ से अधिक नागरिक इसके दायरे में आ चुके थे। इसी उपलब्धि के लिए भारत को अक्टूबर, 2025 में मलेशिया में अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (आईएसएसए) पुरस्कार-2025 के तहत सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि सम्मान प्रदान किया गया था। भारत की ब्रिक्स-2026 अध्यक्षता के तहत हैदराबाद में आयोजित 12वीं ब्रिक्स श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक के लिए भेजे गए वीडियो संदेश में आईएलओ के महानिदेशक ने बुधवार को भारत की इस नई उपलब्धि को औपचारिक मान्यता दी।

## इंटरटेनमेंट...

# 'दुल्हनिया ले आयेगी' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** आकाशादित्य लामा की फिल्म 'दुल्हनिया ले आएगी' का ट्रेलर रिलीज हो गया। कॉमेडी, रोमांस, पारिवारिक रिश्तों और शादी की अफरा-तफरी से भरपूर यह ट्रेलर एक ऐसी फैमिली एंटरटेनर की झलक दिखाता है, जिसमें हंसी के साथ-साथ इमोशंस और कई मजेदार ट्विस्ट भी देखने को मिलेंगे। फिल्म में खुशाली कुमार, महेश मांजरेकर और पीयूष मिश्रा दिखाई देंगे। फिल्म में

**कहानी में मजेदार ट्विस्ट और फैमिली ड्रामा**

शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की रूमर्ड गर्लफ्रेंड लारिसा बोन्सी भी नजर आएंगी। बता दें कि सिद्धार्थ बनर्जी, आकाशादित्य लामा और विकास अग्रवाल द्वारा प्रोड्यूस की गई 'दुल्हनिया ले आएगी' 24 जुलाई, 2026 को थिएटर में रिलीज होगी। लारिसा बोन्सी 'गो गोवा गॉन', 'थिक्का' (तेलुगु), और 'नेक्स्ट एनी?' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। फिल्म की कहानी एक ऐसी दुल्हन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके सामने समय की बड़ी चुनौती है। इसी डेडलाइन के बीच उसकी जिंदगी में कई संभावित दूल्हों की एंट्री होती है और शुरू हो जाता है दूल्हों की



तलाश का ऐसा मजेदार सिलसिला, जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का वादा करता है। शादी के रंगों और उत्सव से सजा इसका माहौल फिल्म को और भी आकर्षक बनाता है। फिल्म के ट्रेलर को लेकर डायरेक्टर आकाशादित्य लामा ने कहा, हर शादी में ड्रामा होता है, लेकिन 'दुल्हनिया ले आएगी' में यह ड्रामा फेरों से पहले ही शुरू हो जाता है। हमारी कोशिश थी कि ट्रेलर देखने के बाद दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान हो और साथ ही उनके मन में यह जानने की उत्सुकता भी बनी रहे कि आगे क्या होने वाला है। यह तेज रफ्तार, मजेदार, इमोशनल और ऐसे किरदारों से भरी फिल्म है, जिनसे दर्शक आसानी से जुड़ जाएंगे। यह पूरी तरह से एक फैमिली एंटरटेनर है और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे देखकर उतना ही आनंद लेंगे, जितना हमें इसे बनाने में आया।

आकाशादित्य लामा ने अपने करियर के शुरूआती दौर में प्रियदर्शन के साथ सहायक के रूप में काम किया था और उनसे निर्देशन की बारीकियां सीखी थीं। एक्ट्रेस खुशाली कुमार ने कहा, यह मेरे करियर के सबसे मनोरंजक किरदारों में से एक है। वह कॉन्फिडेंट है, अनप्रिडिक्टेबल है और हर पल सबको सरप्राइज करती रहती है। ट्रेलर में फिल्म की एनर्जी और मस्ती भरे नेचर को खूबसूरती से दिखाया गया है। अब मैं ऑडियंस को उसकी पूरी कहानी बड़े पर्दे पर देखने का इंतजार नहीं कर सकती। महेश मांजरेकर ने फिल्म के बारे में कहा, 'दुल्हनिया ले आएगी' की सबसे खास बात इसकी सादगी और ईमानदारी है।

### 1971 के रहस्यमयी नागरवाला केस पर फिल्म बनायेंगे जॉन


**मुंबई।** जॉन अब्राहम पिछले कुछ वर्षों से अपनी फिल्मों के चुनाव में बड़ा बदलाव करते नजर आ रहे हैं। मसाला एक्शन फिल्मों से अलग अब उनका झुकाव रियल-लाइफ घटनाओं और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर बेस्ड कहानियों की ओर है। जॉन अब्राहम की फिल्म 'नागरवाला' एक बार फिर चर्चा में है। जानकारी के मुताबिक 'केके मेनन अब इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं और उनकी जगह नए कलाकार की तलाश जारी है। वहीं, विजय सेतुपति की 'ऑपरेशन गंगा' पर भी काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। फिल्म की स्क्रिप्ट और रिसर्च वर्क लगभग पूरा हो चुका है तथा जल्द ही प्री-प्रोडक्शन की अगली प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। जहां 'नागरवाला' अभी शुरूआती डेवलपमेंट फेज में है।

# 'प्रहार, द उज्ज्वल निकम स्टोरी' जल्द होगी रिलीज

**मुंबई।** निकम के मुताबिक, राजकुमार की दिलचस्पी संवाद याद करने से ज्यादा उस व्यक्तित्व को समझने में थी, जिसे उन्हें परदे पर जीना था। राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'प्रहारः द उज्ज्वल निकम स्टोरी' जल्द ही रिलीज होगी। उज्ज्वल निकम बताते हैं कि ह्राजकुमार राव ने पारंपरिक रिसर्च की तरह लगातार सवाल नहीं पूछे। वह लंबे समय तक सामने बैठकर केवल यह देखते थे कि मैं कैसे बैठता हूं, फाइल कैसे पकड़ता हूं और अदालत में बहस करते समय हाथों का इस्तेमाल कैसे करता हूं। राजकुमार ने मेरी नकल नहीं की, बल्कि पूरी बॉडी लैंग्वेज को आत्मसात किया। उन्होंने मुझसे सवाल कम पूछे, लेकिन मेरी हर सूक्ष्म बारिकियों को बखूबी पकड़ा। निकम के मुताबिक, राजकुमार की दिलचस्पी संवाद याद करने से ज्यादा उस व्यक्तित्व को समझने में थी, जिसे उन्हें परदे पर जीना था। वह रियल लाइफ में इंट्रोवर्ट हैं लेकिन किरदार की तैयार के लिहाज से की जाने वाली हर चीज जेहन में दर्ज करते जाते हैं।

**निकम - राजकुमार ने मेरी नकल नहीं की, पूरी बॉडी लैंग्वेज आत्मसात की**

# सोनम वांगचुक के समर्थन में आईं सोनाक्षी सिन्हा



**मुंबई।** एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को लेकर सोनाक्षी सिन्हा ने कहा कि वह भी इस देश की युवा हैं, वह भी देश का भला चाहती हैं। वह कोई एंटी-नेशनल नहीं हैं, फिर वह क्यों चुप रहें? वहीं, एक्टर अतुल कुलकर्णी ने सोनम वांगचुक के समर्थन में एक दिन का उपवास रखने का ऐलान किया। वहीं, कॉमेडियन समय रैना भी वांगचुक के समर्थन में आए। अतुल कुलकर्णी ने कहा कि वह 16 जुलाई को अपने घर पर दिनभर का उपवास करेंगे। अतुल ने कहा कि इसका मकसद सोनम वांगचुक और उनके साथियों के दर्द को महसूस करना और सरकार से संवेदनशीलता दिखाने की अपील करना है। अतुल ने लोगों से भी एक दिन का उपवास रखने की अपील की। सोनम वांगचुक ठएएळ पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन में शामिल होकर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। वांगचुक की भूख हड़ताल का आज यानी 16 जुलाई को 19वां दिन है।

**'मैं कोई एंटी-नेशनल नहीं हूं'**
**मर जायेंगे, तब क्या आप जागेंगे? समय रैना ने भी किया पोस्ट**

उनकी हड़ताल को लेकर अब बॉलीवुड के कई कलाकारों ने पब्लिकली अपना समर्थन जताया। एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने आज इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कहा कि उन्होंने पहले कभी इस तरह सार्वजनिक बयान नहीं दिया, लेकिन इस बार चुप रहना संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि सोनम वांगचुक देश के लिए किए गए अपने कार्यों और उपलब्धियों के लिए जाने जाते हैं। उनके अनुसार, वांगचुक उन छात्रों के भविष्य के लिए अनशन कर रहे हैं, जिन्हें वे संकट में मानते हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com